सुप्रभात
रांची, शनिवार
31.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 168



12 जिस स्टेडियम में कभी खेले थे पेले, वहीं होगा अंतिम संस्कार

## न्यूज डायरी

### नौ आइपीएस को मिला सेलेक्शन ग्रेड प्रमोशन

**रांची।** झारखंड कैडर के 2010 बैच के नौ आईपीएस अधिकारियों को सलेक्शन ग्रेड के वेतनमान लेवल 13 ऑफ पे मैट्रिक प्रमोशन दिया गया है। इन आइपीएस अधिकारियों में वाईएस रमेश, कार्तिक एस, सुरेंद्र कुमार झा, मनोज रतन चौथे, संध्या रानी मेहता, धनंजय कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिन्हा, शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल और कुमार रविशंकर शामिल हैं। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।अधिसूचना में कहा गया है कि प्रोन्नति के फलस्वरुप पदाधिकारियों का वर्तमान पदस्थापन प्रभावित नहीं होगा।

### ट्रेलर की चपेट में आने से दो युवक की मौत

**सिमडेगा।** ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल का सदर अस्पताल में इलाज किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक बुलेट में सवार होकर तीन युवक सिमडेगा से ठेठईटांगर की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से ट्रेलर ठेठईटांगर से सिमडेगा की ओर आ रही थी। अर्जुनडोड़ा मोड़ में बुलेट स्कीट कर गयी। उक्त घटना में बुलेट में सवार दो युवक रोड में गिर गये। जबकि एक युवक रोड के किनारे फेंका गया। रोड में गिरे हुए दोनों युवक ट्रेलर की चपेट में आ गए। एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। दो घायल युवकों को पुलिस सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल लाने के क्रम में गंभीर रूप से घायल के एक अन्य युवक की भी मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बुधरा टोली निवासी विनीत डुंगडुंग और बोलबा थाना इलाके के अलिंगुड़ निवासी सोनू डुंगडुंग के रूप में हुई है।

### झारखंड में कोरोना के चार एक्टिव केस

**रांची।** झारखंड में कोरोना के चार एक्टिव केस है। खूंटी में एक नया मरीज मिला है। राज्य में कुल दो करोड़,0 29 लाख,0 66 हजार,0 316 सैंपल की जांच की गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को बताया कि राज्य में कोरोना के चार एक्टिव केस है। इनमें पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) से दो, गढ़वा से एक और खूंटी में एक शामिल है।

### सूर्य सिंह बेसरा को जान का खतरा

**घाटशिला।** घाटशिला के पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने अपनी जान को खतरा बताया है। अलग झारखंड राज्य की लड़ाई में बिहार विधानसभा से इस्तीफा देकर वह देशभर में चर्चा में आये थे। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में जिसने सत्ता को चुनौती देकर प्रदेश से लेकर दिल्ली दरबार तक आवाज बुलंद की थी, आज वह लीडर अलग राज्य निर्माण के बाद अपनी जान को खतरा बता रहा है।

### आज से सुधा दूध 56 रुपये लीटर मिलेगा

**रांची।** सुधा दूध की कीमत में बढ़ोतरी की गयी है। बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड की रांची इकाई ने कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। शनिवार से एक लीटर सुधा दूध ग्राहकों को 56 रुपये में मिलेगा जबकि आधा लीटर 28 रुपये और छह लीटर का कंटेनर 330 रुपये में ग्राहकों को उपलब्ध होगा। यह दर ग्राहकों के लिए तय की गयी है। रिटेलर को एक लीटर दूध 54 रुपये में मिलेगा। आधा लीटर दूध 27 रुपये और छह लीटर का कंटेनर 312 रुपये मिलेगा।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 51,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 72,500 रु./प्रति किलो |

# कल तक चार डिग्री गिरेगा तापमान, चलेगी शीतलहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड का मौसम नये साल से बदलने वाला है। मौसम विभाग केंद्र रांची ने बदलाव को लेकर पूवार्नुमान लगाया है। इसके मुताबिक रविवार से राज्य में शीतलहर चलने की संभावना है। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट होगी। राज्य में हवाओं ने रुख बदला है। धूप तेज जरूर लग रहा है लेकिन हवा में ठंडक भी है। यही ठंडक बढ़ेगी और शीतलहर में तब्दील होगी।

**उत्तर भारत में हुई बर्फबारी का असर :** उत्तर भारत में हुई भारी बर्फबारी की वजह से अब झारखंड के मौसम भी बदलाव संभव है। अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। सुबह में धुंध के साथ दिन में मौसम साफ रहेगा। ठंडी हवा चलने से शीतलहर भी चलने की संभावना है। झारखंड के उत्तर व मध्य भाग में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट आ रही है।

(शेष पेज 11 पर)



### लेस्लीगंज में ठंड से जैप जवान की मौत

नीलांबर पीतांबर प्रखंड के जैप 8 में शुक्रवार को सुबह एक आरक्षी जवान की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार आरक्षी मंटु रंजक की मौत ठंड लगने से हो गई है। वहीं परिजनों ने बताया कि वह काफी दिनों से बिमार चल रहा था शुगर बिपी के मरीज था। मृतक पलामू जिला के लालगढ़ के रहने वाला है। मृत्यु की खबर सुनकर मृतक के गांव से मृतक के पत्नी सुनीता देवी पिता जनेश्वर राम तथा मृतक के 11 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार तथा 9 वर्षीय अमित कुमार सहित कई परिजन जैप 8 मुख्यालय में पहुंचे। घटना स्थल पर थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि मृतक जवान का पंचनामा बनाकर

## एनजीसी की बैठक में पीएम के साथ ममता व हेमंत भी जुड़े

# गंगा की धारा को निर्मल व अविरल बनाने का संकल्प

### पीएम मोदी वर्चुअल तरीके से जुड़े, न आ पाने पर मांगी माफी

एजेंसी

**कोलकाता।** शुक्रवार की दोपहर कोलकाता में राष्ट्रीय गंगा परिषद (एनजीसी) की दूसरी बैठक में गंगा और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में गंगा की धारा को निर्मल और अविरल बनाने का संकल्प को दोहराया गया। बैठक की अध्यक्षता पीएम मोदी ने





वर्चुअल मोड की। दरअसल, पीएम मोदी इसमें शामिल होने वाले थे लेकिन सुबह उनके मां के देहांत के कारण वो वर्चुअली ही इस बैठक में शामिल हो पाये। इसके लिए उन्होंने बंगाल के लोगों से माफी मांगी। बैठक में वंगाल की सीएम ममता बनर्जी, झारखंड के हेमंत सोरेन समेत पांच राज्यों के सीएम व प्रतिनिधि मौजूद थे।

राष्ट्रीय गंगा परिषद को गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों के प्रदूषण निवारण और कायाकल्प के अधीक्षण के लिए समग्र जिम्मेदारी दी गयी है। नमामि गंगे कार्यक्रम एक एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा जून 2014 में राष्ट्रीय नदी गंगा के प्रदूषण, संरक्षण और कायाकल्प के प्रभावी उन्मूलन के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ 'फ्लैगशिप प्रोग्राम' के रूप में अनुमोदित किया गया है। पीएम ने पिछले दिनों मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि इस कार्यक्रम के सुपरिणाम आने लगे हैं तथा गंगा नदी में कछुए और मछलियों की संख्या में वृद्धि के साथ जैव विविधता बढ़ी है।

(शेष पेज 11 पर)

## सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने की साजिश विफल

# बगड़ू जंगल में मिला 200 बम, गोली और हथियार




खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** पुलिस और सीआरपीएफ का नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बगड़ू जंगल में सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने 200 आइडी बम, 500 गोली और हथियारों का जखीरा बरामद किया। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को विफल कर दिया है। बगड़ू थाना क्षेत्र के जंगल में शीर्ष नक्सली 15 लाख के ईनामी रवीन्द्र गंझू के दस्ते का साथ मुठभेड़ के बाद पुलिस को यह बड़ी कामयाबी मिली। गिरफ्तार उग्रवादी गोविंद बिरिजिया की निशानदेही पर हथियारों का ये जखीरा बरामद किया गया। एसपी आर राजकुमार के निर्देश पर बगड़ू जंगल में एक सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान उग्रवादियों के दस्ते से संयुक्त सुरक्षा बलों की भीषण गुरुवार को मुठभेड़ हुई। उसके बाद कोरगो जंगल में सर्च अभियान के दौरान दो उग्रवादी दबोचे गये। उसमें एक उग्रवादी जख्मी था।

(शेष पेज 11 पर)

## अमित शाह सात को आयेंगे चाईबासा



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात जनवरी को चाईबासा आयेंगे। शाह प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित राजनीतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

इसको लेकर पार्टी ने स्थानीय प्रशासन को सूचना दी है। गृहमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पार्टी की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। शाह के दौरे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकश समेत बाबूलाल मरांडी, कर्मवीर सिंह ने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान का शुक्रवार को जायजा लिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा सीट चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित कराने को लेकर अपनी बातें जनता के समक्ष रखेंगे। इसी के मद्देनजर भाजपा नेताओं ने चाईबासा का दौरा किया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नेताओं ने भाजपा पार्टी कार्यालय में एक बैठक कर कार्यक्रम की सफलता पर विचार-विमर्श किया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रणनीति तय की है। इसी सिलसिले में शाह का चाईबासा दौरा हो रहा है।

# भीषण हादसे में बाल-बाल बचे पंत, कार जल कर राख

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत उत्तराखंड के रुड़की में एक भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उन्हें देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना गंभीर था कि डिवाइडर से टकराने के बाद उनकी मार्सडीज कार आग के गोलों में तब्दील हो गयी। सौभाग्य से यह बहादुर खिलाड़ी घायल अवस्था में किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा। दिल्ली से अपने घर रूढ़की लौटते समय यह हादसा हुआ। पीएम मोदी और सीएम धामी ने ऋषभ पंत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। ऋषभ पंत की कार के हादसे का सीसीवीटी फुटेज सामने आया है, वह बेहद डरावना है। हादसे का वीडियो इतना भयानक है कि जो इसे देख रहा है





वो कांप जा रहा है। ऋषभ पंत झुलस गये हैं, लेकिन उनकी हालत गंभीर नहीं है। हादसे के वक्त ऋषभ पंत कार में अकेले थे। जिस प्लेयर को आपने हमेशा मैदान पर पसीना बहाते देखा। चौका-छक्का लगाते देखा। अगर अचानक किसी सुबह खून से लथपथ वह पड़ा मिले तो किसी का भी दिल धक्क से बैठ जायेगा। शुक्रवार की अल सुबह 5 बजे के आसपास ऋषभ पंत का भयानक एक्सिडेंट हो गया। दिल्ली-देहरादून हाइवे पर उनकी हाई स्पीड कार डिवाइडर में जा घुसी। हादसे में ऋषभ पंत बाल-बाल बचे। माथा, दाहिने घुटने का लिगामेंट, दाहिनी कलाई, टखना, पंजा और पीठ में गंभीर चोट है। इतनी चोटों के बाद वह मैदान पर वापसी कब कर पायेंगे, ये तो नहीं पता, लेकिन इतना जरूर पता है कि अपने पंत फाइटर हैं और ग्राउंड पर जल्दी लौटेंगे।

# गंगा में फिर जहाज डगमगाया कई ट्रक पलटे, एक चालक लापता

### झारखंड-बिहार पुलिस राहतकर्मी के साथ बचाव अभियान में

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** गंगा नदी के साहिबगंज गरम घाट पर एक मालवाहक जहाज का संतुलन बिगड़ने से एक ट्रक पानी में समा गया। ट्रक चालक भी लापता है। साहिबगंज-मनिहारी के बीच गंगा पुल का निर्माण कर रही दिलीप बिल्डकॉन कंपनी (डीबीएल) कंपनी के चार ट्रक जहाज पर लदे थे, जिसमें से तीन ट्रक जहाज पर ही पलट गये।

गंगा में समाए ट्रक का ड्राइवर भी लापता है। यह हादसा महादेवगंज स्थित शोभनपुर डीबीएल लोडिंग कास्टिंग यार्ड वन



गंगा किनारे घटी है। डीबीएल कंपनी के मैनेजर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि साहिबगंज से जहाज पर ट्रक चढ़ाया जा रहा था। इसी क्रम में तीन ट्रक चढ़ने के बाद चौथे ट्रक का टायर फट गया जिससे जोरदार धमाका हुआ और जहाज असंतुलित हो गया। कई ट्रक गंगा नदी में समा गया और तीन ट्रक जहाज पर ही गिरते गिरते बच गया। एक ट्रक गंगा में समा गया। गंगा में समाए ट्रक के ड्राइवर समसुद्दीन का पता नहीं चल रहा है। कंपनी लापता ट्रक ड्राइवर को ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर रही है। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुटी हैं। लापता ड्राइवर सरफुद्दीन अंसारी के परिजन ने बताया कि जहाज पहले से डैमेज थी।

(शेष पेज 11 पर)

# पंचतत्व में विलीन हुई हीरा बा, नम आंखों से मोदी ने दी मां को मुखाग्नि

## आम पुत्र की तरह दिया कंधा, चरणों में सिर रखकर भावुक हो गये

एजेंसी

**अहमदाबाद।** शुक्रवार को पीएम मोदी की मां हीरा बा का पार्थिव शरीर मुक्तिधाम शमशान घाट में पंचतत्व में विलीन हो गया। श्री मोदी ने अपने भाई के साथ नम अंखों से उन्हें मुखाग्नि दी। मोदी की मां हीराबेन का शुक्रवार को तड़के अहमदाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 100 वर्ष की थीं। हीरा बा का पार्थिव शरीर गांधीनगर के श्मशान घाट लाया गया।

जहां पूरे वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। मोदी और उनके भाईयों ने मां हीरा बा के पार्थिव शरीर के पंचतत्व में



विलीन होने से पहले उनके शरीर में घी का लेप किया। हीरा बा का पूरे हिन्दू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्री मोदी ने अपने भाई के साथ मां के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। मुखाग्नि देने के समय प्रधानमंत्री बहुत भावुक हो गए। अंत्येष्टि के दौरान गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल, राज्य सरकार के मंत्री, विधायकों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

(शेष पेज 11 पर)

### रमेश बैस और हेमंत सोरेन ने जताया शोक

पीएम मोदी की मां हीराबा के निधन पर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि निधन का समाचार सुनकर बहुत दुख हुआ। माता-पिता का निधन किसी के लिए भी अपूरणीय क्षति है। मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी दिवंगत आत्मा को शांति मिले।

## आम जनता को न्यू ईयर गिफ्ट

# छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बंपर इजाफा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने आम लोगों को नये साल 2023 का शानदार गिफ्ट दिया है। केंद्र सरकार ने एक जनवरी से डाकघर से जुड़ी प्रमुख बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी कर दी है। जिन योजनाओं की ब्याज दरें बढ़ायी गयी हैं उसमें राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र, डाक घर सावधि जमाओं और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना शामिल हैं।

लेकिन पीपीएफ की दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को डाकघर सावधि जमा, एनएससी और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित लघु बचत जमा योजनाओं पर ब्याज दरों में 1.1 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की। यह बढ़ोतरी एक जनवरी से लागू होगी। सरकार की यह वृद्धि हाल में ब्याज दरों में हुई बढ़ोतरी के अनुरूप है हालांकि, सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और बालिका बचत योजना 'सुकन्या समृद्धि' की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया गया है। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर एक जनवरी से सात फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। अभी यह 6.8 फीसदी है।

इसी तरह, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में मौजूदा 7.6 प्रतिशत के मुकाबले आठ प्रतिशत ब्याज मिलेगा। एक से पांच साल की अवधि की डाकघर सावधि जमा योजना पर ब्याज दरें 1.1 प्रतिशत तक बढ़ जायेंगी। मासिक आय योजना में भी 6.7 प्रतिशत की जगह अब 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।



- सावधि जमा, एनएससी और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित लघु बचत जमा योजनाओं पर ब्याज दरों में 1.1 प्रतिशत तक की वृद्धि
- यह बढ़ोतरी एक जनवरी से प्रभावी होगी

# अभिनेत्री हत्याकांड में देवर भी गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**कोलकाता।** झारखंड की अभिनेत्री-सिंगर और यूट्यूबर रिया कुमारी उर्फ ईशा आलिया हत्याकांड की जांच कर रही पश्चिम बंगाल पुलिस ने पीड़िता के पति प्रकाश कुमार के छोटे भाई संदीप कुमार को भी गिरफ्तार किया है। प्रकाश कुमार को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में बुधवार को कथित हाईवे डकैती के दौरान ईशा आलिया की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

रिया का पति प्रकाश कुमार, जो फिल्म निर्माता हैं, उसे रिया के परिवार के सदस्यों की शिकायत के बाद गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया था, परिवार ने शिकायत प्रकाश कुमार के भाई का भी जिक्र किया था।

अभिनेत्री रिया ने गरीबी के बाद देखा था स्टारडम। लव मैरिज करने वाला पति करता था मारपीट। देवर संदीप कुमार को शुक्रवार को हावड़ा जिले की निचली अदालत में पेश किया गया, सरकारी वकील ने उनके लिए पुलिस हिरासत की मांग की।

(शेष पेज 11 पर)

# रांची से चलने वाली कई ट्रेनें 3 से 9 जनवरी तक रहेंगी रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नये साल में रांची से चलने वाली कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे ने 3 से 9 जनवरी तक चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है। दरअसल चक्रधरपुर मंडल के बिरराजपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलांकिंग का काम होना है। जिसकी वजह से टाटानगर-हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस, टाटानगर-हटिया मेमू स्पेशल और टाटानगर-बरकाकाना-टाटानगर पैसेंजर स्पेशल ट्रेनें 6 दिनों तक रद्द रहेंगी। रांची रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सूचना जारी की है।



**ये ट्रेनें रहेंगी रद्द**

ट्रेन संख्या (18601/18602) : टाटानगर-हटिया -टाटानगर एक्सप्रेस (4 से 9 जनवरी तक रद्द), ट्रेन संख्या (08195) : टाटानगर-हटिया मेमू एक्सप्रेस (3 से 8 जनवरी तक रद्द), ट्रेन संख्या (08151/08152) : टाटानगर-बरकाकाना-टाटानगर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन (4 से 9 जनवरी तक रद्द), ट्रेन संख्या (08196) : हटिया-टाटानगर मेमू स्पेशल (3 से 8 जनवरी तक रद्द)।

**पुनदाग स्टेशन पर 1 मिनट रुकेगी दो ट्रेनें**

बता दें कि रांची के आनंद मार्ग में धर्म महासम्मेलन का आयोजन चल रहा है। इसको देखते हुए पुनदाग स्टेशन पर 29 दिसंबर से 4 जनवरी दो ट्रेनों का ठहराव किया जा रहा है। ट्रेन संख्या (18625) पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या (18626) हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव 1 मिनट के लिए पुनदाग स्टेशन पर हो रहा है।

# नीली क्रांति का लाभ मिल रहा झारखंड को

## मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही निर्यात की ओर बढ़े कदम : डॉ एचएन द्विवेदी

उदय चौहान

**रांची।** नीली क्रांति का लाभ अब झारखंड को मिलने लगा है। चालू वित्तीय वर्ष में मछली का बंफर उत्पादन हुआ है। मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार से लेकर विभाग के अधिकारी भी इस लक्ष्य को पूरा करने में लगे हुए हैं। गत वर्ष मत्स्य निदेशालय नें मछली उत्पादन का लक्ष्य 265 मैट्रिक टन रखा था। जिसके मुकाबले इस साल 295 लक्ष्य मछली का उत्पादन हुआ था। इस देखते हुए कहा जा रहा है कि आने वाले समय में राज्य मछली उत्पादन और खपत के मामले में आत्मनिर्भर हो जायेगा। वहीं मत्स्य निदेशालय का मानना है कि अगले दो-तीन साल में राज्य मछली का निर्यात करने में भी सक्षम हो जायेगा। मछली उत्पादन के मामले में औसत वार्षिक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मत्स्य पालन पर विशेष फोकस किया है। ताकि रोजगार के अवसर बढ़ाये जा सकें । वर्ष 2024-25 तक मछली का निर्यात बढ़ाने के दिशा में भी काम किया जा रहा है। दरअसल, झारखंड गठन के वक्त राज्य में मात्र 20 एमटी मत्स्य उत्पादन हो रहा था। लेकिन, राज्य गठन के बाद तत्कालीन मत्स्य निदेशक राजीव कुमार ने कड़ी मेहनत कर मछली पालन को रोजगार से जोड़ने का काम किया। वर्ष 2020 तक मत्स्य निदेशालय को बेहतर फिशिंग को लेकर कई अवार्ड भी मिले।



सूत्रों के अनुसार राज्य में 1056 स्थानों पर मछली बीज तैयार किए जा रहे हैं। 2015-16 में 115 मैट्रिक टन मछली का उत्पादन हुआ था। जो 2021-22 में बढ़ कर 295 मैट्रिक टन हो गया। इसमें केज कल्चर से मछली उत्पाादन शामिल नहीं है। राज्य में रिवर फिश फार्मिग व केज कल्चर से मछली उत्पादन को गति मिल रही है।

**नक्सल पर जाल भारी, युवा लिख रहे सक्सेस स्टोरी**

झारखंड में करीब 1.77 लाख हेक्टेयर का जल क्षेत्र उपलब्ध है। इसमें राज्य की कुल 16 बड़ी नदियों का जल क्षेत्र शामिल नहीं है। मछली का उत्पादन मुख्यतः तालाबों और डैम में हो रहा है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मछली पालन कर लोग स्वावलंबी बन रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पूरे राज्य में दर्जनों युवकों ने आर्थिक स्वावलंबन की सक्सेज स्टोरी बनायी है। राज्य भर में 15496 सरकारी व 85849 निजी तालाबों में मछली पालन का काम किया जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार करीब दस हजार परिवार का आर्थिक स्त्रोत मछली पालन का व्यवसाय है। मुख्य रूप से रेहू,कतला, पंगेशियस, झिंगा व अन्य मछलियों किया जा रहा है।

**किसानों को दी जा रही है मुफ्त प्रशिक्षण : डॉ एचएन द्विवेदी**

मत्स्य निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने कहा है कि राज्य में अब मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ बेहतर और उन्नत नस्ल की मछली लोगों तक पहुंचाने की कोशिश शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जलाशयों को अधिक से अधिक दोहन किया जा रहा है। इसके अलावा कोयला खदानों में जमा जल में भी मछली पालन शुरू किया गया है। रिवर फीश फार्मिंग व केज कल्चर से कम समय में अधिक उत्पादन लिया जा रहा है। मछुआरों को आवास, प्रशिक्षण, जाल व अन्य सुविधायें दी जा रही है। शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को मछस्य उत्पान के अलावा बिक्री में भी निदेशालय की ओर से सहायता दी जा रही है। डॉ द्विवेदी ने कहा कि राज्य में मछली उत्पादन बढ़ाने में तकनीक ने कारगर भूमिका निभाई है। बेहतर तकनीक किसानों तक पहुंचाने में मत्स्य निदेशालय सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मछली उत्पादन के मामले में औसत वार्षिक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मत्स्य पालन पर विशेष फोकस किया है।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष राज्य में मछली उत्पादन लक्ष्य से अधिक रहा। 2021 में मत्स्य निदेशालय नें मछली उत्पादन का लक्ष्य 265 मैट्रिक टन रखा था, जिसके मुकाबले 295 लक्ष्य मछली का उत्पादन हुआ था। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि आने वाले समय में राज्य मछली उत्पादन और खपत के मामले में आत्मनिर्भर हो जायेगा।

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### आम सूचना

प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम से बिना भवन चित्र स्वीकृत कराए अनाधिकृत रूप से भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जो झारखण्ड म्यूनिसिपल एक्ट के धारा 426, 427 एवं 428 के अनुरूप नहीं है। झारखण्ड म्यूनिसिपल एक्ट 2011 के धारा 428 के अनुरूप स्वीकृत नक्शा के बिना या फिर स्वीकृत नक्शा के विपरित निर्माण करना म्यूनिसिपल एक्ट का उल्लंघन एवं गैर कानूनी है।

उपरोक्त धारा के विरूद्ध निर्माणाधीन भवनों को सील किया जा रहा है एवं Demolish करने की भी कार्रवाई की जा रही है। Jharkhand Building Byelaws 2016 के अनुरूप Fine/Penalty भी किया जा सकता है।

उक्त के परिपेक्ष्य में आम जनों को आदेशित किया जाता है कि निगम क्षेत्र में निर्माण के पूर्व Online System (BPAMS) से भवन नक्शा पारित कराना अनिवार्य है। नगर निगम हजारीबाग से पंजीकृत (License Technical Person) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा ही नक्शा upload करा कर स्वीकृत भवन प्लान के अनुरूप ही निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा गैर कानूनी ढंग से निर्माण कार्य करते हुए पाये जाने पर उनके विरूद्ध झारखण्ड म्यूनिसिपल एक्ट के धारा 428 के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय (सूचना भवन) नगर निगम, हजारीबाग के टाउन प्लानर से सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग।

PR.NO.286366 Urban Development and Housing(22-23):D

## OFFICE OF THE PRINCIPAL, SHEIKH BHIKHARI MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, HAZARIBAG

(Formerly called as - HAZARIBAG MEDICAL COLLEGE, HAZARIBAG.)
Ph. No. 06546-296629/ website : www.hazaribagmedicalcollege.org/
E-mail Id : hazaribagmedicalcollege@gmail.com

### अति अल्पकालीन ई0 –निविदा सूचना

ई0 निविदा सं0 08/2022–23

| Sl no | Details | Timeline/other Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | For Purchasing/Rate contract of Modals, Slides, Specimen and Chart |
| 2 | Name & Address of the Tender Inviting Authority | Principal, Sheikh Bhikhari Medical College, Hazaribag. At- Hazaribag, Jharkhand PIN- 825319 |
| 3 | Date of Publication of Tender on website | 31/12/2022 on www.jharkhandtenders.gov.in 11:00 AM |
| 4 | Last date and time for submission of bids | 09/01/2023 up to 03:00 PM |
| 5 | Opening of Techical Bid | 11/01/2023 at 01:00 PM in the office of Principal, Sheikh Bhikhari Medical College, Hazaribag. |

Note – 1. Tender will be accepted only through e-tender.
2. For Details of Tender Terms, Conditions & other Pls. visit website www.jharkhandtenders.gov.in from 31/12/2022
Letter no 1216 dated 29 / 12 /2022

Principal
Sheikh Bhikhari Medical College,Hazaribag.

PR 286333 Health Med Edu and Family Welfare(22-23).D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा

### समग्र शिक्षा

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना विज्ञप्ति संख्या–1339/2022**

निदेशक, झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची के पत्रांक जे0सी0ई0आर0टी0/प008–12/2022/1035 दिनांक 07.12.2022 में अंकित निदेशानुसार जिले के कक्षा'01 से कक्षा–07 के विद्यार्थियों का अर्द्धवार्षिक परीक्षा हेतु प्रश्नपत्र–सह–उत्तर पुस्तिका तथा रिपोर्ट कार्ड इत्यादि के मुद्रण हेतु इस कार्यालय के प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या–1292/2022 के आलोक में प्राप्त निविदा शर्तो के अधीन नहीं होने के कारण पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा, समाहरणालय परिसर, कोडरमा के कार्यालय में 500.00 रू0 शुल्क (Non Refundable) के साथ निविदा दिनांक 06.01.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग–अलग सील बंद लिफाफे में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से/हाथों–हाथ जमा कर सकते है।

उक्त निविदा की नियम व शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट/koderma.nic.in के वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

DEO-Cum-DPO
SSA, Koderma

PR 286308 Jharkhand Education Project Council(22-23)#D

## कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद्, खूँटी

### अति अल्पकालीन निविदा

**आमंत्रन सूचना सं0 – 23/2022–23**

सरकार के संयुक्त, सचिव, पंचायती राज विभाग झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2255 दिनांक 26.10.2022 द्वारा अध्यक्ष, जिला परिषद, को वाहन के व्यवस्था के संबंध में पत्र प्राप्त है। अध्यक्ष, जिला परिषद, खूँटी हेतु Scorpio अथवा उसके समकक्ष वाहन विभिन्न मॉडेल के साथ उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। विभिन्न शर्तों के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता **दिनांक 06.01.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक** मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला परिषद कार्यालय खूँटी में जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 07.01.2022 के अपराह्न 03:00 बजे** जिला परिषद, खूँटी में खोला जायेगा।

निविदा की अन्य शर्त्ते, उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि समाहरणालय, खूँटी के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी

PR 286301 District(22-23)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक प्रमण्डल, गुमला

Short Tender reference No :- 01/2022-23 (Second call) Date :- 28.12.202

| S. N. | Name of Work | Estimated Cost (in Rs) | Earnest money (In Rs) | Cost of Tender Document. Non-Refundable. (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying ,fitting of submersible pump sets repairing of pump motor and voltage stebilizer etc at Rural water supply Bharno Gumla | 13,35,721.00 | 27,200.00 | 2,500.00 | One Month |
| 2 | Last date for purchase BOQ | 05.01.2023 up to 5.00 PM | | | |
| 3 | Last date/Time for submission of tender Fees & EMD ( In Hard Copy) | 06.01.2023 up to 4:00 PM at office of Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Gumla | | | |
| 4 | Date and time of opening of tender | 07.01.2023 at 4:00 PM. at office of Superintending Engineer, D.W. & S. Mechanical. Circle, siramtoli Ranchi | | | |
| 5 | Name & Address of office of Inviting Tender | Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Gumla | | | |
| 6 | Contact No.of Officer and Office email ID :- | 9471163627 eemechgumla@gmail.com | | | |

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक प्रमंडल, गुमला।

PR 286295 (Water Resource) 22-23 (D)

## Government of Jharkhand
Urban Development and Housing Department
Ramgah Municipal Council, Ramgarh, Jharkhand

### E Procurement Notice Tender Notice No. 07

NIT No. - NIT/RGH/NP/07/2022-23 (Urgent Re-Tender)
Date:- 29-12-2022

| Sl No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for Proposal for Selection of Bidder for "Bioremediation and Clearing of Legacy Waste (Scientific Dumpsite Land Reclamation through Biomining and Resource Recovery) at at Trenching Ground & Sewaigarha Kaitha Dumpsite, Ramgarh Nagar Parishad, Jharkhand |
| 2 | Mode of Submission | e-tendering https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 14,34,32,000/- (Rupees Fourteen Crores Thirty Four Lacs Thirty Two Thousand Only) |
| 4 | Tender Fee (Rs.) | Rs. 25,000/- ( Rupees Twenty Five Thousand Only) |
| 5 | Bid Security (Rs.) | Rs. 14,34,000/- ( Rupees Fourteen Lacs Thirty Four Thousand Only) |
| 6 | Time of Completion | 213 Days |
| 7 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 31.12.2022 by 3:00 PM |
| 8 | Date of Pre-Bid Meeting | 10.01.2023 by 4:00 PM at Office of Nagar Parishad Ramgarh, Near District Sadar Hospital, Chatarmandu, Ramgarh Jharkhand 825101 |
| 9 | Last Date/Time for receipts of Bids Online | 13.01.2023 by 3:00 PM |
| 10 | Date of Receiving Hard Copy of Earnest Money & Cost of Tender Fee | Upto 17.01.2023 by 3:00 PM at Office of Nagar Parishad Ramgarh, Near District Sadar Hospital, Chatarmandu, Ramgarh Jharkhand 825101 |
| 11 | Tender Openning Date | 19.01.2023 From 11:00 AM to 4:00 PM |
| 12 | Name & Adress of Officer Inviting Tender | Executive Officer, Ramgarh Nagar Parishad, Jharkhand |
| 13 | Contact no. of Procurement Offcier | 6393812374 |
| 14 | Helpline number of E - Procurement Cell | 9110072039 |

Note: - (i) Only e- tenders will be accepted. Further Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app
(ii) Contractor should be registered in appropiate class as per NIT
(iii) Estimated Cost/Quantity May vary

Executive Officer,
Ramgarh Nagar Parishad, Jharkhand

PR 286345 District(22-23).D

# नियोजन नीति के नाम पर आखिर कब तक गलत नीतियों का शिकार होते रहेंगे झारखंड के युवा

सत्येन्द्र

**रांची।** राज्य गठन के बाद से युवाओं को रोजगार देने के नाम पर झारखंड में जितनी भी सरकारे बनी युवाओं को ठगने का काम किया। सभी सरकारे युवओं को रोजगार देने के नाम पर नियोजन नीति तो बनायी लेकिन रोजगार हित में नियोजन नीति कामयाब नहीं रहा। हेमंत सोरेन नेतृत्व की महागठबंधन सरकार में इस बार कुछ ऐसा ही हुआ है। हाई कोर्ट के फैसले के बाद वर्तमान हेमंत सरकार के द्वारा अगस्त 2021 में बनाई गई नियोजन नीति रद्द हो गई है। नियोजन नीति रद्द होते ही राज्य में बबाल मच गया है। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद सड़क से लेकर सदन तक सरकार की फजीहत होने लगी। इस स्थिति में सरकार को भी बैकफुट पर आना पड़ा। युवाओं के आक्रोश को शांत करने के लिए मुख्यमंत्री हेमत सोरेन द्वारा रोजगार हित में आश्वासनों का पिटारा खोल दिया गया। मुख्यमंत्री ने यहां तक कह दिया कि राज्य के युवा जैसा चाहेगे वैसा ही नियोजन नीति सरकार बनाएगी। वहीं दूसरी ओर सदन के अंदर और बाहर विपक्ष इस मुद्दे को जिंदा रखने कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है।

तत्कालीन समय में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने भी माना था कि समय समय पर बनी नियोजन नीति में त्रुटि होने की वजह से इसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ता है। सरकार वर्तमान परिस्थिति में एक बार फिर हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगायेगी जिससे यहां नियुक्ति का रास्ता साफ हो सके।



इधर बीजेपी विधायक बिरंची नारायण ने हेमंत सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि एक बार फिर सरकार ने वही गलती की है जो पहले होते रहे हैं। यहां के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि हाई कोर्ट के फैसले ने सरकार की पोल खोल दी है। जिस समय नियोजन नीति बनाई जा रही थी उस समय भी बीजेपी ने सरकार से इसकी खामियों को दूर करने का आग्रह किया था। हाई कोर्ट से नियोजन नीति रद्द होने के बाद रोजगार को लेकर झारखंड के छात्र सड़क पर हैं।

इधर राजनीतिक विशलेषकों का मानना है कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद झारखंड में सारी नियुक्ति प्रक्रिया ठप पड़ गई है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट जाने के बजाए यहीं पर ऐसी नियोजन नीति बनाएं जिससे राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया सुचारू ढंग से चल सके। इधर सरकार भी इस पक्ष में है कि नियोजन नीति में हुई गलतियों को सुधार कर उसे एक बार फिर से संवैधानिक प्रक्रिया के तहत लागू करने का प्रयास किया जाए।

**राज्य गठन के बाद तीन बार बन चूकी है नियोजन नीतिः** राज्य गठन के बाद से ही झारखंड में स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लेकर विवाद होता रहा है। इसके बावजूद अब तक तीन बार नियोजन नीति बन चुकी है। राज्य बनने के बाद सर्वप्रथम बाबूलाल नेतृत्व में बनी सरकार ने स्थानीय और नियोजन नीति बनाकर राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश की। स्थानीय और नियोजन नीति में खामियों की वजह से झारखंड हाई कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया। फिर 2016 में रघुवर दास के नेतृत्व में राज्य में बनी सरकार ने नियोजन नीति बनाया जिसके तहत राज्य के 13 जिलों को अधिसूचित क्षेत्र और 11 जिलों को सामान्य श्रेणी में बांटकर जिलास्तर पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई। यह नियोजन नीति भी लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार रद्द कर दिया गया।

## Jharkhand Education Project Council
J.S.C.A Stadium Road, Jagannathpur, Sector -3,
Dhurwa, Ranchi - 834004 Phone - 0651-2444502 Fax: 0651-2444506
E-mail: jepcranchi1@gmail.com

### TENDER NOTICE FOR HIRING OF VEHICLE

Bid No. AC/02/78/2003/3670

The Jharkhand Education Project Council (JEPC) invites sealed bids for selecting agencies for hiring of vehicle. The complete tender documents can be seen on and downloaded from the websites *www.jepc.jharkhand.gov.in* .The cost of tender documents is Rs. 500.00 (Five hundred only) for Hiring of vehicle in the form of demand draft in favor of "Jharkhand Education Project Council" payable at Ranchi. The lists of dates with regard to this Invitation for Bids are given below:

| Sl. | Details | Start Date | Time | End Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online availability of bid document | 29.12.2022 | 10:30 AM | 12.01.2023 | 6:00 PM |
| 2 | Pre-Bid Meeting | 03.01.2023 | 03:30 PM | - | - |
| 3 | Bid Submission-offline at JEPC | 09.01.2023 | 10:30 AM | 12.01.2023 | 6:00 PM |
| 4 | Opening of Technical Bid | 17.01.2023 | 11:30 AM | - | - |
| 5 | Opening of Financial Bid | To be announced after finalization of technical evaluation | | | |

Sd/-(Kiran Kumari Pasi, I.A.S)
State Project Director JEPC, Ranchi

PR 286351 (Human Resource Developement)22-23*D

## कार्यालयः- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

### (आवेदन-पत्र आमंत्रण सूचना)

वित्तीय वर्ष 2022–23 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश सं0 32 रा0 (वि0), दिनांक 19.12.2022 के द्वारा केज कल्चर विस्तार और सुदृढीकरण योजना के अंतर्गत केज रिमॉडलिंग हेतु केज लाभुकों/मत्स्यजीवी सहयोग समिति से आवेदन–पत्र आंमत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 स0 | योजना का नाम | कुल भौतिक लक्ष्य (सं0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | केज रिमॉडलिंग | 10 | |

अहर्त्ता :–

1. केज प्राकृतिक आपदा, स्थानीय चक्रवात, क्रॉप क्रैश के कारण टुटे हुए केज हो।
2. केज रिमॉडलिंग हेतु लाभुक पूर्व में केज धारक अथवा जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। मत्स्यजीवी सहयोग समिति भी लाभुक हो सकती है।
3. केज रिमॉडलिंग पर व्यय राशि का 10 प्रतिशत लाभुक अपना अंशदान लगाने को इच्छुक/समक्ष हो।
4. 04 केज– 01 बैटरी मॉडल अथवा दो केज 01 बैटरी मॉडल में अधिकत्तम 02 लाभुक साझा हो सकते है।
5. जलाशयों के विस्थापित केज धारकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. आवेदन पत्र के साथ क्षतिग्रस्त केज का फोटोग्राफ (देशान्तर/अक्षांश) सहित लगाना अनिवार्य होगा।

उपर्युक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि–10.01.2023 है एवं इसके संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
कोडरमा

PR 286304 Fish (22-23)_D

## खबर एक नजर में

### कोल इंडिया ने बोर्ड लेवल के अधिकारियों के लिए भत्ता नियमों में किया संशोधन

**रांची।** कोल इंडिया की ओर से मकान किराया भत्ता नियम 2010 में संशोधन किया गया है। इससे संबधित नया मकान किराया भत्ता नियम 2022 की अधिसूचना कंपनी प्रबंधन ने जारी कर दी है। इस नियम के मुताबिक बोर्ड के अधिकारियों और बोर्ड लेवल के नीचे के अधिकारियों को इसमें शामिल किया गया है। अधिकारियों की मानें तो इस अधिसूचना के साथ ही नये नियम लागू हो जायेंगे। साथ ही कर्मियों को इस नियम का पालन करना होगा। गाइड लाइन के तहत कहा गया है कि अधिकारी अगर अस्थायी रूप से अतिथि गृहों और कंपनी की ओर से प्रदान किये गये ट्रांजिट आवास में रहते हैं, तो उन्हें नये स्थान पर नियुक्ति या पोस्टिंग के लिए भुगतान किया जा सकता है। लेकिन इसके लिये भी शर्ते है, शर्तों को पूरा करना जरूरी है। जिसमें अधिकारियों के लिए अनिवार्य है कि वे पहले से अपने लिये आवास का आवेदन किये हो, लेकिन कंपनी द्वारा आवास आवंटित नहीं किया गया है। गेस्ट हाउस आदि में रहने की स्थिति में अधिकारियों या बोर्ड लेवल के कर्मियों को सहायक कंपनियों के गेस्ट हाउस में रहना व किराये की रसीद जमा करनी होगी। रसीद छह महीने की अधिकतम अवधि तक स्वीकार्य होगी। इस अवधि के दौरान कोई मकान किराया भत्ता (एचआरए) स्वीकार्य नहीं होगा। जानकारी हो कि ये नियम डीपीई गाइड लाइन के तहत दो दिसंबर से प्रभावी होगी।

### रांची रेल मंडल के 12 रेलकर्मी सेवानिवृत्त, सेवानिवृत्ति से जुड़ा भुगतान दिया गया

**रांची।** रांची रेल मण्डल के 12 रेलकर्मी सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत्त सभी रेलकर्मियों को सेवानिवृत्ति से जुड़ा भुगतान सौंपा गया। इस मौके पर रेल मण्डल के वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर ने सभी सेवानिवृत रेलकर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप जैसे लोगों के कठिन परिश्रम से ही रेल चलती है। भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि आपका आनेवाला जीवन स्वास्थ्य और समृद्धि से भरपूर हो। साथ ही कहा कि आप अपना सेवानिवृति का पैसा सुरक्षित स्थान पर निवेश करें। आगे भी आप रेल परिवार का हिस्सा रहेंगे। सेवानिवृत होनेवाले कर्मचारियों में अरूप कुमार मजूमदार , ननी गोपाल दत्ता, प्रबिर कुमार घोष, शनिचरवा उरांव, शंकर मुखी, भानु प्रताप सिंह, एन कृष्णा राव, अर्जुन लोहार, बलाइ चन्द्रमुखी, फुलरागी देवी, प्रबल तिग्गा और एंथनी कच्छप शामिल हैं। इस मौके पर मण्डल के सहायक लेखा अधिकारी रौतु कलौंडिया, सहायक कार्मिक अधिकारी चित्तरंजन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# 10 वर्ष से अधिक उम्र वाली कन्या का पूजन नहीं करना चाहिए : विजय गुरुजी

■ बिष्टुपुर श्रीराम मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का तीसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर मेन रोड़ श्रीराम मन्दिर में चल रहे श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को पूज्यनीय आचार्य विजय गुरूजी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से नवरात्रि, कुमारी पूजन, श्री राम चरित्र एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव संवाद का विस्तार से वर्णन किया। गुरूजी ने कहा कि कुमारी कन्या दो वर्ष की कही गयी हैं। तीन वर्ष की त्रिमूर्ति, चार वर्ष की कन्या कल्याणी, पांच वर्ष की रोहिणी, छह वर्ष की कालिका, सात वर्ष की चण्डिका, आठ वर्ष की शाम्यवी, नौ वर्ष की दुर्गा और दस वर्ष की कन्या सुभद्रा कहलाती हैं। इससे उपर की अवस्था वाली कन्या का पूजन नहीं करना चाहिए।

माता भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए गुरुजी ने आगे कहा कि शरत तथा बसन्त दोनों ऋतु संसार में प्राणियों के लिए दुर्गम हैं। ये दोनों ऋतु मनुष्यों के लिए रोग उत्पन्न करने वाली हैं। इससे बचने के लिए बुद्धिमान लोगों को शुभ चौत्र तथा आश्विन मास में भक्ति पूर्वक चण्डिका देवी का पूजन करना चाहिए। भगवती का सात्विक भाव से चन्दन, अगरू, कपूर, मन्दार, करेज, अशोक, चम्पा, कनेल, मालती, बासी, धुप, दीप से विधिवत भगवती जगदम्बा को अर्पण करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती हैं।

**भारत भूमि पर जन्म लेने वाले सभी धन्य :** महाराज जी ने श्री राम चरित्र एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन करते हुए कहा कि भारत भूमि पर जन्म लेने वाले हम सभी धन्य हैं, क्योंकि इस पावन भूमि पर राम और श्याम (कृष्ण) दोनों अवतरित हुए। कहा कि श्री राम को मयार्दा पुरुषोत्तम राम बनने के लिए बहुत कुछ त्यागना पड़ा था। उन्होंने अपने पिता की आज्ञा को सर्वोपरि माना और राजपाट, धन, वैभव सब त्याग कर वन को चले गए। उन्होंने सदैव अपने माता-पिता की आज्ञा को माना, अपने अनुज भ्राताओं का ध्यान रखा। उन्होंने बताया सीता जी ने जब पहली बार श्री राम को जनकपुरी में देखा था, तभी उन्हें उनसे प्रेम हो गया था और स्वयंवर में वह मां पार्वती का ध्यान कर रही थीं कि श्री राम ही उनके वर बनें। श्री राम ने धनुष की प्रत्यंचा को चढ़ाया और इस तरह सीता जी का विवाह उनसे हो गया। श्री कृष्ण भगवान की लीला का मनोहारी वर्णन किया जिससे कथा सुनने आए भक्तगण खुशी से झूम उठे।

**देवी का प्रादुर्भाव संवाद आज :** दोपहर में महायज्ञ एवं शाम में कथा के बाद आरती हुई। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। तीसरे दिन शुक्रवार को भी 37 यजमानों द्वारा श्री अम्बा यज्ञ नव कुंडात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ किया गया। गुरुजी शनिवार 31 दिसम्बर को श्री कृष्ण कथा प्रसंग, महिषासुर जन्म कथा, देवी का प्रादुर्भाव संवाद की व्याख्या करेंगें। श्रीविद्या शक्तिसर्वस्वम चेन्नई के नेतृत्व में टाटानगर ईकाई द्वारा लौहनगरी में दूसरी बार आयोजित हो रहे आज के इस धार्मिक उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में नेमि चंद शास्त्री, अशोक दाहिमा, दिलीप कुमार रिंगसिया, राजेश पसारी, पवन अग्रवाल, बिमल गुप्ता, आशीष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, मनोज गुप्ता आदि का योगदान रहा।

**नववर्ष का स्वागत आज :** शनिवार 31 दिसम्बर की रात को विशेष आकर्षक के रूप में माता की चौकी का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में वर्ष 2022 की विदाई एवं 2023 नववर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम से माता के श्री चरणों में किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भजनो की गंगा प्रवाहित करने हेतु प्रख्यात भजन गायिका उमा लहरी (जयपुर) समेत शहर के भजन गायकों द्वारा भजनो की अमृत वर्षा की जायेगी। भजनो का कार्यक्रम संध्या 08 बजे से शुभारंभ होगा।




कथा सुनाते विजय गुरुजी और हवन करते यजमान गण।

## स्पीड न्यूज

### वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में सीट एंड ड्रॉ आज

**जमशेदपुर।** गोपाल मैदान में शुरु हुई वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी 2022 में 31 दिसंबर 2022 को सिट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता के लिए सुबह 9- 9:30 पूर्वाह्न -पंजीकरण होगा। चित्रकला प्रतियोगिता 9:45-11:45 पूर्वाह्न पुरस्कार वितरण- दोपहर 12:30 बजे से होगा। 31 दिसंबर को ही मौसमी फूलों और इंडोर प्लांट्स की खेती सेमिनार का आयोजन दिन के 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जायेगा जबकि दूसरा सेमिनार का विषय है: गुलाब की खेती और उसकी देखभाल जो 31 दिसंबर को ही दोपहर 2.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक होगा। शाम छह बजे से शाम सात बजे तक स्टेप स्कूल ऑफ डांस के कलाकार मनोरंजन कार्यक्रम पेश करेंगे।

### हीरा बा के निधन पर सांसद ने जताया शोक

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युतवरण महतो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा के निधन पर अपना शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि भगवान उनकी मां को अपने श्री चरणों में स्थान दें। उन्होंने कहा कि ईश्वर प्रधानमंत्री सहित पूरे परिवार को दुख की इस बेला में दुख से उबरने की शक्ति प्रदान करें ताकि पूरे परिवार के साथ साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की सेवा यथावत और अनवरत करते रह सके।

### यूसील अस्पताल के डॉ मनोज आज होंगे रिटायर



**जादूगोड़ा।** यूसील अस्पताल के चीफ सुपरिडेंडेंट डॉक्टर मनोज कुमार कल शनिवार को 26 साल सेवा देने के बाद कंपनी अस्पताल से सेवानिवृत्त हो जायेंगे। इधर, उनके सम्मान में 31 दिसंबर को प्रशासनिक विभाग भावभीनी विदाई देगी। डॉ मनोज जनवरी 1997 में कंपनी में योगदान दिये थे व 26 साल अपनी बेहतरीन सेवा के लिए क्षेत्र में याद किये जायेंगे। खास कर कोरोना काल में लोगों को मौत के मुंह से निकालने में उनकी अहम भूमिका रही। कोविड रूम में समुचित व्यवस्था ने जादूगोड़ा में मौत के आंकड़े को शून्य कर दिया था। उनके इस पहल का आज भी लोग याद करते है।

### रीना एंड टीम ने गरीबों में किया कंबल वितरण



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था यात्रा एक नये जीवन की शुरुआत ने बढ़ती ठंड को देख बिरसानगर संडे मार्केट और बर्मामाइंस कुष्ठ आश्रम के लोगों के बीच भोजन और कंबल बांटा। इसमें यात्रा की अध्यक्ष रीना सिंह और यात्रा परिवार के सदस्य गुरप्रीत सिंह, जगतार सिंह और रोमा देवी आदि भी उपस्थित रहे।

### अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



**जमशेदपुर।** उत्पाद विभाग की कार्रवाई में कोवाली थाना एवं जिला सीसीआर बल के सहयोग से कोवाली थाना अंतर्गत बालीडीह टोला-ढीपासाई में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उदभेदन किया गया। घटनास्थल से शराब बनाने हेतु रखा गया स्पिरिट, बना हुआ रंगीन शराब एवं खाली बोतल आदि बरामद कर जब्त किया गया।

### टीएसएल ग्रोथ शॉप में 43 साल सेवा के बाद रिटायर हुए प्रमोद कुमार

**गम्हरिया।** टाटा स्टील ग्रोथ शॉप में 43 साल सेवा देने के बाद अधिकारी गम्हरिया गायत्री नगर निवासी प्रमोद कुमार शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त होने पर प्रमोद कुमार के परिजन व शुभचिंतकों ने टीजीएस गेट पर ढोल नगाड़ों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। प्रमोद कुमार ने बताया कि महज 16 वर्ष की आयु में ट्रेड अप्रेंटिस के रूप में टीजीएस कंपनी से जुड़ निरंतर सेवा करता रहा। इन 43 साल में उन्होंने जेआरडी टाटा को अपना आदर्श मान सेवा दी।

---

चार दिवसीय वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी-2022 का आगाज, तरह-तरह के फूलों से सुगंधित हुआ गोपाल मैदान

# जीवन का सबसे खूबसूरत लम्हा फूलों के साथ समय गुजारना है : कमिश्नर

■ श्रीमती विजया लक्ष्मी दास और डॉ डीपी मंडल को मिला लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल और जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आज से चार दिवसीय 32 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी गोपाल मैदान,बिष्टुपुर में शुरू हो गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन कोल्हान के कमिश्नर मनोज कुमार (आइएएस) ने जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसाइटी की चेयरपर्सन श्रीमती रुचि नरेंद्रन, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी और हॉर्टिकल्चर सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता नूपुर के साथ किया।

प्रदर्शनी शुरू होते ही बिष्टुपुर का गोपाल मैदान तरह-तरह के फूलों और सजावटी पौधों की खुशबू से गमक गया है। प्रदर्शनी का समापन 2 जनवरी की शाम 4:30 बजे होगा जिसमें टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन मुख्य अतिथि होंगे। इस तरह से देखा जाए तो जमशेदपुर वासी नए वर्ष का स्वागत गोपाल मैदान में रंग बिरंगी फूलों को देखते हुए उनके सुगंध को सुंघते हुए करेंगे।



फ्लावर शो का उद्घाटन करने के बाद फूलों का अवलोकन करते कमिश्नर मनोज प्रसाद, श्रीमती रुचि नरेंद्रन, चाणक्य चौधरी और श्रीमती समिता नुपुर।

**शहर में पांच वर्ष में टाटा स्टील ने बनाये 60 नये पार्क : चाणक्य चौधरी-** टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट एवं विशिष्ट अतिथि चाणक्य चौधरी ने इस अवसर पर आयोजन समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि मेले में सुरक्षा एवं आराम से घूमने के लिए जिस तरह का इंतजाम किया गया है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील का इतिहास प्रकृति के साथ खुद को कनेक्ट करने की और जमशेदपुर वासियों को भी प्रकृति से कनेक्ट करने की रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए पिछले 5 वर्ष में टाटा स्टील ने शहर में 60 पार्क एवं 200 एकड़ में वाटर बॉडी डेवलप किए हैं। इसके अलावा 300 एकड़ लैंड को हरा-भरा बनाया गया है।




कमिश्नर मनोज कुमार से लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड ग्रहण करतीं श्रीमती विजय लक्ष्मी दास। कमिश्नर मनोज कुमार से लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड प्राप्त करते डॉ डीपी मंडल।

**परिवार के साथ शहरवासी पुष्प प्रदर्शनी देखने पधारें : रुचि नरेंद्रन**

जयपुर हॉर्टिकल्चर सोसाइटी की चेयरपर्सन श्रीमती रुचि नरेंद्र ने कहा कि 2 वर्ष बाद वार्षिक फूल प्रदर्शनी को लेकर जो उत्साह है वह हम सभी को आनंदित करने वाला है। शहर वासियों से अपील है कि वे पूरे परिवार के संग गोपाल मैदान आयें।

**सेल्फी कांटेस्ट में अवश्य भाग लें शहरवासी : सुमिता नुपूर-** जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसायटी की अध्यक्ष सुमिता नूपुर ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 14 हैंगर लगेहैं जहां विभिन्न कंपनियों एवं पुष्प प्रेमियों ने अपने फूलों को प्रदर्शित किया है। शहरवासियों को खरीदारी करने के लिए देश के नामी 29 नर्सरी के बियर स्टॉल लगे हैं।

## नौलखा अपार्टमेंट में तीन घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से 3 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन सोनारी नौलखा अपार्टमेंट में संपन्न हुआ एवं गदड़ा आनंद मार्ग जागृति से से पूर्णिमा नेत्रालय में 10 मोतियाबिंद रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन कर लेंस लगाया गया। इसके बाद चश्मा एवं दवा देकर सकुशल घर पहुंचा दिया गया। गदरा आनंद मार्ग जागृति में आई कैंप के दौरान 70 लोगों के आंखों का जांच हुआ एवं 100 पौधों का वितरण किया गया आज लगभग 20 लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित हुए हैं जिनका कल 30 दिसंबर को पूर्णिमा नेत्रालय में ऑपरेशन किया गया। कीर्तन समाप्ति के बाद लाल बिहारी आनंद ने कहा कि कीर्तन हरि का कीर्तन और किसी का नहीं अपनी प्रशंसा नहीं दूसरे की प्रशंसा नहीं बहुत से लोग अपनी बड़ाई खूब अधिक से अधिक करते हैं मैंने यह किया।

## योजनाएं लटकाने वाले सभी ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करे जेएनएसी : सरयू राय

■ एसओ से पूछा- मैं विकास योजनाओं में कमीशन नहीं लेता, तो काम में क्यों हो रही देरी

■ जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी पर जतायी नाराजगी

■ जमशेदपुर पूर्वी के विधायक अपने क्षेत्र की विकास योजनाओं की समीक्षा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार एंड टीम से नाराजगी जताते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने अपने विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं की प्रगति के लिए समीक्षा बैठक किया। समीक्षा बैठक में उन्होंने पाया कि क्षेत्र में सड़कें, गलियां, नालियां, कलवर्ट, सीवरेज आदि की करीब 86 योजनाएं हैं जो लंबित हैं, जिनपर काम शुरू नहीं हुआ। इन योजनाओं में नगर विकास विभाग और विधायक निधि की 11ए,14ए,23ए में 793 करोड़ रुपए की योजनाएं और 15 वें वित्त आयोग की कई योजनाएं ऐसी हैं जिनपर काम शुरू नहीं हुआ है। विधायक ने नाराजगी जाहिर किया कि 2020-21 की 7 योजनाएं ऐसी हैं जिसका एकरारनामा होने के बाद भी काम शुरू नहीं किया है।

## सर्दी से राहत देने को लेकर हेमंत सरकार कर रही है कंबल वितरण : मंगल कालिंदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के चूना भट्टा में जुगसलाई विधायक माननीय मंगल कालिंदी के द्वारा 85 जरूरतमंद लोगों के बीच में कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल बांटा। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में सर्दी से राहत देने के लिए हेमंत सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जुगसलाई नप क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच में कंबल वितरण किया।

विधायक ने आगे कहा कि हेमंत सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों को शत प्रतिशत पहुंचे यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हेमंत सरकार के 3 साल के कार्यकाल में जो भी विकास योजनाएं सरकार ने लाई और विकास कार्य जनता के हित के लिए किए उससे जनता के चेहरे खुशी से खिले हुए हैं। मौके पर झामुमो के जुगसलाई नगर परिषद अध्यक्ष मो शमशाद, मो जमील, नौशाद आलम, श्यामू मलिक, राजन मिश्रा, मुकेश शर्मा, रंजन पांडे, सोनू सिंह, अब्दुल कादिर, सिमरन भाटिया, राजू गद्दी आदि कार्यकर्ता थे।

## साईं देवस्थानम प्रबंधन समिति के ट्रस्ट ने की टीम की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान के तत्वाधान में श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा में श्री साईनाथ देवस्थानम प्रबंधन समिति झ 2023 का गठन साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान के चेयरमैन श्री राजीव कुमार एवं अन्य ट्रस्टइयों के द्वारा किया क प्रबंधन समिति में कूल सदस्यों की संख्या 48 है। समिति इस प्रकार हैः साईं परिवार विश्व सेवा संसथान बोर्ड ऑफ ट्रस्टीजः राजीव कुमार, अनुप रंजन, नूतन कुमारी, रश्मि नारायणः श्री साईनाथ देवस्थानम प्रबंधन समिति 2023 अध्यक्ष : अनुप रंजन, कार्यकारी अध्यक्ष : डॉ मनोज कुमार सिन्हा, राकेश रंजन, दुर्गा घोष, अंजू शाह। वरीय उपाध्यक्ष : चंद्र शेखर सिंह, सुदर्शन महतो, जीतेन्द्र रॉय, विजय कुमार सिंह। उपाध्यक्ष : सुषमा मिश्र, शिव प्रसाद शाह, समीर रॉय चौधरी, हरदीप सिंह, राकेश पांडेय, अशोक कुमार सिंह। महासचिव : सी उदय भास्कर। सचिव : कुमुद सिंह, रीना सिंह, के श्रीनिवास राव, अशोक सिंह, विकाश कुमार झा, सतीश कुमार सिंह, राजेश गुप्ता, तपन चौधरी। सह सचिव - गीता तिवारी, गीता तिवारी, दुलाल पॉल।

## भगवान शिव कल्याण और सुख के मूल स्रोत : वृजनंदन शास्त्री

■ मानगो वसुंधरा एस्टेट में श्रीमद् भागवत और शिवकथा महोत्सव का पांचवां दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्रीमद् भागवत और श्री पाशुपात्य व्रत शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने ओंकारेश्वर, विश्वनाथ महाकाल समेत अन्य कथा का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि भगवान शिव कल्याण और सुख के मूल स्रोत हैं। कलियुग में शिव कथा के समान कोई भी कल्याणकारी सरल मार्ग नहीं है, क्योंकि शिव कथा से शरीर, वाणी व मन द्वारा किए हुए पाप धुल जाते हैं। भगवान शिव पर एक बेलपत्र और एक लोटा जल चढ़ाने से मनुष्य को सभी समस्याओं का हल मिलता हैं। भगवान शिव जन जन का कल्याण करते हैं। शिव कथा जीव के पूर्व जन्मों के समस्त पापों को दूर कर शिव कृपा का मार्ग प्रशस्त करती है।

महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से कहा कि भगवान शिव की महिमा को यदि हम शब्दों में व्यक्त करना चाहे तो नहीं कर सकते क्योंकि उनकी ऊंचाई को यदि मापना चाहे तो आकाश के सामान और गहराई सागर के समतुल्य है। भगवान शिव जो कल्याण एवं सुख मूल के स्त्रोत है। जो संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर, समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के आदिपत्य एवं साक्षात परमात्मा है।

महाराज जी ने कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया। शिव कथा के दौरान हुए भजन संगीत कार्यक्रम एवं धार्मिक धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। आज के यजमान किरण-उमाशंकर शर्मा थे।



कथावाचक की उपस्थिति में टिनप्लेट के एमडी आरएन मूर्ति का अभिनंदन करते कृष्णा शर्मा काली।

शुक्रवार को विभिन्न राजनीतिक एंव सामाजिक संगठन के गणमान्य टिनप्लेट के एमडी आर एन मूर्ति, टेल्कन के पूर्व एमडी रणवीर सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजभूषण सिंह, जय प्रकाश राय, राघवेन्द्र, भाजपा किसान मोर्चो के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह, सिंहभूम चौम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मुकेश मित्तल, विवेक चौधरी निरंजन गुप्ता, एम के झा, संजय झा, सुनील सेठ, मनोज सिंह, आलोक पाठक, प्रभात दास, हरेराम ओझा शामिल थे।

## एक नजर में

### बन्ना गुप्ता फैंस क्लब ने नि:शुल्क कंबल बांटा



**जमशेदपुर।** कदमा उलियान मेन रोड (आईसीआईसीआई बैंक) के सामने बन्ना गुप्ता फैंस क्लब ने ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच करीब 250 नि:शुल्क कंबल वितरण विधायक प्रतिनिधि जीसी मोहंती के नेतृत्व में किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जीसी मोहंती एवं अमित कुमार के अलावे बैंक कर्मचारी जिलाध्यक्ष डीएन सिंह, पकरासी दा, पिंटु रजक सहित पार्टी के अन्य युवा एवं कर्मठ सदस्य उपस्थित थे। मौके पर गरीब एवं वृद्धों ने क्लब के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें हमेशा ही फैन्स क्लब के लोगों का मदद मिलता रहा है।

### आदर्श सेवा संस्थान को दिया स्टील का आलमीरा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला समिति के 95 वर्ष के उपलक्ष में कई जगह सामाजिक सहयोग करते आ रहे है, इस सिलसिले में समिति के सदस्य द्वारा आज आदर्श सेवा संस्था के पालना घर के बच्चे के लिए एक स्टील अलमीरा डोनेट किया गया है। इस अलमारी के चाबी संस्था के सम्मानीय सदस्य श्रीमती ज्योत्सना दे के कर कमल से संस्था के सेक्रेटरी श्रीमती प्रभा जयसवाल के हाथो में सौपा गया। बच्चों को बिस्कुट, चाकलेट, हार्लिक्स का पैकेट दिया गया। आलमारी को संस्था के हाथ तक पहुंचाने में पूरबी घोष का अहम भूमिका रही। इस कार्य क्रम में समिति के सदस्य रत्ना राय, तनूका दत्ता, सागोरिका घोष, रूपा लाहिरी, माला चौधुरी, शुभ्रा दास, प्रीतीलेखा रॉय, ज्योत्सना दे और पूरबी घोष और अन्य उपस्थित थे।

### वीणापाणी पाठशाला, बारीडीह ने किया वनभोज




**जमशेदपुर।** 30 दिसंबर को बारीडीह पोस्ट ऑफिस ग्राउंड में स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित होने वाली नि:शुल्क कोचिंग वीणापाणी पाठशाला की छात्र-छात्राओं के बीच वनभोज किया। इसमें जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शामिल हुए और बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान बच्चों के बीच रूमाल दौड़, रस्सी कूद, बोरा रेस सहित कई खेल प्रतियोताएं हुईं। वनभोज कार्यक्रम में कुल 60 बच्चों ने रेस में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, उनके चेहरे में काफी उत्साह था। बच्चों ने ग्रुप डांस कर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी अशोक कुमार, शिक्षक जगबंधु महतो, पिंकी पांडेय, दीपिका कुमारी एवं अमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर शिक्षा प्रतिनिधि एस पी सिंह, निक्की कौर, अनीता देवी एवं लक्ष्मी सरकार समेत कई लोग थे।

### गम्हरिया की बेटी प्रिया दिल्ली में बनी मिसेज इंडिया



**गम्हरिया।** दिल्ली के द्वारिका में आयोजित मॉडलिंग प्रतियोगिता में गम्हरिया की बेटी प्रिया दास ने मिसेज इंडिया का खिताब जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को गम्हरिया पहुंचने पर लोगों ने गाजे बाजे के साथ उसका भव्य स्वागत किया। गम्हरिया के रोहतास कॉलोनी की प्रिया को यह खिताब फिट एंड फेबल्स के क्षेत्र में दिया गया है। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रिया ने बताया कि ब्यूटी एंड बेस्ट प्रतियोगिता प्राइम कम्युनिकेशन ने करायी थी। उनकी टीम में अव्वल प्रतिभागियों में बचे 7 में उनका चयन होने पर उन्हें काफी खुशी मिली। बताया कि निर्णायक मंडलियों में मिस्टर इंडिया तन्मय दास, परी सोमानी एवं प्रीति पूजा की ओर से उन्हें यह खिताब प्रदान किया गया। प्रिया दास ने बताया कि वह फिल्म के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती है। दो बच्चों की मां प्रिया के पति अमर कुमार दास टाटा स्टील में कार्यरत हैं। जबकि प्रिया दास गम्हरिया में ब्यूटी पार्लर की संचालिका है।

### पानी टंकी की मरम्मत को एडीएम से मिले जुगसलाईवासी



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जुगसलाई आर पी पटेल हाई स्कूल के बस्तीवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलने पहुंचा। बस्तीवासी की समस्या थी कि आर पी पटेल हाई स्कूल के मैदान में वर्ष 2008 में पानी टंकी बनवाया था परंतु पानी टंकी के निर्माण के बाद उस जगह पर पानी का रिसाव हो रहा था और टंकी जर्जर अवस्था में थी, जिसको लेकर पेयजल विभाग के अभियंता जैसन होरो को कई दफा शिकायत की गई। परंतु जैसन होरो ने शिकायत पर समाधान नहीं किया था और टालमटोल कर रहे थे। जिसे लेकर बस्तीवासी उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। उपायुक्त के न होने पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अभियंता जैसन होरो को फोन कर निर्देश दिया और उन्होंने बस्तीवासियों को आश्वस्त किया कि 26 जनवरी तक इसकी मरम्मत हो जायेगी। जुगसलाईवासियों ने एडीएम लॉ एंड ऑर्डर का आभार जताया है। प्रतिनिधिमंडल में बस्ती वासियों की तरफ से मौके पर अमर तिवारी, प्रवीण प्रसाद ,मुन्ना सिंह राजेश सिंह शामिल थे।

### अवैध कारोबारियों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी



**जमशेदपुर।** नये साल के आगमन पर अवैध शराब बिक्री, शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी तरह से अवैध शराब की बिक्री नहीं हो इसको लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा सभी अंचलाधिकारी एवं कायार्पालक दण्डाधिकारी को आबकारी विभाग तथा संबंधित थाना की पुलिस बल के साथ लाईन होटल एवं ढाबों में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने सभी सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि अपने खुफिया तंत्र को मजबूत करते हुए लगातार जांच अभियान चलायें। चूंकि यह नए साल के जश्न का मौसम है, इसलिए नजर रखें।

## स्पीड न्यूज

### मनातू के नये थाना प्रभारी बने कमलेश



**मनातू पलामू।** नये थाना प्रभारी के रूप में कमलेश कुमार ने योगदान दिया है। नव पदस्थापित थाना प्रभारी कमलेश ने कहा कि मनातू सुदूरवर्ती क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाना पहली प्राथमिकता होगी। थाना क्षेत्र में गैर कानूनी काम करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। लोग समस्या लेकर बेझिझक थाना आ सकते हैं। उनकी परेशानी का निदान हर हाल में होगा।

### हैदरनगर के नये थाना प्रभारी बने आजाद



**हैदरनगर /हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर के थाना प्रभारी के पद पर शुक्रवार को आजाद अंसारी ने पद भार ग्रहण कर लिया है। निवर्तमान थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा ने आज अंसारी को पद भार सौंपा। पदभार ग्रहण के बाद आजाद ने कहा कि अपराध नियंत्रण करना उनकी प्राथमिकता है। अवैध शराब पर अंकुश के साथ गैर कानूनी कार्य पूरी तरह बंद किया जायेगा।

### ब्राह्मण महासभा ने जताया शोक



**नावा बाजार पलामू।** पीएम नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के असामायिक निधन पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नावा बाजार प्रखंड इकाई ने पड़वा मोड़ पर शोक सभा कर शोक जताया। जिनमें महासभा के प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर पांडेय, छोटु पांडेय, दिलीप पांडेय, मोहित तिवारी, राजबली तिवारी, शशिकांत पांडेय, बसंत मिश्रा, राजन पांडेय, संजय पांडेय, विजय, बब्लु, अरुण, भास्कर, अशोक भी थे।

### अभियुक्त के घर इश्तेहार नोटिस साटा

**रामगढ़ पलामू।** न्यायालय ने कांड संख्या रामगढ़ 25, 21 दिनांक 7 –7– 2021 धारा 366 के प्रार्थी अभियुक्त पवन रवि पिता बंधु राम ग्राम नावाडीह थाना रामगढ़ जिला पलामू अभियुक्त के घर इश्तेहार नोटिस दो गवाहों के समक्ष चिपकाया। अभियुक्त पर नाबालिग को बहला–फुसलाकर भगा कर ले जाने का आरोप है। 15 दिन में सरेंडर नहीं किया, तो कुर्की जब्ती होगी। जानकारी थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने दी।

### पड़वा : सीओ ने पकड़ा बालू लदा ट्रैक्टर

**पड़वा पलामू।** प्रखंड में अवैध तरीके से बालू उठाव करने वालों के खिलाफ पड़वा सीओ चंद्रदेव प्रसाद लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। वे शुक्रवार की सुबह अवैध बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचित कर ट्रैक्टर को पड़वा थाना पुलिस को सौंप दिया है। बताया कि उन्होंन गुप्त सूचना पर कार्रवाई की है। पड़वा के जितेंद्र मेहता की ट्रैक्टर छोड़ चालक भाग गया है।

### पूर्व मुखिया को मातृशोक, शोक व्यक्त



**पड़वा पलामू।** मुरमा के पूर्व मुखिया उपेंद्र नाथ सिंह की मां शारदा देवी (85) का निधन गुरुवार की शाम हृदय गति रुकने से उनके पैतृक गांव मुरमा में हो गया। दाह संस्कार शुक्रवार को 10 बजे सदाबह नदी तट पर किया गया। छोटे बेटे सह पूर्व मुखिया उपेंद्रनाथ सिंह ने मुखाग्नि दी। जिसमें पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र सिंह, मुखिया रंजीत सिंह, दिलीप सिंह, श्रीराम मेहता, राजकमल तिवारी, संटु सिंह, भाजपा नेता अभय मिश्र राष्ट्रीय मौर्य सेना के जिलाध्यक्ष मुकेश कांत मेहता, शेषनाथ सिंह, सुनील सिंह, वीरबहादुर सिंह सहित कई लोग शामिल होकर शोक व्यक्त किया।

### किसानों के लिए लाभदायक बन रही है बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी : ब्रजेश

**मेदिनीनगर।** कृषि विभाग किसानों के हित के लिए प्रधानमंत्री ने पूरे देश में 10,000 एफपीओ (किसान उत्पादक संघ) का गठन की घोषणा की है, इसके तहत पलामू जिले में 21 एफपीओ का प्रस्तावित है जिसमें 6 का गठन हो गया है। जिसमें बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, कोयल एग्रोनोमिस्ट फार्मर प्रोडूसर ऑर्गनाईजेशन, बटाने फारमर प्रोड्यूसर ऑर्गनाईजेशन, खैरा किसान फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाईजेशन, स्वीकृति फार्मर कंपनी लिमिटेड व पहाड़ी मेघा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का नाम शामिल है। बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी के सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय उर्फ मुन्ना पांडेय ने कहा कि किसान उत्पादक संघ बनाने का मुख्य लक्ष्य किसानों को संगठित करना है ताकि उनकी हित की रक्षा की जा सके। मसलन किसानों को खेती–बारी के लिए उपादान (खाद, बीज, कीटनाशक आदि) की खरीदगी कराना है। ज्ञात हो कि कंपनी नववर्ष में पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है।

### हरिहरगंज : बिहार सीमा पर भारी चोरी



**हरिहरगंज पलामू।** बिहार की सीमा के समीप एनएच 98 के किनारे स्थित गल्ला दुकान व गोदाम का ताला तोड़ गुरुवार की रात चोरों ने करीब 48 हजार नकद तथा 60 बोरी खाद्यान्न चोरी कर ली। गौरीशंकर गल्ला भंडार के प्रोपराइटर नंदन गुप्ता ने हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि वे दुकान के उपरी तल पर सपरिवार रहते हैं। गत रात करीब एक बजे थाना की गश्ती पुलिस ने दुकान के बाहर लिखे मोबाइल नंबर पर फोन कर दुकान का शटर खुला रहने की जानकारी दी। जब नीचे उतर कर देखा तो शटर का ताला टूटा और सारा सामान इधर–उधर पाया गया।

### पैक्स से किसानों को होगी सहूलियत



**हरिहरगंज पलामू।** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को खाप कटैया तथा अररुआ पैक्स स्थित धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा धान क्रय केंद्र खोला गया है। जहां सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर किसान अपने धान की बिक्री कर सकेंगे। अब किसानों को अपनी मेहनत की उपज औने–पौने दामों में बेचना नहीं पड़ेगा। किसानों को ग्रेड ए धान 2070 रुपये प्रति क्विंटल जबकि साधारण धान 2050 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जायेगा। हालांकि अभी किसी भी धान क्रय केंद्र पर खरीदारी शुरू नहीं की गई है। मौके पर बीडीओ जय प्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह अररुआ पैक्स के क्रय पदाधिकारी ब्रजेश कुमार आदि थे।

# नववर्ष की तैयारी में है निगम: अरुणा शंकर

- महापौर अरुणा शंकर ने नववर्ष की स्वागत को ले निगम क्षेत्र स्थित पार्क, चौक चौराहे आदि के सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**खबर मन्त्र टोली**







मरीन ड्राइव और अंबेडकर पार्क में सफाई का जायजा लेतीं मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर व अन्य और शहर के अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाते बच्चे।

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर शुक्रवार को अपने पूरे दलबल के साथ नये वर्ष के स्वागत में चौक चौराहे, पार्क, मॉडलर टॉयलेट की विशेष सफाई स्वयं देखने निकली। मौके पर महापौर श्रीमती शंकर ने कहा कि नव वर्ष में पूरे निगम क्षेत्र के लोग विशेषकर महिलाएं, बच्चे घर से बाहर शहर तथा पार्क में घूमने निकलते हैं जहां निगम का दायित्व स्वच्छता, सुंदरता एवं सुरक्षा के लिए बढ़ जाता है।

इसी क्रम में उन्होंने गांधी उद्यान, अंबेडकर पार्क, मरीन ड्राइव की विशेष सफाई, रास्ते में लगे मॉडलर टॉयलेट की सफाई के साथ ब्लीचिंग का छिड़काव एवं चौक चौराहों की मूर्तियों की सफाई एवं रास्ते पर पड़े कचरे उठाने का निर्देश निगम कर्मियों को दिया है। महापौर ने कहा कि नव वर्ष 2023 में शहर के लिए कई प्रमुख योजनाएं धरातल पर नजर आएंगे जिसमें प्रमुख महिला सिटी बस का परिचालन, निगम का नया भवन, भीखम दास मंदिर तक मरीन ड्राइव, तिरंगे लाइट से सजा कोयल पुल, नए स्वरूप में चौक चौराहे, एयर कंडीशन शव वाहन का परिचालन, शिवाजी मैदान का जीर्णोद्धार, स्टेट बस डिपो का जीर्णोद्धार, बच्चों के लिए स्केटिंग जॉन के साथ गांधी उद्यान का नया स्वरूप, चैनपुर, शाहपुर, रेडमा, पुलिस लाइन रोड, सिंचाई कॉलोनी में बच्चों के लिए मल्टी प्ले स्टेशन तथा शीतल पानी की व्यवस्था, पुलिस स्टेडियम का जीर्णोद्धार, चौधराना बाजार क्षेत्र की सड़कों में टाइल्स लगाना, हर मुख्य मुख्य मार्ग का कालीकरण एवं चौड़ीकरण के अलावे शहर का सबसे प्रमुख योजना शहरी जलापूर्ति फेस 2 का कार्य प्रारंभ प्रमुख होगा।

**और क्या बोलीं मेयर :** महापौर ने भ्रमण के क्रम में कई योजनाओं का भी निरीक्षण की तथा कुछ योजनाओं का भुगतान पर रोक लगाते हुए पुनः कार्य करने का आदेश दिया। महापौर ने कहा कि जल्द 14 जनवरी के बाद हर वार्ड में महापौर आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी जिसमें निगम की पूरी टीम संबंधित वार्ड पार्षदों के साथ उपस्थित रहेंगे ताकि 2023 में ली जाने वाली उस वार्ड की योजना उस बैठक में तय हो। महापौर ने सभी निगम वासियों को कोरोना की सावधानी बरतते हुए नया वर्ष मनाने की शुभकामनाएं दी।

### शीघ्र रोकें संवेदक की भुगतान राशि : महापौर



महापौर अरुणा शंकर ने आम बागान से रांची रोड बन रहे मार्ग को घटिया कार्य बताते हुए संवेदक को पुनः कार्य करने का निर्देश दिया वरना काम छोड़कर भागने को कहा। उन्होंने कहा कि घटिया कार्य का राशि भुगतान किसी भी कीमत पर नहीं किया जायेगा। कहा कि ऐसे संवेदक ब्लैक लिस्ट भी किये जायेंगे। महापौर ने शहर में लगा रहे पेवर ब्लॉक कार्य को भी घटिया बताया और कहा कि कार्य नहीं सुधरा तो भुगतान रोकते हुए ब्लैक लिस्ट किये संवेदक जायेंगे। कहा कि संवेदक से पैसा भी रिकवरी होगा। घटिया कार्य जनता के साथ अन्याय में बर्दाश्त नहीं करूंगी।

# सड़कों के निर्माण से जनता का आवागमन होगा सुलभ : सांसद

➲ पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को खुशखबरी

- सांसद की अनुशंसा पर पलामू के दो महत्वपूर्ण सड़कों को सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय केंद्र सरकार ने दी स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बीडी राम, पलामू सांसद।

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में विभिन्न सड़कों के निर्माण हेतु सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा अनुशंसा किया गया था। उक्त अनुशंसा के आलोक में पलामू जिला के दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण हेतु प्रस्ताव को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वीकृति दे दी है।

इसमें भजनिया से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार रोड़) वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरी एवं रानीदेवा तक 17.372 किलोमीटर और कुट्टी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक के हेड क्वार्टर तक 24.100 किलोमीटर पथ शामिल है।

इसके लिए सांसद श्री राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता के तरफ से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। सांसद श्री राम ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि उपरोक्त सड़कों के निर्माण से जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से निजात मिलेगी। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

### सड़क पर प्रदूषण के खिलाफ उपायुक्त को दिया आवेदन

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर क्षेत्र के शाहपुर किला से लेकर चैनपुर थाना होते हुए रामगढ़ जाने वाली सड़क पर हो रहे प्रदूषण के खिलाफ चैनपुर नाका निवासी अधिवक्ता चितरंजन पांडे ने शुक्रवार को पलामू उपायुक्त ए दोड्डे को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि सड़क पर हो रहे प्रदूषण पर किसी भी पदाधिकारी का ध्यान नहीं जाता। जबकि इस सड़क पर वन विभाग, प्रखंड कार्यालय, थाना, चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र सहित कई निजी अस्पताल मौजूद है। इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों गाड़ियां चलती हैं। इस सड़क पर चलने वाली क्षमता से अधिक लोड लेकर छड़ी और बोल्डर लेकर चलने वाली हाईवा, अवैध बालू का परिचालन करने वाली गाड़ियां सड़क को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है।

# सादगी, विनम्रता, त्याग की प्रतिमूर्ति हीरा बा के निधन से सभी दुखी : डॉ शशिभूषण

- दुख की घड़ी में पूरा राष्ट्र पीएम नरेंद्र मोदी और परिवार के साथ
- रांची ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हुई शोकसभा
- सांसद, विधायक समेत कई लोगों ने माता को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बेन के निधन पर रांची स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा, रांची विधायक सीपी सिंह, भाजपा झारखंड प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, स्कूल के सेक्रेट्री सह डॉ मेहता की धर्मपत्नी किरण मेहता समेत कई लोगों ने पीएम श्री मोदी के माताजी को अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद, विधायक समेत अन्य लोगों ने पीएम की माता के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हमारे भारत देश को विश्व मे नयी गरिमा प्रस्थापित करने के लिये एक कर्त्तत्ववान नेता देने वाली माता को वंदन करते हैं। इस अत्यंत दुख की घड़ी में पूरा राष्ट्र मोदी जी और परिवार के साथ है। ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मौके पर पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बेन के निधन से हम सभी दुखी हैं। इस दुख की घड़ी में पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री मोदी और उनके परिवार के साथ है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं उपस्थित अभिभावकों ने भी उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केवल बेहतरीन वास्तुविद ही नहीं, उच्च कोटि के कवि शिक्षाविद और समाजसेवी थे सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल

**भावभीनी श्रद्धांजलि**

- छतरपुर अनुमंडल के सड़मा में 30 एकड़ जमीन पर शिक्षण संस्थानों को स्थापित कर जगाया शिक्षा का अलख

**नवीन कुमार सहाय**

**मेदिनीनगर।** व्यक्ति जब चला जाता है तो उसके साथ बिताए हुए पल यादों में हमेशा के लिए समाहित हो कर रह जाते हैं। यह भौतिक जगत उस कमी को तो पुरा नहीं कर सकता किंतु साहचर्य की स्मृतियां हमेशा हमारा मार्ग प्रशस्त करती रहती हैं तभी तो लगता है गुजर गया व्यक्ति सदैव साथ था और हमेशा साथ ही रहेगा। हमारे प्रेरणा के श्रोत एवं मेरे मानस पिता इंजीनियर सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी का अचानक हम सबों को छोड़कर जाने का हृदय विदारक समाचार उनके सारथी ड्राइवर जितेंद्र से सुनकर सन्न रह गया। इस आघात को व्यक्त करने के लिए वज्रपात शब्द भी छोटा है। इंजीनियर सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की मृत्यु पलामू ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक बेहतरीन वास्तुविद ही नहीं बल्कि उच्च कोटि के शिक्षाविद, अच्छे कवि एवं समाजसेवी थे। उनमें विनम्रता और स्वाभिमान कूट-कूट कर भरी थी कोई भी उनके पास सहायता के लिए आ कर प्रार्थना करता तो वे भरसक उसकी सहायता करते थे- चाहे वह विचारों से उनका विरोधी ही क्यों न हो।

### युवाओं के कंधे पर बंदूक की जगह रखवाया बस्ता...



छतरपुर के जिस इलाके में कभी समाज के मुख्यधारा से भटके हुए युवा वर्ग दिन के उजाले में भी अपने कंधों पर बंदूक लिए घूमते नजर आते थे। उस नक्सल प्रभावित भूमि पर शिक्षा का अलख जगाया, उस इलाके में उपजे बेरोजगारी, पलायन, गरीबी के साथ-साथ इलाके में फैला अशिक्षा का दावानल उन्हें कचोटता था। वे कहते थे शिक्षा जीवन का है आधार, जो करती है सब सपने साकार शिक्षा के इस गुढ़ सिद्धांत से प्रेरित होकर विरासत में मिली सेवा भाव के प्रेरणा अनुसार तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से करीब 50 किलोमीटर दूर छतरपुर अनुमंडल के सड़मा ग्राम में पूर्वजों से प्राप्त 30 एकड़ जमीन पर शिक्षण संस्थानों को स्थापित करके इलाके में व्याप्त अशिक्षा रूपी अंधेरे से उजाले की ओर इलाके को बढाने का कदम उठाया और उनके इस कार्य को बढ़ाने में इलाके के लोगों में तत्कालिक प्रशिक्षु आईपीएस संदीप बसंत कदम (वर्तमान आईएएस), जुझारू युवा पत्रकार अरविंद गुप्ता चुनमुन (राज्य सरकार द्वारा अधिमान्यता प्राप्त) एसडीओ छतरपुर आईएएस मनोज कुमार, आईपीएस धनंजय धनवट, तत्कालीन सीओ दिनेश सुरीन, बीडीओ सौरव कुमार, युवा समाजसेवी आसिफ इकबाल, शीतल सिंह, धीरेंद्र कुमार, पवन कुमार (एसबीआई) शामिल हैं।

### नये थाना प्रभारी अमन कुमार ने किया योगदान



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नये थाना प्रभारी के रूप में अमन कुमार ने शुक्रवार को योगदान दिया। उन्होंने योगदान के बाद पत्रकारों से बताया कि इस थाना क्षेत्र में अमन चैन बहाल किया जायेगा। साथ ही यह भी कहा कि अपने थाना क्षेत्र में अपराध मुक्त वातावरण बनाने की मेरी पहली प्राथमिकता होगी। निवर्तमान थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने नवनियुक्त थाना प्रभारी अमन कुमार को प्रभार दिया।

### कांग्रेस ने किया थाना प्रभारी को सम्मानित



**मनातू पलामू।** नवनियुक्त थाना प्रभारी कमलेश कुमार यादव को मनातू कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। भेंट उपरांत थाना प्रभारी ने अपने थाने में आये सभी अतिथियों से बारी–बारी भेंट किया। कहा कि सबके सहयोग से मनातू को अपराध मुक्त बनायेंगे। मौके पर मझौली के रोशन यादव, चक के विनोद प्रजापति, नागद के हरजीत यादव शामिल थे।

### हरिहरगंज : पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त की



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू एसपी के निर्देश पर हरिहरगंज थाना पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव बतरे नदी किनारे चल रही शराब भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है। मौके पर बरामद करीब 1000 किलो जावा महुआ भी नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार को रोकने को पुलिस तत्पर है। अभियान में एसआई निर्भय कुमार, एएसआई संजय सिंह आदि थे।

### सत्येंद्र ने कंबल बांट शुरू की राजनीतिक यात्रा



**पांकी/ मनातू।** पांकी विस क्षेत्र के मनातू प्रखंड के ग्राम तिलो निवासी युवा नेता सत्येंद्र साहू आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने पदमा चौक स्थित स्व विदेश सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर और उनका चरण स्पर्श कर राजनीतिक यात्रा कंबल वितरण से प्रारंभ कर दी है। वे पांकी विस क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण कर गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल बांट रहे हैं और लोगों का आशीर्वाद ले रहे हैं। अबतक क्षेत्र में पांच हजार कंबल बांट चुके हैं। 17 दिसंबर से श्री साहू ने अपना अभियान शुरू किया है। अब तक वे विधानसभा क्षेत्र के लगभग दो सौ गांव का भ्रमण कर चुके हैं। उन्होंने कहा की अभी कंबल वितरण का अभियान जारी रहेगा और विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक पहुंचना है और जनता का आशीर्वाद लेना आवश्यक है। कहा कि राजनीतिक प्रेरणा उन्हें पांकी विस के दिवंगत विधायक राजनीतिक गुरू स्वर्गीय विदेश बाबू से मिली है।

# विश्रामपुर : बंधन बैंक के कलेक्शन सेंटर से दिनदहाड़े 48 हजार की लूट

- चार हथियारबंद नकाबपोशों ने घटना को दिया अंजाम, दो बाइक से हुए फरार
- छानबीन में जुटी पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज, कैमरे में कैद है घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित प्राइवेट बंधन बैंक के कलेक्शन सेंटर से शुक्रवार को दिनदहाड़े लूट हुई। चार नकाबपोशों ने हथियार के दम पर 48 हजार रुपये लूट लिये। लूट कांड को अंजाम देकर लुटेरे दो बाइक से रेहला की ओर भाग गये। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। सेंटर के प्रबंधक मिंटू राय ने बताया कि शुक्रवार को करीब 12 बजे बारी-बारी से चार नकाबपोश सेंटर के अंदर घुसे। हथियार के दम पर बैंक कर्मी सुधीर पासवान व सुबोध यादव को हटाकर काउंटर तोड़ते हुए लूटपाट शुरू की। पैसे के लेनदेन का ब्यौरा मिलाया जा रहा है। अभी तक 48 हजार रुपये से अधिक की लूट की पुष्टि हो चुकी है। लूट की राशि बढ़ भी सकती है। इसके अलावा लुटेरे बैंक का मोनिटर, टैब व कर्मचारी का एक मोबाइल भी लूटकर ले गये हैं।

# पलामू की बेटी बिहार में बनी अफसर

➲ दोस्तों ने गर्मजोशी से किया अपूर्वा का स्वागत

- आपका जीवन संवार सकती है कुछ वर्षों की ईमानदारीपूर्ण मेहनत : अपूर्वा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** पलामू की बिटिया बिहार में बनी अफसर से चर्चा में आए मेदिनीनगर के आबादगंज निवासी शिक्षक अमरेंद्र नारायण की पुत्री प्राची अपूर्वा ने रांची से मेदिनीनगर वापसी के क्रम में सतबरवा के कुछ छात्रों के एक समूह से मुलाकात की, जहां छात्रों में सुश्री अपूर्वा का गर्मजोशी से स्वागत किया। बताया जाता है कि प्राची अपूर्वा बीपीएससी की 66वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सामान्य श्रेणी से 18वां स्थान लाकर बिहार के मधुबनी जिले के जयनगर में उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में अपना योगदान दिया है। सुश्री अपूर्वा योगदान के बाद अपने ट्रेनिंग के लिए वापसी के क्रम में सतबरवा में रुक कर छात्रों से मुलाकात की। वहीं सुश्री अपूर्वा ने बताया की पहले जिम्मेवारी कम थी अब अधिक जिम्मेवारी से काम करना होगा। उन्होंने बच्चों के साथ अपने पढ़ाई के दिनों को साझा किया की सफलता कैसे प्राप्त की जाए साथ ही उन्होंने बताया कि कुछ सालों की कड़ी मेहनत इनके जीवन में खुशियां भर सकती है।

# पीएम आवास योजना : कजरी पंचायत के 15 लाभुकों के खिलाफ नीलाम पत्र वाद दायर

➲ बीडीओ ने लिया पीएम आवास निर्माण का जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





पीएम आवास का निरीक्षण करते बीडीओ व अन्य।

**पड़वा पलामू।** पड़वा में प्रधानमंत्री आवास लंबित न रहे इसके लिए बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद निरंतर सक्रियता के साथ साथ लगे हुए हैं। पंचायतवार आवास निर्माण का समीक्षा कर कार्य में गति देने के लिए प्रखंड कर्मियों के साथ साथ पंचायत प्रतिनिधियों को भी सक्रियता के साथ काम कर लंबित को पूरा कराने का निर्देश दें रहे हैं। इसके साथ ही प्रत्येक गांवों में स्थल पर जाकर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य का जायजा ले रहे हैं। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद शुक्रवार को कजरी पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर आवास निर्माण का जायजा लिया। जांच में पाया कि वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21 का अभी भी आवास लंबित पड़ा है। लाभुक दूसरा किस्त लेकर भी आवास निर्माण नहीं किए हैं। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि 2018 से 2021 तक लंबित आवास जिसकी दूसरी किस्त का भुगतान लाभुक को कर दिया गया है वैसे लाभुको के खिलाफ सर्टिफिकेट केस किया गया। निर्धारित समय सीमा में आवास पूरा नहीं करते हैं तो सभी लाभुकों से ब्याज सहित राशि की वसूली की जायेगी। जिन लाभुकों पर केस किया गया उसमें कृष्णा राम, चिंता देवी, कौशल्या देवी, माया देवी, गणेश मांझी, पंकज कुमार, बाल्मीकि तिवारी, बिफनी देवी, सुदेश्वर मोची, रामाकांत तिवारी, संध्या देवी, मधुबाला देवी, मुरती देवी, सुशीला देवी, संजय कुमार, मोला देवी, विजय सिंह, रीता देवी के नाम शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव मनोज कुमार मिश्रा आदि कर्मी शामिल थे।

# अमित सोनी ने सतबरवा थाना प्रभारी के रूप में दिया योगदान

➲ क्षेत्र को शांतिपूर्ण और अपराधमुक्त बनाना है प्राथमिकता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



थाना प्रभारी को बधाई और शुभकामनाएं देते लोग।

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने शुक्रवार को अपना योगदान सतबरवा थाना में दिया तथा वर्तमान प्रभारी कुणाल किशोर मौर्या से प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नव पदास्थापित थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को फुल गुच्छे देकर स्वागत किया। मौके पर श्री सोनी ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी। लोग अपनी समस्याओं को लेकर बेहिचक मिल सकते हैं। सभी तरह के विवादों का निपटारा नियम संगत किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य सुधा कुमारी, अवधेश सिंह चेरो श्यामबिहारी प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मुखिया रिंकी यादव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अतुल कुमार, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, संजय यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिजय पाठक, अर्पण गुप्ता, भोला राम, सतेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद आर्य, अजय उरांव, यशवंत चंद्रवंशी, गुडु प्रसाद, बिरेंद्र कुशवाहा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, निरंजन यादव मुकेश कुमार संदीप प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सिल्ली: 50 लोगों की हुई कोरोना जांच कोई संक्रमित नहीं



**सिल्ली।** सिल्ली में कोरोना की नियमित जांच शुक्रवार से शुरू कर दी गयी है। सिल्ली के सामुदायिक अस्साल परिसर एवं मुरी में बंगाल सीमा पर जांच टीम लोगों की जांच कर रही है। शुक्रवार को बंगाल सीमा पर पचास लोगों की जांच की गई। जांच टीम ने बताया है कि जांच में कोई भी पॉजिटिव नहीं पाया गया है।

## मवेशी लदा पिकअप वैन जब्त, चालक गिरफ्तार

**चान्हो।** पुलिस ने अवैध रूप से मवेशी ले जा रहे पिकअप वैन को जप्त कर शुक्रवार को चालक अली कुरैसी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार डोरंडा निवासी चालक अली पिकअप वैन में आठ मवेशियों को बुरी तरह से ठूंसकर कुडू से रांची की ओर जा रहा था। इसी दौरान ओपा के निकट पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और वहीं खड़ी हो गई। जैसे ही लोगों की नजर मवेशी लदे गाड़ी पर पड़ी लोगों ने मवेशियों को गाड़ी से उतारा। इस तरह से मवेशियों को गाड़ी में लाया गया था कि दम घुटने से एक मवेशी गाड़ी में ही मर गया था जबकि दूसरे की हालत भी मरणासन्न की तरह ही थी। जब तक लोग कुछ समझते कुछ लोग छः मवेशियों को वहां से लेकर फरार हो गए। भागने की कोशिश कर रहे चालक अली कुरेशी को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## चान्हो :अवैध कोयला लदे छह बाइक जब्त

**चान्हो।** चान्हो पुलिस ने शुक्रवार को अवैध कोयला लदे छह बाइक को जब्त किया है। थाना प्रभारी रंजय कुमार के अनुसार सुबह करीब सात बजे गश्ती के क्रम में कोयला लदे बाइक को बीजुपाड़ा खलारी मार्ग में चंडी स्थान के निकट से जब्त किया गया। पुलिस को देख बाइक सवार मौके से निकल भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी के अनुसार आगे भी अवैध कोयला तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## सोनाहातू पुलिस ने किया अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त

**सोनाहातू।** थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम के नेतृत्व में प्रखंड के नरसिंह लोवाडीह ओर राणाडीह गांव में अवैध रूप से संचालित शराब भट्टी को पुलिस ने ध्वस्त किया है। पुलिस टीम ने तीनों गांव से कुल 500 किलो जावा महुआ सहित शराब बनाने वाले सामग्री को नष्ट किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा की देशी महुआ से शराब बनाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई किया जा रहा है ये आगे भी जारी रहेगा।

## जाली दस्तावेज बनाने के आरोप में केस दर्ज

**ठाकुरगांव।** जाली दस्तावेज और गलत वंशावली बनाकर जाति प्रमाण पत्र बनवाने वाले अमन दीप व प्रज्ञा केंद संचालक जहांगीर अंसारी पर बुढ़मू सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी ने ठाकुरगांव थाना में शुक्रवार को मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार भारती कॉटेजए विजय पथ बीओआईए पंडरा के पासए पंडरा हेहल निवासी अमन दीप ने खुद को गुरूगांई गांव के खाता संख्या 126 के खतियारी रैयत फेकवा हजाम का वंशज बताते हुए खखरा ग्राम के प्रज्ञा केंद्र में संचालक के सांठगांठ से ऑनलाइन आवेदन कर फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा लिया था। मामले की शिकायत मिलने के बाद अंचलाधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी ने जांच में शिकायत को सही पाया और जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए ठाकुरगांव थाना में मामला दर्ज कराया।

# रातू में अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता

## रातू के नये थानेदार सपन महथा ने की शांति समिति की बैठक

## सबको साथ लेकर चलने का किया वादा सदस्यों से सहयोग की जताई उम्मीद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस निरीक्षक सह थानेदार सपन कुमार महथा ने पदस्थापन के बाद पहली बार थाने में शांति समिति की बैठक की। प्रमुख संगीता तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने सदस्यों को नववर्ष 2023 की अग्रिम बधाई दी। श्री महथा ने लोगों का कुशलक्षेम जाना और परिचय भी लिया। अपराध नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता बताते हुये उन्होंने क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक व पंचायत प्रतिनिधियों को साथ लेकर चलने का वादा किया। श्री महथा ने विश्वास व्यक्त किया कि इलाके के लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। बैठक में कमरुल हक, अखौरी नीरज, दामोदर मिश्र, शमीम मंसुरी, महावीर विश्वकर्मा, अरशद अयुब, रामेश्वर दयाल, रामधीर तिवारी, बंधु महतो, लक्ष्मी नारायण भगत, मो रज्जब अली, अब्दुल कुदुश अंसारी, शफीक अंसारी, जासिम अंसारी, ज्योति भगत व अहिल्या कच्छप ने भी अपनी बातें रखी। धन्यवाद ज्ञापन संगीता तिर्की ने दिया।



### बैठक में लिया हिस्सा

हजारी प्रसाद, महफुज आलम, मियांजान अंसारी, पंचम सिंह, रीता भगत, अंजुम खान, शिवपूजन साहू, नूरमोहम्मद, संजय उरांव, आनंद सिंह, आजाद अंसारी, लखन गोप, जाफर अंसारी, राजू पाठक, संजय मुंडा, राजेंद्र मिर्धा, मो मोख्तार, अब्दुल सुभान राय, समीउल्लाह अंसारी, सुरेंद्र महतो, ओम प्रकाश वर्मा, मो तारिक, एसआई चमरा मिंज, पिंटू कुमार, एएसआई संजय सिंह, दीनबंधु दुबे, नरेश यादव, परशुराम सिंह, उज्जवल सिंह, बिष्णु कुमार आदि।

## बेड़ो थाना प्रभारी ने घर- घर जाकर किरायेदारों का किया सत्यापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के घरों में किराए पर घर लेकर रह रहे6 किरायेदारों का घर घर जाकर बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने अपने टीम के साथ किरायेदारों का सत्यापन किया। इसे लेकर बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और बेड़ो को क्राइम मुक्त प्रखंड जॉन बनाने हेतु लगातार पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बेड़ो के घरों में किराए के मकान लेकर कोई भी अपराधी किस्म के लोग ना रहे इसे लेकर भी पुलिस करवाई कर रही है। वहीं उन्होंने बेड़ो के आम नागरिकों से अपील किया है कि अपने घरों को किराए में देने से पहले उनका अच्छे से जांच कर ले और बेड़ो थाना से फॉर्म लेकर किराएदार का डिटेल थाना में सबमिट करें। ऐसा नहीं करने वाले मकान मालिक पर पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे थाना प्रभारी ने बाइक में चलने वाले युवाओं समेत ग्रामीणों को कड़ी हिदायत दी कहा कि सभी लोग हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। हेलमेट के उपयोग से आप सभी सुरक्षित रहेंगे।



## रातू: जहांगीर आलम अध्यक्ष और प्रदीप मुंडा बने सचिव

### बानापीड़ी में झामुमो की पंचायत समिति गठित



**रातू।** झामुमो प्रखंड समिति की बैठक बानापीड़ी में अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में हुयी। मोर्चा संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। इसके बादए पंचायत समिति का गठन किया गया। जहांगीर आलम अध्यक्षए प्रदीप मुंडा सचिवए जाहिद अंसारी व विनोद मुंडा उपाध्यक्षए विजय कुमार कोषाध्यक्षए नूर मोहम्मद अंसारी संगठन सचिव तथा शमशेर अंसारी व असलम अंसारी सह सचिव चुने गये। वहींए कार्य कारिणी सदस्यों में आलमगीर अंसारीए अताउल अंसारीए प्रिंस कुमारए अमित ठाकुरए मो रशीद व मो अनवर शामिल हैं। मोर्चा नेताओं ने नवगठित समिति के पदधारी और सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया। संचालन अस्लम अंसारी ने किया। मौके पर कमरुल हकए वीरेंद्र साहूए सामी अंसारीए आफताब आलमए तेतरू उरांवए जैनुल हकए विरसा उरांव व पंकज महतो आदि दर्जनों मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अवैध देसी और अंग्रेजी शराब के खिलाफ छापा

### रेस्टोरेंट, होटल और ढाबों में पुलिस ने चलाया अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना की पुलिस का अवैध रूप से देसी व अंग्रेजी शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान जारी है। इसी के तहत शुक्रवार को सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि व एसआई अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र के रेस्टोरेंट, होटलों और ढाबों में छपमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने झारखंड ढाबा, पंजाबी ढाबा, एमके मोटल, सेलिब्रेशन रेस्टोरेंट सहित कई होटलों में छापामारी की। हालांकि पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस की छापामारी अभियान की भनक लगते ही होटल संचालक सतर्क हो गए थे। पुलिस की लगातार छापामारी अभियान के कारण अवैध रूप से देसी व अंग्रेजी शराब बेचने और बनाने वालों पर शामत आ गई है। इससे शराब के सौदागरों और इसके सेवन करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। इस से पूर्व भी मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को भी क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया था। इस संबंध में सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने बताया कि क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पुलिस देखते ही भाग खड़े हुए होटल संचालक

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना की पुलिस ने शुक्रवार को थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि व एसआई अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के रेस्टोरेंट, होटलों और ढाबों में छापमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने रेस्टूरेंट सहित कई होटलों में छापामारी की। हालांकि पुलिस को इसमें कोई सफलता नहीं मिली है। छापामारी की भनक होटल संचालकों को पहले ही लग गई थी। इससे पूर्व भी क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने बताया कि क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## बेड़ो के नरकोपी में छेका में पहुंचे युवक का शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के ईटा गांव में छेका में शामिल होने आए युवक की शव शुक्रवार को इसी गांव के एक कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी के थाना प्रभारी अभिजीत कुमार तत्काल घटना स्थल पहुंचे व शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं युवक की पहचान एतवा उरांव पिता स्व0 सीताराम उरांव 32 वर्ष ग्राम लूडरी थाना चान्हो निवासी के रूप में की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नरकोपी थाना क्षेत्र के ईटा बस्ती जाने वाली सड़क के किनारे जमरूद्दीन अंसारी के पक्का कुंआ से शुक्रवार के दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। जिसकी पहचान चान्हों थाना क्षेत्र के लुंडरी गांव के एतवा उराँव के रूप में की गई है। जो विगत 26 दिसंबर को लुंडरी गांव निवासी धुच्चु उराँव की बेटी का छेका मेहमानी में ईटा गांव आया था। जहां गांव में जाने का रास्ता नहीं होने के कारण बस को जंगल किनारे सड़क पर खड़ा करके सभी लोग मेहमानी पैदल बस्ती गये थे। इसी रात साढ़े आठ बजे तक खाना खाते हुए देखा गया था।

एक नजर में

## 50 असहाय-गरीब बच्चों को मिला कंबल



**इटकी।** इटकी सुल्तान नगर स्थित मदरसा तहफजुल कुरआन में पढ़ने वाले गरीब असहाय 50 बच्चों के बीच समाजसेवी सह आजसू पार्टी के जिला सचिव मुर्तजा आलम ने अपने निजी कोष से कंबल व गर्म टोपी का वितरण किया। अत्यधिक ठंड के मौसम में दूर दराज से पढ़ने आये बच्चों में कम्बल और गर्म टोपी पाकर खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर मुर्तजा आलम के द्वारा अलाव की व्यवस्था कर जलावन लकड़ी भी उपप्लब्ध कराया गया। मौके पर मदरसा के मोहतमिम मुश्ताक अहमद नदवी, कारी असद, मौलाना नईमुद्दीन नदवी, कारी आबिद, कारी अताउल्लाह, हाजी तैयब अली, अकील अहमद, तफज्जुल आलम, तारिक आलम, हाजी मो गियासुद्दीन, तौफीक आलम, अब्दुल्लाह टिंकू, मो शमीम मौजूद थे।

## बीसा में शहीद जीतराम बेदिया की जयंती मनी



**अनगड़ा।** शुक्रवार को प्रखंड के बीसा मे स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया की 220 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गयाण विधायक राजेश कच्छप एव पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अमर शहीद के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत कीण विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया के विचारों एवं संघर्ष को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजली होगीण शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता हैण अपनी संस्कृतिए भाषा व अस्तित्व को बचाने के लिए हम सभी को आगे आना है। मौके पर अशोक बेदिया छत्रपति बेदिया जीवधन बेदिया उमेश बड़ाईक पंसस दिलीप बेदिया जॉन तिग्गा मनेशवर मुंडा मुखिया मंजोती देवी भुवनेश्वर बेदिया सविता देवी मेघनाथ बेदियाए श्यामसुंदर बेदिया महावीर बेदिया रोहित बेदिया अजय मुंडा सोहन बेदिया राजेंद्र मुंडा, सरीता देवी आदि उपस्थित थे।

## अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिरसा मुंडा ने किया था उलगुलान

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़ा में पहुंचे सांसद आदित्य साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत मुंडा समाज द्वारा गुरूवार को बारह पड़हा मैदान पुंदाग ओरमांझी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालक और बालिकाओं का फुटबॉल मैच का आयोजन व मैट्रीक परिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के स्कूली बच्चों सम्मानित किया गया। वहीं रात्रि में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विजेता टीम के खिलाड़ी व स्कूली बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आदित्स साहू ने कहा गरीबों के सोषण के खिलाफ जनमानस को जगाने वाले बिरसा मुंडा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहला उलगुलान किया था। यही कारण था कि लोग उन्हे भगवान की उपाधी दी। उन्होने कहा झारखंड के गरीब व भोले-भाले आदिवासी समाज को मंतातरण किया जा रहा है। झारखंड में आदिवासी समाज के अस्तित्व बचाने के आदिवासी समाज को जागरूक व षिक्षित बनाना होगा। उन्होने कहा केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा एक आदिवासी महिला को महामहीम द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों को सम्मान देने का कार्य किया।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

### प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

प्रतिमा में माल्यार्पण करने वालों में कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, जिप सदस्य सरिता देवी, खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी सह आजसू जिला सचिव रामधान बेदिया, पंसस रष्मि रेखा मुंडा, मुखिया रीना देवी, कलावती देवी, समाज सेवी चतुर साहू, शैलेंद्र मिश्रा, मोतीलाल महतो, आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, सचिव संजय मुंडा, भीम मुंडा, राजु मुंडा, कामेष्वर मुंडा शामिल हैं।

## पावर सबस्टेशन में आजसू का प्रदर्शन

**ओरमांझी।** बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ आजसू पार्टी द्वारा ओरमांझी के बिजली पावर सबस्टेषन इरबा में प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय कमेटी के दिशा-निर्देश पर बुधवार को पावर सबस्टेशन में प्रदर्षन करने पहुंचे कार्यकताओं ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और एक ज्ञापन सौंप बिजली की लचर व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि अगर उनकी मांगों को नहीं मान गया तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में आजसू पार्टी के रांची जिला सचिव रामधन बेदिया, लक्ष्मी नारायण महतो, दिगंबर महतो, संजय तिर्की, विनोद महतो, श्रवण महली, संजय महतो, आर्यन महतो, आनंद महतो, दिलीप महतो, अमर महतो शामिल थे।

## सिल्ली सीएचसी ने निकाली जागरूकता रैली

**सिल्ली।** आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री जान आरोग्य योजना के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से आपके द्वार आयुष्मान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ जितेंद महली के नेतृत्व में स्वस्थ्यकर्मियों ने एक जागरूकता रेलों निकाली। रैली में शामिल कर्मियों ने आम लोगों के बीच ई-केवाईसी एप के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी दी। रैली अस्पताल परिसर से निकलकर विभिन्न इलाकों में घूमते हुए वापस अस्पताल परिसर लौट गयी। इस मौके पर प्रभारी डॉ जितेंद महली, डॉ विवेक, बीपीएम शशि चैबे समेत कई एएनएम एवं स्वास्थ्य सहिया शामिल थी।

## अशोक चौधरी के निधन पर शोक की लहर

**सिल्ली।** सिल्ली निवासी 64 वर्षीय अशोक चैधरी का गुरुवार को हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे नवयुवक कांवरिया संघ सिल्ली के सक्रिय सदस्य थे। वे हरि नाम संकीर्तन समिति, आदि दुर्गा मंदिर के पूजा समिति के सदस्य रहे। उनके निधन पर कांवरिया संघ, दुर्गा पूजा समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## राहे: दो उन्मादी हाथियों से परेशान हैं प्रखंड क्षेत्र के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** दोनों प्रखंड में इन दिनों दो हाथी से परेशान है ग्रामीण। राहे प्रखंड के कदमडीह, लोवाहातू, दुलमी, काशीडीह आदि गांवों में एक बूढ़ी हाथनी दिन में कहीं भी दिख जाता है। भागने में असफल है इसलिए धीरे धीरे चलता है। दिन में गांव के किसी खेत या खलिहान में रहता है।दिन में गांव में हाथी रहने से ग्रामीण काफी भयभीत रहते है। इधर सोनाहातू प्रखंड के सावडीह, पापरीदा, बांधडीह, कोकाडीह, मानकीडीह, पंडाडीह, हेसाडीह, आदि गांवों में विशालकाय हाथी दिन में खेत खलिहान में घूम घूम कर फसल नष्ट कर रहा है। ये हाथी हमलावर है। यहीं हाथी तमाड़ में उग्र होकर एक बाइक को पटक कर तोड़ दिया था। ग्रामीणों इसे गुजर सिंह नाम से जानते है। गुजर सिंह से ग्रामीण काफी भयभीत है।

लगातार हाथी से फसल नुकसान होने की सूचना पर वन विभाग गांव से हाथी की सुरक्षा को लेकर वन समितियों के बीच हाथी भागने का सामग्री का वितरण किये। जोजोपीडी, बांधडीह, सावडीह, मानकीडीह, कोकाडीह आदि गांव का दौरा कर मुआवजा देने का आश्वासन देकर सामग्री का वितरण किया गया है।

## रामपुर पंचायत में आदिवासी सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** आदिवासी जन परिषद पांच परगना कमेटी के तत्वाधान में शुक्रवार को रामपुर पंचायत में एमआर माझी की अध्यक्षता में आदिवासी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आदि आदिवासी समाज को अपने धर्म संस्कृति एवं दिए गए संविधानिक अधिकार लागू किए बिना आदिवासी समाज का विकास नहीं हो सकता। इसलिए आदिवासी समाज पढ़े लिखे और संगठित रहें। अपने अधिकार के आंदोलन में हमेशा आगे रहे। आदिवासियों का जमीन और धर्म मूल आधार है। इसको हमेशा बचाए रखें। सम्मेलन को साहेब राम भोगता, आदिवासी जन परिषद प्रखंड अध्यक्ष सावना मुंडा आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया। सर्वसम्मति से सम्मेलन में कई प्रस्ताव पारित किये गए इनमें बालू का ठेका ग्रामसभा को देने, आदिवासियों के धर्मकोड लागु करने के लिए पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने, सिल्ली सोना हातु प्रखंड में गैर आदिवासी द्वारा आदिवासी की हड़पी हुई जमीन अभिलंब वापस करने पर सहमति बनी। सम्मेलन में साहेब राम भोगता, डालचंद मुंडा, सावना मुंडा, उमेश लोहरा, आजमगढ़ मुंडा, उर्मिला देवी, विनोद राजवाड़ समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए।



## शहीदों के सपने को साकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** प्रखंड के टाटी सिंगारी, बीसा, सुरसू में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया का 220 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। सुरसू में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत शामिल हुई। बीसा में मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अमर शहीद के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे पूर्व शहीद के आदमकद प्रतिमा के उपर बनाए गए शेड का विधायक व पूर्व सांसद ने उदघाटन किया। शेड का निर्माण विधायक ने निजी खर्च पर तैयार कराया है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया के विचारों एवं संघर्ष को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजली होगी। शहीदों का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता है। अपनी संस्कृतिए भाषा व अस्तित्व को बचाने के लिए हम सभी को आगे आना है। संचालन अशोक बेदिया ने किया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# संत जॉन रांची को हरा बड़ाम पहुंचा सेमीफाइनल में

## चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल के एक तरफा मुकाबले में फोर एस बड़ाम की टीम ने संत जोन रांची को 3.1 से रौंद कर सेमीफइनल में प्रवेश कर लिया है। शुक्रवार को सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में खेले गये मैच में बड़ाम की टीम पुरे मैच के पहले हाफ में बड़ाम की ओर से अमन तिर्की ने 10 वें और विशाल गाड़ी ने 23वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई । खेल के दूसरे हाफ में संत जोन की ओर से प्रकाश कुमार ने 50वें मिनट में गोल कर अंतर को कम किया ।77वें मिनट में बड़ाम के खिलाड़ी विशाल गाड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को 3.1 जीत दिला दी। मुख्य अतिथि चुटटू अंजुमन कमेटी के सचिव हयात अंसारी व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता डॉ बिरसा उरांव व नामकुम पूर्वी के जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो ने बड़ाम के विशाल गाड़ी को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर मुख्य संरक्षक सोमनाथ मुंडाएअध्यक्ष राजेश पहानएसचिव प्रकाश कुमार यादव, नसीमुद्दीन अंसारी, चमरू बेदिया, सुरेश लकड़ा, इम्तियाज अंसारी, अजगुत करमाली व नंदलाल राम, प्रवक्ता शिवधर रजवार, फारूक खान, प्रवक्ता शिवधर रजवार व अशोक रजवार आदि उपस्थित थे।

# कृत्रिम संकट का डर

दरअसल, जब भी कोई महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदा सामने आती है तो आपूर्ति का एक कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है। फिलहाल भी कई औद्योगिक इकाइयों ने थोक में खरीददारी शुरू कर दी। निस्संदेह, इससे जमाखोरी को बढ़ावा मिलेगा। मुसीबत में अवसर तलाशने वाले लोग कोरोना संकट की दूसरी लहर में बेनकाब हुए थे। तब चंद निमार्ताओं और बिचौलियों ने मौके का चौका लगाया था। यहां तक कि जीवन रक्षक इंजेक्शन भी नकली बाजार में उतार दिये गये थे। अभी उद्योगपतियों की सोच है कि बाजार में जो भी दवा निर्माण में काम आने वाली सामग्री उपलब्ध हो खरीद लो। चीन में संक्रमण बढ़ने की खबरों के बीच दवा निर्माण में उपयोग होने वाले कई सामानों के दामों में पहले ही पंद्रह से बीस फीसदी तक की वृद्धि हो चुकी है। लेकिन इस मारामारी का सबसे घातक असर उन मरीजों पर पड़ेगा जो तमाम तरह के असाध्य रोगों से जूझ रहे हैं। वे सरकार व तंत्र से राहत की उम्मीद करते हैं। लेकिन समाज में जमाखोर व मुनाफाखोर लोग संकट का मौका पाते ही मरीजों को मूंडने का उपक्रम शुरू कर देते हैं। देश में महंगे इलाज के चलते हर साल लाखों लोग फंस जाते हैं। हालांकि, चीन पर दवाओं में इस्तेमाल होने वाले कच्चे सामान की निर्भरता कम करने के मकसद से बड़ी संख्या में ड्रग पार्कों के निर्माण को मंजूरी दी है, लेकिन दवाओं के निर्माण में काम आने वाली सामग्री के उत्पादन में कम से दो-तीन साल लग सकते हैं। तमाम भारतीय एपीआई उत्पादकों ने उत्पादन प्रोत्साहन योजना में निवेश किया था। जिसके चलते अब 53 प्रमुख एपीआई में से 35 का निर्माण देश में ही किया जा रहा है। जिसका लगभग नब्बे फीसदी हिस्सा बाहर से आयात किया जाता था। संस्था एपीआई और अन्य प्रमुख सामग्रियों की तत्काल कमी से इनकार कर रही है।

# प्रभावित होगा निर्यात

भारत का निर्यात भले ही वित्त वर्ष 2021-22 में 422 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गया हो, लेकिन प्रमुख पश्चिमी बाजारों में मंदी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भू-राजनीतिक संकट की छाया अगले साल यानी 2023 में देश के निर्यात को प्रभावित कर सकती है। राजनीतिक स्थिरता, माल की आवाजाही, कंटेनरों और शिपिंग लाइनों की पर्याप्त उपलब्धता, मांग, स्थिर मुद्रा और सुचारू बैंकिंग प्रणाली जैसे सभी वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने वाले कारक अब बिखर रहे हैं। संकट को बढ़ाते हुए, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका जैसे देशों में कोविड महामारी के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। इससे पहले कि कोविड-प्रभावित वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट से बाहर आ पाती, फरवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रकोप ने दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से बाधित कर दिया और वैश्विक वस्तुओं की कीमतों को बढ़ा दिया। युद्ध ने महत्वपूर्ण काला सागर मार्ग से माल की आवाजाही को भी प्रभावित किया। वर्ष 2023 में वैश्विक व्यापार में केवल एक फीसदी की वृद्धि होगी। जिनेवा स्थित बहुपक्षीय व्यापार निकाय ने कहा है कि विश्व व्यापार में वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में गति कम होने और वर्ष 2023 में कमजोर रहने की उम्मीद है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कई झटके लगे हैं। इसने कहा, डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्री अब भविष्यवाणी करते हैं कि वर्ष 2022 में वैश्विक व्यापारिक व्यापार की मात्रा 3.5 फीसदी बढ़ेगी झ्र जो अप्रैल में तीन फीसदी पूवार्नुमान से थोड़ा बेहतर है। हालांकि, वर्ष 2023 के लिए वे एक फीसदी की ही वृद्धि होने की उम्मीद व्यक्त करते हैं जो 3.4 फीसदी के पिछले अनुमान से काफी कम है। इन घटनाक्रमों के बीच भारत के लिए खुद को इन काली घटाओं से बचाना मुश्किल होगा।


# कैसे कोई बनता है मेसी या एम्बाप्पे

**खेल** का मैदान किस तरह से देश की सीमाओं से लेकर वर्गभेद मिटा देता है, यह सारी दुनिया ने बीते रविवार को देखा । फीफा विश्व कप के फाइनल को देखने का भारत से लेकर दुनिया के कोने-कोने में रहने वाले खेल प्रेमी इंतजार कर रहे थे। जाहिर है कि जो फाइनल मैच को देख रहे थे, उनमें से अधिकतर का संबंध न तो फ्रांस से था और न ही अर्जेंटीना से। पर इन दोनों देशों के खिलाड़ियों ने अपने श्रेष्ठ खेल और खेल भावना से सबका दिल जीता।



खेल देशों-दुनिया को जोड़ता है। एक सूत्र में पिरोता है। हमने कब मोहम्मद अली, पेले, माराडोना, लारा, रोजर फेडरर या उसेन बोल्ट को अपना नहीं माना। इसी तरह से हमारे सफल खिलाड़ियों जैसे दादा ध्यानचंद, मिल्खा सिंह, विश्वनाथन आनंद को देश और देश से बाहर खेल प्रेमियों का भरपूर प्यार मिलता रहा। कुछ समय पहले महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने टेनिस की दुनिया से संन्यास लिया था। तब सारी दुनिया के खेल प्रेमी उनके चमत्कारी करियर को याद कर रहे थे। उनमें भारतीय भी तो कोई कम नहीं थे।

कोई खिलाड़ी मेसी, एम्बाप्पे, रोजर फेडरर, डिएगो माराडोना, मोहम्मद अली या कपिल देव कैसे बन जाता है? इस सवाल का उत्तर तलाश करने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत नहीं है। सभी खिलाड़ी मेहनत करते हैं। पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहे जाते। वे ही महान माने जाते हैं जो बिग मैच प्लेयर होते थे। वे बड़े और अहम मैचों में छा जाते थे। तब उनका जलवा देखते ही बनता था। बड़े खिलाड़ी का यही सबसे बड़ा गुण होता है कि वे खास मैचों या विपरीत हालात में छा जाते हैं। मेसी तथा किलियन एम्बाप्पे ने फीफा कप के फाइनल मैच में लाजवाब खेल का प्रदर्शन किया। मेसी और एम्बाप्पे ने कुल जमा तीन और चार गोल किए। ये गुण होता है कि किसी बड़े खिलाड़ी में जो उसे महान बनाता है। मतलब जब टीम को आपकी सर्वाधिक जरूरत होती है तब ही आप अपने जौहर दिखाते हैं। कई बेहतरीन खिलाड़ी कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने जौहर नहीं दिखा पाते थे। लेकिन, ये फाइनल या अन्य खास मैचों के समय अपने जलवे बिखरते हैं।



-आरके सिन्हा

> कोई खिलाड़ी मेसी, एम्बाप्पे, रोजर फेडरर, डिएगो माराडोना, मोहम्मद अली या कपिल देव कैसे बन जाता है? इस सवाल का उत्तर तलाश करने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत नहीं है। सभी खिलाड़ी मेहनत करते हैं। पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहे जाते। वे ही महान माने जाते हैं जो बिग मैच प्लेयर होते थे। वे बड़े और अहम मैचों में छा जाते थे।

मेसी और एम्बाप्पे जैसे खिलाड़ी विश्व नागरिक बन चुके हैं। उन्हें सारी दुनिया प्यार करती थी। बड़े प्लेयर के साथ यही होता है। वह सबका होता है और सब उसके होते हैं। अब धावक उसेन बोल्ट को लें। उन्हें भारत में उतना ही अपना माना जाता है जितना किसी अन्य देश में। वैसे वे हैं तो जमैका से । रोजर फेडरर दिसंबर, 2015 में दिल्ली में कुछ प्रदर्शनी मैच खेलने आए थे। भारत के टेनिस के शैदाइयों को लीजैंड बन चुके रोजर फेडरर को साक्षात देखने का मौका मिल रहा था। रोजर फेडरर को खेलते हुए देखकर दर्शक झूम रहे थे। फेडरर बार-बार दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ हिला रहे थे। हार्ड, क्ले और ग्रास तीनों कोर्ट में एक जैसा शानदार प्रदर्शन करने वाले फेडरर जब कोर्ट में उतरे तो फिटनेस का चरम लग रहे थे। उनके चेहरे पर एक सुपर स्टार वाली गरिमा को देखा जा सकता था।

मुझे याद आ रही है 1976 की गणतंत्र दिवस की वह परेड। तब वहां पर महानतम मुक्केबाज मोहम्मद अली आए थे। उस समय इमरजेंसी का दौर चल रहा था। परेड शुरू होने में कुछ पल शेष थे। तब ही लाउड स्पीकर से घोषणा हुई कि विश्व हैवीवेट मुक्केबाज चैंपियन मोहम्मद अली राजपथ पर पधार रहे हैं। यह जानकार राजपथ पर मौजूद हजारों लोग प्रसन्न हो गए थे। मोहम्मद अली तब अपने करियर के शिखर पर थे। वे विश्व नायक थे। वे परेड शुरू होने से पहले राजपथ पर आ गए थे। उनके चाहने वाले उनका नाम लेकर उनका अभिवादन कर रहे थे। लंबे-ऊंचे कद के मोहम्मद अली जवाब में अपने मुक्के को हवा में घुमा रहे थे। मोहम्मद अली देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ बैठे थे। दुर्भाग्य से वह दौर सेल्फी का नहीं था।

बहरहाल, लियोनेल मेसी का विश्व विजेता बनने का सपना आखिरकार पूरा हो गया। 2014 में खिताब चूकने वाले मेसी की टीम ने फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे रोमांचक फाइनल में फ्रांस को फुल टाइम में 3-3 से स्कोर बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। यह अर्जेंटीना का तीसरा खिताब है। इससे पहले उसने 1978 और 1986 में ट्रॉफी अपने नाम की थी। पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना के गोलकीपर मार्टिनेज ने कमाल कर दिया। उन्होंने दो मौके बचाए और मेसी का सपना पूरा कर दिया। इसके साथ ही मेसी का नाम माराडोना के साथ सुनहरे अक्षरों में लिख दिया गया है।

भारत को भी मेसी, एम्बाप्पे, फेडरर और नीरज चोपड़ा जैसे सैकड़ों विश्वास से लबरेज खिलाड़ियों की दरकार है। अभी तो बस शुरूआत है। किसी भी देश का विकास इस बात से साबित होता है कि उधर खेलों की दुनिया में किस तरह की उपलब्धियां अर्जित की जा रही हैं। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम का भी इस साल इतिहास रचना। आप जानते हैं कि भारत ने थामस कप के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 के अंतर से हराकर ये उपलब्धि हासिल की। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी ने भारत को थामस कप जितवाया। इसे बैडमिंटन की विश्व चैंपियनशिप माना जाता है। थामस कप में विजय से पहले भारत के बैडमिंटन सेंसेशन लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए थे। और बात भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन की भी। वह इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52 किग्रा) वर्ग के एकतरफा फाइनल में थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर विश्व चैंपियन बनीं। तेलंगाना की मुक्केबाज जरीन ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाए रखा और फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

छह बार की चैंपियन एमसी मैरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006) और लेखा केसी इससे पहले विश्व खिताब जीत चुकी हैं।

## खास बात

# गागर में सागर

**कुमार गौरव**

झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि इस सत्र में विनियोग विधेयक को छोड़ कर कुल 9 विधेयक सरकार के द्वारा लाये गये, जिसमें से 8 विधेयकों को सभा के द्वारा पारित कर राज्यपाल की सहमति के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सत्र समयावधि के हिसाब से एक छोटा सत्र था। परन्तु विधायी कार्यों की उपयोगिता के लिहाज से यह महत्वपूर्ण था।

यह सत्र गागर में सागर भरने जैसा रहा। कुल 05 कार्य दिवसों में निर्धारित 17 घंटों तक सदन की कार्यवाही चली जो कि निर्धारित अवधि का 100 प्रतिशत से भी अधिक है। स्पीकर शुक्रवार को शीतकालीन सत्र में समापन भाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सदस्यों का कुल 326 प्रश्न प्राप्त हुआ। जिसमें से 230 प्रश्न स्वीकृत किया गया। इनमें से 174 प्रश्न अल्पसूचित हैं एवं 56 प्रश्न तारांकित है। इन 230 प्रश्नों में से 192 प्रश्नों का उत्तर ऑन-लाईन प्रश्नोत्तर प्रणाली से प्राप्त हुआ। इस प्रकार ऑन-लाईन प्रश्नोत्तर प्रणाली के माध्यम से उत्तर प्राप्ति का प्रतिशत 83.48 प्रतिशत रहा। यह उल्लेख किया जाना आवश्यक है कि यह प्रतिशत पिछले मानसून सत्र के दौरान 88.44 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि विभागों को ऑन-लाईन प्रश्नोत्तर प्रणाली के प्रति ज्यादा सजग रहने की आवश्यकता है ताकि इस अच्छे कार्य प्रणाली को हम और अधिक आगे ले जा सकें। इस सत्र के दौरान 20 स्वीकृत ध्यानाकर्षण की सूचनाओं में 07 ध्यानाकर्षण की सूचना उत्तरित हुए तथा 13 लम्बित ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्नः एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द जाता है। 27 निवेदन स्वीकृत हुए। कुल 117. शून्यकाल की सूचनाएं प्राप्त हुए, जिनमें से 100 शून्यकाल की सूचनाएं स्वीकृत किये गये। सत्र के दौरान अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति, सरकारी आश्वासन समिति, प्रत्यायुक्त विधान समिति एवं सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति द्वारा प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा गया। सत्र के प्रारंभिक दिनों को छोड़ दिया जाये तो यह सत्र बड़े ही सकारात्मक रूप से सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के सहयोग से चला है।

# सुदर्शन दिन

## विचार-प्रवाह

**अनादि वत्स**

**यह** तो नहीं पता कि उन छह दिनों ने मेरी जिंदगी में कितने बदलाव किए, लेकिन कुछ ऐसे अहसास जरूर कराए, जो शब्दों से परे हैं। अब तक की ज़िंदगी के सबसे खूबसूरत छह दिन, वो छह दिन जब मैंने अपने भीतर न जाने कब से दबे हुए कचरे को आंसुओं के जरिये बाहर निकलते महसूस किया, मन को पूरी तरह खाली हो जाते देखा, शरीर में हल्कापन पाया और सांसों की एक नई लय सुनी। छह दिनों के दौरान कोई मुश्किल नहीं, बंदिशों के नाम पर सिर्फ चाय/कॉफी और शराब से परहेज और अपेक्षा के नाम पर रोजाना महज तीन घंटे।

बात आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित सुदर्शन क्रिया की हो रही है। 2003 में एक नजदीकी रिश्तेदार ने सुझाया कि मुझे आर्ट ऑफ लिविंग का बेसिक कोर्स करना चाहिए, जिसमें योग और अध्यात्म के जरिये जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। गुरुओं में तब कोई भरोसा न था, इसलिए मैंने रिश्तेदार की बात अनसुनी कर दी। लेकिन अचानक एक रात लगा कि चलो, करके देखते हैं।

तब बेसिक कोर्स छह दिन का होता था, मंगलवार से रविवार तक। मंगलवार से शनिवार तीन घंटे और रविवार को करीब छह घंटे। सुदर्शन क्रिया इसी कोर्स का हिस्सा है। खैर, एक मंगलवार बिना किसी पूर्वाग्रह के मैं दोपहर बाद 3 बजे आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर पहुंच गया। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कुछ बेसिक बातें और नियम बताए गए।

हमारी एंट्री एक हॉल में हुई, जहां आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का एक फोटो लगा था और उसके पास एक शख्स बैठे थे।

**राज्यों** को कानून बनाने का अधिकार है, पर कानून से रोजगार नही मिलता, ना ही उत्पन्न होता है। देख - देखी झारखंड में भी स्थानीयता कानून लागू कर दिया। अधिकारी इंस्पेक्शन पर निकल पड़े, पर भूल गए की हम कामगारों का आयात नहीं निर्यात करते हैं।

**– महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

**श्रमिक** प्रधान राज्य से बाहर निकालना है झारखण्ड को। रिक्तियों को पूरा कर श्रमिकों का कल्याण करना लक्ष्य है। आइटीआई में बच्चों को मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दें।

**– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





**मोदी** सरकार गरीबों के मौलिक अधिकार छीन रही है।

ये मानवता के विरुद्ध अपराध है।

देश के बेहतर भविष्य के लिए हमें हर वर्ग के अधिकारों का सम्मान करना ही होगा।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

## कार्टून वर्ल्ड

मास्क और सामाजिक दूरी...



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### मंशा पर संदेह

**केंद्र** सरकार के कृषि सुधार कानून लागू करने के प्रयासों और किसानों के विरोध की असलियत बताने वाला था। इस बात से सहमत हुआ जा सकता है कि भले ही केंद्र सरकार की मंशा भली हो लेकिन जिस तरह आनन-फानन में इन कानूनों को अध्यादेश के जरिये कोरोना संकट के दौरान लाया गया और जिस तरह राज्यसभा में पारित किया गया, उसने कई सवाल खड़े किये। **– मधुसूदन जमशेदपुर**

### अंधकारमय भविष्य

**खोखली** हुई कांग्रेस का पतन भी तय है। नेहरू आदि कुछ नेताओं का आचरण देखकर महात्मा गांधी को कांग्रेस के पतन का अहसास हो गया था। इसीलिए महात्मा गांधी ने विचार रखा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। कांग्रेस की वर्तमान दुर्दशा देखकर गांधी जी की इच्छा पूर्ण होती प्रतीत हो रही है। कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। कांग्रेस का संभलना देश हित में है।

**– अनिल शर्मा, रांची**

# अवसादग्रस्त लोगों को दिखानी होगी राह

**योगेश कुमार गोयल**

## सामयिक

**जीवन** से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। कोरोना काल में लोगों में हताशा और निराशा ज्यादा बढ़ी है, जिससे आत्महत्याओं का प्रतिशत भी लगातार बढ़ रहा है।

राजस्थान के कोटा में एक ही दिन एक कोचिंग संस्थान के तीन छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटना तो स्तब्ध करने वाली है। शुरूआती जांच में सामने आया कि तीनों छात्र पढ़ाई के दबाव के कारण डिप्रेशन में थे और कुछ दिनों से कोचिंग कक्षाएं भी नहीं ले रहे थे। वैसे, कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का यह कोई पहला मामला नहीं है बल्कि एक वर्ष के भीतर यहां करीब 20 छात्र मौत को गले लगा चुके हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है।

दरअसल कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद आत्महत्या का कारण बन जाता है। मनोचिकित्सकों के मुताबिक इंसान को कोरोना ने शारीरिक रूप से जितना बीमार किया है, उससे कहीं ज्यादा मानसिक तनाव दिया है। छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। केवल छात्रों तक सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं। इनमें बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। कुछ ही महीने पहले राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2021 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर ह्यभारत में आकस्मिक मौतें एवं आत्महत्याएं-2021 रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक 2021 में देश में 164033 लोगों ने आत्महत्या की। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव, पारिवारिक क्लेश, रिश्तों में टूटन तथा बीमारी से परेशानी सहित कई अन्य कारणों के चलते देश में 2021 में आत्महत्याएं 2020 के मुकाबले करीब 7.2 फीसदी बढ़ गई। 2020 में आत्महत्या के मामलों की संख्या 153052 दर्ज हुई थी।

तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं।

# संकट में आ सकता है देश का बिजली क्षेत्र

**वीणा मणि**

## आर्थिक

**बिजली** क्षेत्र में 80,000 मेगावॉट क्षमता के चल रहे या निमार्णाधीन उत्पादन संयंत्र विभिन्न वजहों से दबाव में आ सकते हैं। पिछले महीने आई भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना के बाद उनकी उधारी दिवालियेपन की ओर बढ़ सकती है। बहरहाल विश्लेषक बिजली क्षेत्र की अलग प्रवृत्ति को लेकर चिंतित हैं, जो स्टील क्षेत्र की तुलना में अलग है। अगर बिजली क्षेत्र में यह संपत्तियां फंसती हैं तो बड़े कारोबारियों के आने की संभावना कम हो सकती है।

कोयले की आपूर्ति कम होने, दीर्घावधि बिजली खरीद समझौते (पीपीए) न होने, बिजली वितरण कंपनियों से प्राप्त होने वाले बकाये के मिलने में देरी और नियामकीय आदेश में देरी ऐसी वजहें हैं जिससे ये परियोजनाएं फंस सकती हैं और नया प्रबंधन स्थिति में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं कर सकता। 80,000 मेगावॉट में से 20,000 मेगावॉट से ज्यादा क्षमता के लिए करीब 1,000 अरब रुपये का निवेश हुआ है और जरूरी ईंधन आपूर्ति समझौते के साथ दीर्घावधि पीपीए हुआ है, लेकिन विभिन्न क्षेत्रो से जुड़ी वजहों से कर्जदाताओं का बकाया है।

स्टील क्षेत्र में तहां दबाव में पड़ी संपत्तियों में निजी इक्विटी कंपनियां और प्रतिस्पर्धी कंपनियां जैसे जेएसडब्ल्यू, आर्सेलर मित्तल, वेदांता और टाटा स्टील बोली लगा रही हैं, वहीं बिजली क्षेत्र में ज्यादातर निजी कंपनियां दबाव में हैं। दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही बिजली कंपनियों में से एक के साथ काम कर रहे इंसॉल्वेंसी के एक पेशेवर ने क हा कि परियोजना पूरी करने की लागत इतनी ज्यादा है कि कोई भी इन संपत्तियों में हाथ नहीं लगाना चाहता। यहां तक कि इन कंपनियों के प्रवर्तक भी संभवतः पिछले साल के अध्यादेश की बाध्यता के चलते बोली नहीं लगा सकेंगे, जिसमें खराब कर्ज वाले प्रमोटरों को बोली से बाहर रखा गया है।

स्टील क्षेत्र में बोली लगा रही हर कंपनी अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए बोली लगा रही है और उसे मांग बढ? की संभावना है। बिजली और स्टील दोनों ही क्षेत्रों में मांग में बढ़ोतरी कम रही है, लेकिन बिजली क्षेत्र की समस्या ज्यादा जटिल है क्योंकि यह राज्य सरकारों से जुड़ी है और नियमन के दायरे में आती है।

वीसा पावर, जिसका कुल दावा करीब 17 अरब रुपये का है, के मामले को देख रहे एक सूत्र ने कहा कि दीवालिया पेशेवर सलाहकारों को यह जांच करने में लगा रहे हैं कि लंबित परियोजनाएं पूरी की जा सकती हैं या नहीं। हर हाल में व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। इसके अलावा आईपी कंपनी को चलाने की योजना पर काम करेंगे और बोली का दायरा भी तैयार किया जाएगा। दिलचस्प है कि समाधान प्रक्रिया में चल रही बिजली कंपनियों में सरकारी कंपनी तेलंगाना स्टेट नॉर्दर्न पावर कंपनी लिमिटेड शामिल है। इसकी समाधान प्रक्रिया जनवरी 2018 में शुरू हुई।

स्टील क्षेत्र में प्रमोटर अपनी संपत्ति की बिक्री को लेकर निश्चिंत हैं और जब तक अध्यादेश उन्हें रोकता नहीं है, वे अपनी कंपनी के लिए बोली लगा सकते हैं, वहीं करीब 25,000 मेगावॉट क्षमता की संकटग्रस्त ताप बिजली कंपनियां दिवाला एवं दीवालियापन संहिता (आईबीसी) के दायरे से बाहर हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड ने हाल ही में खबर प्रकाशित की थी कि इन संपत्तियों के खरीदार नहीं मिल रहे हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## जेसीबी मशीन से कार्य करवाना गलत : विकास

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार चीफ हाउसं पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने पंचायत क्षेत्र में पाइप लाइन का कार्य जेसीबी मशीन से कराए जाने को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि मामले को ले मुंशी से बात कर मेनुअल कार्य करने की मांग की गई। लेकिन मुंशी ने इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर को जेसीबी मशीन चलाए जाने से हाउस पाईप लाइन का कनेक्शन कट गया था। जिसके कारण सड़क पर पानी बह रहा था। मामले की जानकारी जब मुंशी को दी गई तो उन्होंने कहा कि लाभुक खुद बनवायेगा। साथ ही सड़क पर छुटे मिट्टी-पत्थर साफ करवाने से भी मुंशी ने इंकार कर दिया।

## मेहनत और लगन से प्रशिक्षण लें : रवि

**बासल (रामगढ़)।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) के तहत नए बैच की शुरूआत हुई। पतरातू के उच्चरिंगा में अवस्थित जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में एनबीसीएफडीसी तथा ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के संयुक्त प्रयास से संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण इलेक्ट्रीशियन कोर्स के नए बैच का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। जिसमें 30 छात्र-छात्राओं ने इस रोजगार उन्मुख कोर्स में दाखिला लेकर अपने सुनहरे भविष्य की आधार रखा। नए बैच का शुभारंभ जिंदल स्टील पावर बलकुदरा के सीएसआर प्रमुख रवि निवास, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पतरातू के उप प्रबंधक कमल किशोर, संस्थान के प्राचार्य अजय पांडेय द्वारा कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवि निवास ने कहा छात्र-छात्राएं संस्थान द्वारा कौशल विकास के जो अवसर दिए जा रहे हैं, मेहनत और लगन से प्रशिक्षण ले और अपना खुशहाल भविष्य बनावें। आपको गर्व होना चाहिए आपके क्षेत्र में ओपी कम्युनिटी कॉलेज जैसा एक विश्वस्तरीय संस्थान है।

## पूर्व सेवानिवृत्त आचार्य मिथिलेश प्रसाद सिंह के निधन पर शोकसभा

**रजरप्पा।** कोयलांचल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व सेवानिवृत आचार्य मिथिलेश प्रसाद सिंह के गुरुवार शाम निधन पर विद्यालय में शोक की लहर छा गयी। शुक्रवार सुबह रांची अस्पताल से उनके शव पैतृक गाँव ले जाने के क्रम में विद्यालय के सभी आचार्यों ने उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि आचार्य मिथिलेश प्रसाद सिंह सरल, सहज, मिलनसार एवं मृदुभाषी थे तथा विद्यालय की स्थापना काल से अपनी पूरी सेवा निष्ठापूर्वक दिए थे। उनके निधन से विद्यालय परिवार अत्यंत दुखी है।

## शहीद जीतराम बेदिया की मना शहादत दिवस दी गयी श्रद्धांजलि

**भदानीनगर (रामगढ़)।** कोड़ी बाजार टांड़ में शुक्रवार को शहीद जीतराम बेदिया की शहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पार्षद जयराम बेदिया ने शहीद जीतराम बेदिया के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। मौके पर जयराम बेदिया ने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया सही मायने में गरीबों के मसीहा थें। उन्होंने शहीद जीतराम बेदिया के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। पार्षद श्री बेदिया ने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया के अधूरे सपनों को परा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर बारीडीह पंचायत के मुखिया भुनेश्वर बेदिया, संजय बेदिया, रामचंद्र बेदिया, बबलू बेदिया, सुदामा, देवस्थन, जुगेश, नरेश, सुभाष, बीरबल, धुजा, देवलाल, रविन्द्र, कैलाश, कुलदीप, दिनेश, राजेंद्र बेदिया, रिंकू सहित दाडीदाग, बारीडीह व सांकी के दर्जनों ग्रामीणों ने भी शहीद जीतराम बेदिया के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का सामुहिक संकल्प भी लिया।

### शटर बंद कर चंद मिनट पहले दुकान से निकले थे शशि, तीन की संख्या में थे अपराधी, घटना सीसीटीवी में कैद

# पत्रकार शशि पर जानलेवा हमला, पीएलएफआइ या शराब माफिआ की करतूत?

### अपराधियों ने पीएलएफआइ का पोस्टर चिपकाया, छह राउंड की फायरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** प्रखंड के जाने माने पत्रकार और समाजसेवी शशि चंद्रवंशी पर अज्ञात आपराधियो ने हमले की कोशिश की। हालांकि इस हमले में शशि बाल बाल बच गए क्योकि वे घटना के चंद मिनट पहले अपने दूकान को बंद कर घर चले गए थे। आपराधि तीन की संख्या में बताये जा रहे है। आपराधियो ने गोली चलाने से पहले शशि की चौपारण स्थित दूकान के बाहर उग्रवादी संगठन पीएलएफआई की पोस्टर चिपकायी और उसके बाद दूकान पर गोलिया दागी। इस घटना के बाद से चौपारण बाजार में दहसत का माहौल है। घटना ८.२५ रात की बताई जा रही है। यह घटना वहा लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। इधर इस मामले पर प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने एसपी मनोज रतन चौथे से बात की है। एसपी से इस घटना में शामिल अपराधकर्मियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। इस गोलीकांड से पत्रकारों में उबाल है। पुरे झारखण्ड में जिस तरह से पत्रकारों पर हमले हो रहे है और धमकिया दी जा रही है वो एक सोचनीय विषय है। अभी कुछ दिन पहले हजारीबाग चरही के प्रतिष्ठित पत्रकार रंदीप दुबे को कोल माफिआ द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी थी। उस मामले में भी अभी तक जांच कोई दिशा नहीं तय कर पायी है। इधर इस मामले पर बदमाशों ने पीएलएफआई के नाम की पोस्टर साटी है। सूत्र बताते है की ये शराब माफियावो का चाल भी हो सकता है। क्योंकी चौपारण में इस वक़्त अवैध शराब कारोबारियों व अफीम कारोबारियों पर जबरदस्त कार्रवाई हो रही है और चौपारण के पत्रकार इस मुद्दे को मुखरता से उठाते आ रहे थे। अब देखना होगा की प्रशासन इस घटना में संलिप्त लोगो की कितना जल्दी गिरफ्तार करती है।

## हेल्थ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर का किया गया उद्घाटन



हेल्थ केयर का उद्घाटन करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही धनबाद रोड स्थित अनुमंडल अस्पताल के समीप सकरी मोहल्ला में हेल्थ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर का विधिवत उद्घाटन अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो0 कयूम अंसारी के द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, मीडिया प्रभारी मो तौकीर रजा, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस रुस्तम अली, फोंडार मेंबर पप्पू खान मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक मो निजामुद्दीन अंसारी एवं अन्य सहयोगियों द्वारा मुख्य अतिथियों को स्वागत कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों एवं संचालक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर हेल्थ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। इस बाबत संचालक मो निजामुद्दीन अंसारी ने कहा की यहा उत्तम गुणवांता की जांच कर क्षेत्रवासियो को स्वास्थ्य से संबंधित बेहतर सलाह दिया जाएगा। मौके पर मौजूद जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मो मुशर्रफ उल कादरी, मौलाना मो इस्लाम उल कादरी, हाफिज कलीम, कयूम, सरफराज, रुस्तम, मुजाहिद, दाऊद, आफताब आलम, मो अशफाक अहमद, मो अरशद, मो खलील अंसारी, तौकीर रजा, मो तबरेज, मो तैयब अली आदि उपस्थित रहे।

# चार बच्चों समेत 7 लोग घायल, चार रिम्स रेफर



खबर मन्त्र संवाददाता



दुर्घटना में घायल लोग।

**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना 4 बच्चों समेत 7 लोग घायल हो गए। जिसमें से चार लोगों की गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया गया कि रामगढ़ करमा रतवे निवासी भीम कुमार पिता पति धोबी और रोहित कुमार पिता लोकनाथ धोबी मोटरसाइकिल से खलारी से पतरातू की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पालू बींजा जंगल में विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। जिसमें उक्त दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी दुर्घटना पीटीपीएस जनता नगर स्थित काली मंदिर के पास घटी। बताया गया कि उरीमारी थाना क्षेत्र निवासी संतोष साव अपने परिवार के साथ पीटीपीएस डैम में पिकनिक मना कर टैंपू से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीटीपीएस जनता नगर स्थित काली मंदिर के पास अचानक ब्रेक लग जाने के कारण टेंपो पलट गई। जिससे टेंपो चालक संतोष साव, उसकी 12 वर्षीय बेटी रानी कुमारी, उसके साला की 8 वर्षीय बेटी आरोही कुमारी व 5 वर्षीय बेटा अभिजीत कुमार और कैलू साव की 8 वर्षीय बेटी क्रांति कुमारी घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू पहुंचाया गया। जहां पर उक्त घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वही डॉक्टरों ने भीम कुमार, रोहित कुमार, संतोष साव व रानी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा ने दंगल सरदारों के साथ की बैठक

# दोषियों पर कार्रवाई कर सेल चालू करायें : किशोर

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में दंगल सरदारों के विचारों से अवगत होते अध्यक्ष व अन्य।

**कुजू।** तोपा रोड सेल चालू कराने को लेकर गत 29 दिसम्बर को महाप्रबंधक कार्यालय में पुलिस प्रशासन व सीसीएल प्रबंधन की देखरेख में हुई बैठक के बाद शुक्रवार को रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा तोपा कार्यालय में मोर्चा की आकस्मिक बैठक हुई। बैठक में मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली व सचिव मोहम्मद इस्लाम आदि मोर्चा पदाधिकारियों ने गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय हुई बैठक की विस्तृत जानकारी मौजूद दंगल सरदारों व अन्य सदस्यों को दी। अध्यक्ष किशोर करमाली ने बताया कि बैठक सेल चालू करने के लिए सहमति देने तथा विवाद पर चर्चा के लिए 15 दिनों का समय दूसरे पक्ष द्वारा मांगा जा रहा है। जिसमें आप की राय आवश्यक है। बैठक में मौजूद सभी दंगल सरदारों व अन्य लोगों ने एक स्वर मत से दूसरे पक्ष की मांग को खारिज करते हुए कहा कि तोपा रोड सेल को हमलोगों ने नहीं बल्कि सेल संचालन समिति ने अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए बंद कराया है। प्रशासन -प्रबंधन सेल संचालन समिति पर सेल चालू कराने के लिए दबाव बनाए। आखिर 15 दिनों का समय मांगने का औचित्य क्या है। हमारी मांग स्पष्ट है कि सेल के ट्रकों से लोडिंग के नाम पर संचालन समिति द्वारा वसूल की जा रही 2800 रूपए दंगल मजदूरों को दिया जाय।यह हम मजदूरों का वाजिब हक है,जिसे संचालन समिति घालमेल कर रही है।जो अब करने नहीं दिया जाएगा।हम मजदूर अपना हक लेकर रहेंगे। स्वयं को क्षेत्र के मजदूरों के मसीहा कहने वाले नेताओं को भी मजदूरों को वास्तविक हक दिलाने के लिए उचित पहल करनी चाहिए और संचालन समिति को सही मार्गदर्शन देना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय व जनभावना के विचारों को क्षेत्र के महाप्रबंधक सीएस तिवारी, ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों आदि से मिलकर अवगत कराने के लिए प्रतिनिधि मंडल का गठन किया गया। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली, सचिव मोहम्मद इस्लाम,हाजी शाहिद अली, उमेश कुमार दास, ललित राम, शंकर प्रसाद, फरीद मियां,अशरफ जिया,भागवत करमाली, अशोक कुमार गुप्ता, जयबीर हांसदा, सुनील मरांडी, कमल राज,अखलेश राम, मुमताज अंसारी, मनेन्द्र हेम्ब्रम,मानकी मांझी,धनू टुडू, इस्लाम टार्जन, शमशेर आलम, जफरूल अंसारी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सेंट्रल सौंदा से सौंदा डी तक जर्जर सड़क का जल्द से जल्द हो निर्माण : डॉ आशीष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार ने सेंट्रल सौंदा से लेकर सौंदा डी तक जर्जर सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग महाप्रबंधक से की है। ड आशीष कुमार ने कहा कि वर्ष 2021 में जन सूचना पदाधिकारी बरका-सयाल को सूचना अधिकार के तहत सड़क निर्माण को लेकर जवाब मांगा था। जिसमें लिखित रूप से कहा गया था कि जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा। लेकिन सीसीएल प्रबंधन के उदासीन रवैया के कारण आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण जर्जर सड़क होने के कारण आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटना होती है। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी।

## जल्द से जल्द पीसीसी पथ का होगा निर्माण : महेंद्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के पालू पंचायत अंतर्गत टेरपा के रजवार टोला में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार महतो ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों ने महेंद्र महतो को जन समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान महेंद्र महतो ने टोले का दौरा कर सड़क का निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के बाद आज तक हमारे टोले में जो मुख्य सड़क है, वह अभी भी कच्ची सड़क है। हमारे गांव, हमारे टोले आज भी मुख्य सड़क से कटे हुए है। बरसात के दिनों में टोले में काफी दिक्कत हो जाती है। आने-जाने में हमलोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। साथ ही यहां पर आंगनबाड़ी केंद्र भी नहीं है। इस टोले में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के करीब 250 लोग निवास करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यहां के लोग खेती-बारी एवं मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।

# पीएम की माता के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता, दी गयी श्रद्धांजलि



शोक संवेदना प्रकट करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास क्षेत्रों में शोक की लहर है। वहीं शोक संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है।इसी कड़ी में शुक्रवार को भाकपा माले के वामपंथी युवा नेता सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार के नेतृत्व में ट्रेड यूनियन अल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन के दर्जनों नेताओं ने पीएम मोदी की माता स्व. हीराबेन के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक, नकुल प्रसाद, मधु बाउरी, देवनारायण कोल, राजेंद्र नायक, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, राजेश पासवान, मोर्चा के केंद्रीय प्रधान महासचिव राजेश वर्मा, किशोर नायक, रघु मांझी, निरंजन पटेल, संग्राम मुंडा आदि शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री की मां को झारखंड वैश्य समाज ने दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़।** झारखंड वैश्य समाज द्वारा शुक्रवार को साहू भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता के नेतृत्व में 5 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नंदकिशोर गुप्ता ने कहा कि देश को सशक्त व प्रधान सेवक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा पुत्र देनेवाली एवं 100 वर्ष की उम्र में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करनेवाली माता हीराबेन को देश के लोग हमेशा याद रखेंगे। शोक सभा मे खोगेंद्र साहू, सीए अजीत जायसवाल, रवि साहू, रविंद्र साहू, देवेंद्र प्रसाद, शिव शंकर साहू मौजूद थे।

## पीएम नरेंद्र मोदी की माता हीरा बा के निधन पर भाजपाइयों ने जताया शोक

**कुजू।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पूज्य माताजी हीरा बा मोदी के निधन का समाचार सुनकर क्षेत्र के भाजपाई मर्माहत हैं। शुक्रवार को भाजपा रामगढ़ नगर परिषद द्वारा शोक व्यक्त किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, जिला मंत्री राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा आदि वक्ताओं ने कहा कि यह समस्त देशवासियों के लिए दुखद घटना है। हीरा बेन लगभग 100 वर्ष का जीवन जीकर देश की सेवा व कुशल नेतृत्वकर्ता जैसे सपूत को जन्म देकर महान कार्य किया। कुछ दिनों से इनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था।

एक नजर में

## ईशा आलिया पंचतत्व में विलीन

**हजारीबाग।** हजारीबाग की बेटी व खोरठा फिल्मो की जानी मानी अभिनेत्री ईशा आलिया का शव खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में शुक्रवार को विलीन हो गयी. उनके शव को लेकर दुखी मन से उनके परिजन सबेरे मुक्ति धाम पहुंचे और उन्हें मुखाग्नि दी. ज्ञात हो की बुधवार की सुबह ईशा आलिया की पश्चिम बंगाल के हावड़ा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. हत्या के बाद पति प्रकाश कुमार ने दावा किया था कि जब आलिया अपनी तीन साल की बेटी के साथ रांची से कोलकाता जा रही थी, तब हाइवे के लुटेरों ने गोली मार दी थी. पुलिस अधिकारियों ने प्रकाश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया था. मामले में प्रकाश कुमार से भी पूछताछ की गई और क्राइम सीन को फिर से रिक्रिएट करने के लिए उसे घटना स्थल पर ले जाया गया था. इसी दौरान पूछताछ के बाद अभिनेत्री के पति को गिरफ्तार कर लिया गया. आपको बता दें कि आरोप यह भी सामने आए हैं कि प्रकाश कुमार आलिया को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे और उसने ही आलिया को रास्ते से हटाने के लिए उसकी मर्डर कर दी।

## सांसद प्रतिनिधि बनने पर आभार प्रकट किया

**इचाक।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी को गुलदस्ता भेंट कर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत इचाक प्रखंड के शिक्षा विभाग के नव मनोनीत सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर ओम प्रकाश मेहता ने आभार प्रकट किया । आभार प्रकट करते हुए ओम प्रकाश मेहता ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी ने जो शिक्षा विभाग का प्रतिनिधि का दायित्व सौंपी है उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा ।आगे श्री मेहता ने कहा कि मैं हमेशा शिक्षा विभाग में उत्पन्न खामियां एवं कुरीतियों को हमेशा दूर करने का प्रयास करूंगा। इस पर सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहीं की निश्चित तौर पर पूरे लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ इचाक प्रखंड में शिक्षा विभाग की क्षेत्र में जो खामियां है निश्चित तौर पर मैं अपने स्तर से हमेशा दूर करूंगी। मौके पर संयोग से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि के साथ-साथ मुख्य रूप से इचाक पूर्वी मंडल के कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद मेहता इचाक पूर्वी के युवा अध्यक्ष छत्रधारी प्रसाद मेहता किसान मोर्चा के महामंत्री राम जय प्रसाद मेहता काला द्वार गांव के समाजसेवी महेश प्रसाद मेहता समेत अन्य लोग शामिल थे।

## विद्यार्थियों ने किया हजारीबाग के पर्यटक स्थलों का भ्रमण

**टाटीझरिया।** शिशु विकास विद्यालय झरपो के विद्यार्थियों को हजारीबाग निर्मल महतो पार्क कैफेटेरिया झील, समाहरणालय हजारीबाग स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शिशु विकास स्कूल के व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा के नेतृत्व में बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान बच्चों ने उक्त स्थलों के बारे में भी जानकारी हासिल किया। बच्चों ने झील, पार्क को देखकर प्रफुल्लित हुए. व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा ने बताया कि भ्रमण सह पिकनिक प्रोग्राम बच्चों के बायोलॉजिकल जानकारी को बढ़ाने में काफी सहयोग करेगा. इस दौरान स्कुल के प्रधानाध्यापक सत्यानंद पाण्डेय, शिक्षक प्रमोद पाण्डेय, सुरेश मिश्रा, मुस्कान कुमारी, दीपा कुमारी, व विद्यार्थी अनुराधा सुमन, पारुल कुमारी, आकृति कुमारी, अनीश कुमारी, अमीषा कुमारी, आयुसी कुमारी, सोनपरी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रिया, सोनी, रौनक पन्डा, कृष्णा कुमार, अमन कुमार, अंकित पांडेय, अमित कुमार सिंह, आयुष कुमार, अनुराग कुमार समेत अन्य शामिल हुए।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नवभारत निर्माण संघ द्वारा रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुध बजार चीफ हाउस पंचायत में शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया विकास पांडेय व पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार उर्फ (पिंटू) ने किया। शिविर में 72 लोगो ने नेत्र जांच कराया। जिसमें 16 लोग मोतियाबिन के मरीज पाये गये। जांच के बाद डॉक्टरों ने मरीजों को उचित परामर्श देते हुए कहा कि आंख शरीर का अभिन्न अंग है, इसकी देखभाल जरूरी है। मौके डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा नवभारत निर्माण संघ द्वारा लगाए गए नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों का स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि शिविर में पाये गये मरीजों का ललिता नेत्रालय रामगढ़ में निःशुल्क ऑपरेशन होगा। साथ ही लेंस, दवाई, चसमा आदि भी फ्री में दी जायेगी। मुखिया विकास पांडेय ने कहा कि पंचायत का चहुंमुखी विकास के साथ पंचायतवासियों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि गरीब जरूरतमंदों को हर संभव मदद करता रहा हूं जो आगे भी जारी रहेगा। श्री पांडेय ने कहा कि आगे स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को सुविधा दिलाई जायेगी। मौके पर डॉ.राजेंद्र प्रसाद, डॉ.आरके साहू, संजय साहू, अशोक करमाली, दाउद्द महेश आदि मौजूद थें।

## आपसी भाईचारगी का संदेश देता है मेला : अंबा प्रसाद

**भदानीनगर (रामगढ़)।** पीटीपीएस डैम स्थल पर नववर्ष के उपलक्ष्य में सैलानियों के मनोरंजन हेतु लगाए गए डिजनीलैंड मेला का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया गया। मालूम हो कि डिजनीलैंड मेला हर वर्ष नव वर्ष के आगमन पर लगाया जाता है। सैलानियों व पर्यटकों के मनोरंजन के लिए मेले में झूले व विभिन्न प्रकार के दुकान सजाए जाते हैं जो खास करके बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पतरातू में सैलानियों के मनोरंजन के लिए डिजनीलैंड मेला लगाया गया है। मेले में मनोरंजन तो होगा ही कई चीजें आकर्षण का केंद्र भी रहेगा। मेला आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। साथ ही आपसी भाईचारगी को और प्रागाढ़ करता है। इससे पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का आयोजनकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, प्रो केके शर्मा, संजीव सिह, योगेन्द सिंह, राजु कुमार, दिनेश दास, तारिक सजा, निर्मला देवी सहित मेला समिति के आयोजक मो.इजहार, नरेश महतो, मो.आसिफ, मो.इरशाद, नौशाद सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद थें।

## वनभोज सह मिलन समारोह संपन्न

**बासल (रामगढ़)।** नलकारी डैम (जीरो प्वांइट) में शुक्रवार को युवा जन क्रांति सेना के तत्वावधान में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विकास कच्छप व संचालन सुलेंद्र उरांव ने किया। बैठक की शुरूआत एबी क्लासेस के संचालक बालदेव करमाली ने पुराने वर्ष 2022 की विदाई एवं आने वाले वर्ष 2023 की शुभाकामनाओं के साथ की। बैठक में कहा गया कि भविष्य में सेना को एक नया प्लेटफार्म दिया जायेगा। साथ ही देवरिया मुखिया सह संगठन के विकास कुमार नायक ने सेना के माध्यम से पिछले वर्ष किये गये कार्यो का व्योरा प्रस्तुत किया गया। कहा गया कि पिछले कोरोना काल में युवा जन क्रांति सेना ने लोगों ने राशन, पानी, कंबल, मास्क, सेनेटाइजर की व्यवस्था कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया था जो आगे भी जारी रहेगा। कहा गया पूर्व में गरीब-असहाय परिवार को शादी-व्याह व दाह संस्कार के लिए सेना द्वारा सहायत राशि व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया था जो काफी सराहनीय कार्य है। मौके पर विकास कच्छन ने कहा कि संगठन वर्ष 2016 से जन-जन तक जागरूकता फैलाने के साथ समाज व जनहित में कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले नये वर्ष के जनवरी माह में संगठन का सरकारी रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा। साथ ही बेराजेगार को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। समारोह में संगठन का मजबुती, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, एकजुटता, शिक्षा, सदस्यता अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों को सेना में जोड़ने की बात कही गई। बैठक के बाद सामुहिक भोज का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित लोंगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मौके पर विकास कच्छप, बालदेव करमाली, आनंद कुमार, विकास कुमार नायक, अमर साव, विष्णु करमाली, राहुल, मोहन ठाकुर, हरिलाल महली, विपिन उरांव सहित सेना के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### श्री कृष्ण गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार पर जानलेवा हमला



**गढ़वा।** श्री कृष्ण गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक पर चाकू से हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में श्री दीपक ने गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दे दिया है। थाना में दिये गये आवेदन में श्री दीपक ने कहा है कि श्री कृष्ण गोषाला समिति का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। यहां प्रतिदिन बगल के सोनपुरवा मोहल्ला निवासी कुरैषी परिवार के लोग उकसाने के लिए छेड़छाड़ करते रहते हैं। गुरूवार को जब वे लोग मजदूरों का भुगतान कर घर जाने लगे तब आजाद कुरैषी के पुत्र अमन कुरैषी ने श्री दीपक एवं उनके सहयोगियों के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगा। इस दौरान अमन ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में सचिव श्री दीपक जख्मी हो गये हैं। आवेदन में कहा गया है कि गोषाला परिसर में मारपीट करने वाले लोगों द्वारा अवैध धंधा किया जाता है। निर्माण कार्य कराने से उन लोगों को परेषानी हो रही है। इस कारण हमेषा मारपीट पर उतारू हो रहे हैं। दीपक ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### रिवाल्वर के साथ युवक गिरफ्तार



**रमना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलीदाग गांव निवासी आनंद सिंह को पुलिस ने एक छह चक्रीय रिवाल्वर और पांच चक्र गोली के साथ गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है। शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि सिलीदाग गांव निवासी लालजी सिंह उर्फ लाला सिंह ने गुरुवार को पुलिस को सूचना देते हुए बताया था कि आनंद सिंह ने गाली-गलौज करते हुए उन पर रिवाल्वर तान दिया था। छीना-झपटी में उक्त हथियार व गोली को आनंद सिंह से छीन लिया गया है। सूचना के आलोक में गांव पहुंची पुलिस के समक्ष उक्त हथियार को प्रस्तुत किया गया। लालजी सिंह की ओर से दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस की ओर से आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही पूछताछ के लिए आनंद सिंह को थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार किया है।

### पीएम की मां के निधन पर शोकसभा



**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीराबेन मोदी (100 वर्ष) के निधन पर श्रद्धांजलि सह शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि के बाद मृतका की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर ईष्वर से प्रार्थना की। हीराबेन मोदी ने अहमदाबाद के युएन मेहता अस्पताल में अंतिम सांस ली। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा एक परिवार है। नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन का जाना भाजपा परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। नरेंद्र मोदी जैसा उनका बेटा आज भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। देश मां हीराबेन का सदैव ऋणी रहेगा। मौके पर जवाहर पासवान, विजय केशरी, राजीव रंजन तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चैबे, मनीष गुप्ता, अविनाश पासवान, पुष्प रंजन, विकास तिवारी, रामशीष तिवारी, सुप्रीत केषरी, ओमप्रकाश पासवान, नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, शिवनारायण चंद्रा, बृजेन्द्र पाठक, अजीत तिवारी, प्रवीण जायसवाल, यशवंत मिश्रा, उदय उपाध्याय, विनय चंद्रवंशी, बंधु राम, संजय जायसवाल सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आयुष्मान को लेकर जागरूकता रैली



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी द्वारा आयुष्मान कार्ड के लाभ को लेकर शुक्रवार को जागरूकता रैली निकली गई। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से निकलकर बाजार होते हुए कपूर्री चैक पहुंची। वहां से वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर समाप्त हुई। मौके पर बीटीएम धर्मजीत पासवान ने कहा कि रैली का उद्देश्य सभी लोगों को आयुष्मान योजना की जानकारी देना है। ताकि सभी लोग जल्द से जल्द कार्ड बनवाएं और योजना का लाभ ले सकें। योजना में गरीबों को सरकारी और निजी अस्पताल में पांच लाख तक का इलाज मुफ्त में किया जा सकता है। मौके पर बीटीएम अनुज कुमार, अनूप कुमार, सीपी यादव, पूनम देवी, माया देवी, अमृता देवी, लालो देवी, कुसुम देवी, रीता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, मीना देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

भवनाथपुर। शुक्रवार को दो अलग-अलग बाइक दुर्घटना में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। पहली घटना करमु होटल के सामने मुख्य पथ पर एक कुत्ता के दौड़ने से बाइक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे चालक मकरी निवासी सुरेश विश्वकर्मा के 17 वर्षीय पुत्र निरंजन कुमार विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी घटना भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ के देवी धाम से पहले भवनाथपुर बस्ती मोड़ पर एक बाइक चालक चोरियां निवासी 60 वर्षीय राजमकुमार यादव को पीछे से बाइक में धक्का मार दिया। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे पीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### कला मंच ने मनायी रामानंद की जयंती


गढ़वा। पं. हर्ष द्विवेदी कला मंच के तत्वावधान में मेलोडी मंडप में महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास की परंपरा के वाहक लेखक, निर्माता व निर्देशक रामानंद सागर की जयंती मनाई गई। रामानन्द सागर के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर की गई। मंच के निदेशक नीरज श्रीधर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामकथा को संस्कृत में लिखकर जग कल्याणार्थ प्रस्तुत किया। कालांतर में उसी रामकथा को जनसामान्य की भाषा में लिखकर गोस्वामी तुलसीदास ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। कलाजयी धारावाहिक रामायण के माध्यम से रामानन्द सागर ने किया।

# तिलैया डैम सैलानियों के लिए सजधज कर तैयार

## एक जनवरी को 10 स्थानों पर तैनात रहेगी पुलिस

उमा शंकर

**कोडरमा।** नव वर्ष के मौके पर जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित तिलैया डैम सैलानियों के लिए सजधज कर तैयार है। प्रकृति के मनोरम वादियों में बसे तिलैया डैम के घने जंगल में चेचरों पार्क लोगों को खूब लुभाता है। लोग वोट लेकर चेचरों पार्क घूमने जाते हैं। दिसंबर-जनवरी माह में पश्चिम बंगाल, बिहार, यूपी, झारखंड समेत कई राज्यों के पर्यटक तिलैया डैम में पिकनिक मनाने व वोटिंग का लुफ्त उठाने आते हैं। इसके अलावा वृदांहा वाटर फॉल, पंचखेरो डैम, चंचालिनी धाम, ध्वजाधारी पहाड़, पेट्रो जलप्रपात के अलावा अन्य स्थानों पर भी सैलानी नववर्ष को यादगार बनाने के लिए पहुंचते हैं। इन स्थानों पर प्रशासन की ओर से चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था करने को लेकर संबंधित बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन स्थलों पर जहां सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी व पुलिस की तैनाती की गई है, वहीं इन स्थानों पर सघन पेट्रोलिंग की व्यवस्था के साथ-साथ अतिरिक्त पुलिस पदाधिकारी व महिला पुलिस की नियुक्ति भी की गई है। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन व एसपी कुमार गौरव ने सीओ व थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट पर आवश्यकतानुसार विधि व्यवस्था का संधारण करने का निर्देश दिया है। तिलैया डैम सहित अन्य खतरनाक स्थानों पर पूर्व से चिन्हित स्थानीय गोताखोरों को तैनात रखने का निर्देश दिया गया है तथा किसी भी आपदा से शीघ्र निपटा जा सके। वहीं बगैर जीवन रक्षक जैकेट के स्टीमर व नाव पर सवारी की अनुमति नहीं है। सार्वजनिक जगहों पर शराब का सेवन पूरी तरह वर्जित रखा गया है।



**दो पहिया, चार पहिया वाहनों पर रोक :** नव वर्ष पर तिलैया डैम पुल पर दो व चार पहिया वाहन पूरी तरह से 1 जनवरी प्रतिबंध रहेगा। वोटिंग करने के लिए लाइफ जैकेट की व्यवस्था है। 6 सीटर बोट पर जाने वालों के लिए 600 रुपए व 10 सीटर बोट पर जाने वाले के लिए 1000 रुपए चार्ज रखा गया है। ओपी प्रभारी मदन मुंडा ने बताया कि चेकपोस्ट लगाकर शराब ले जाने वालों पर कड़ी नजर रहेगी। पिकनिक स्पॉट पर शराब पीने के अलावा अश्लील गाना बजाने वालों पर होगी कार्रवाई।

**नौका विहार रहेगा प्रतिबंधित :** पंचखेरो डैम में नौकाविहार को लेकर भी लाइफ जैकेट की अनिवार्यता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं परिवहन के कार्य में प्रयोग किए जाने वाले लकड़ी के नाव से लोगों को नौकाविहार कराने पर प्रतिबंद रहेगा।

# कोडरमा में 12 जनवरी को कौशल महोत्सव

## 50 बड़ी कंपनियां होंगी शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार देश के युवाओं को आधुनिक चुनौतियों और जरूरतों के मुताबिक कुशल बनाकर रोजगार और स्व रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। एक तरफ जहां रोजगार मेलों का आयोजन कर भारत सरकार के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं, वहीं दूसरी तरफ विभिन्न कौशल विकास और प्रशिक्षण की परियोजनाओं के माध्यम से युवाओं के हुनर को हौसला देते हुए उन्हें स्व रोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है, सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार किया जा रहा है। 12 जनवरी को कोडरमा के बाघीटांड़ स्टेडियम में आयोजित होने वाला कौशल महोत्सव इसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा, गिरिडीह एवं हजारीबाग जिले सहित सम्पूर्ण झारखण्ड के बेरोजगार युवकों और युवतियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है और कौशल महोत्सव में शामिल होने के लिए निबंधन कराने का आग्रह किया है। कौशल महोत्सव में भाग लेने के लिए युवा कौशल महोत्सव साईट पर जाकर फ्री रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। कौशल महोत्सव में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अप्रेन्टिसशिप के अवसरों के लिए 14 वर्ष होनी चाहिए। कोई भी उम्मीदवार जो कक्षा 5 से 12 वीं पास है, आईटीआई, डिप्लोमा धारक या डिग्री धारक है, कौशल महोत्सव के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**युवाओं के हुनर को हौसला दे रही मोदी सरकार : अन्नपूर्णा**



### आरक्षण काउंटर का उद्‌घाटन तीन को

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत धनबाद-गया रेलखंड के बीच परसाबाद रेलवे स्टेशन में आरक्षण काउंटर का उद्घाटन 30 दिसंबर को होना तय हुआ था, जिसे लेकर पूरी तैयारी कर ली गई थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन का शुक्रवार की सुबह 3:30 बजे निधन हो जाने के कारण केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव ने इसकी जानकारी ट्विटर इस कार्यक्रम की स्थगित की सूचना दी गयी। उनके द्वारा बताया गया कि आरक्षण काउंटर उद्घाटन तीन जनवरी किया जाएगा।

### बाइक चोरी को लेकर मामला दर्ज

**कोडरमा।** समाहरणालय परिसर से ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरी को लेकर कोडरमा थाना में दिये गये आवेदन पर कांड संख्या 295/22 के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस चोर की तलाश में जुट गई है।

### पुलिस ने वार्षिक रिपोर्ट में गिनायी कई उपलब्धियां

**चतरा।** पुलिस ने वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में पुलिस ने साल 2022 की अपनी उपलब्धियों को गिनाया। रिपोर्ट के अनुसार चतरा पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों ने सालभर में नक्सलियों के विरुद्ध 723 अभियान चलाया है। नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में 36 को गिरफ्तार किया गया। वहीं 3 बार पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने 18 हथियार और 1126 गोलियां बरामद कीं। राज्य सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर एक नक्सली ने समर्पण किया है। इस वर्ष कोलेश्वरी सबजोन का चतरा पुलिस ने खात्मा किया है, वहीं दो नये सीआरपीएफ कैंप गड़िया ओर के डिमोह में स्थापित किये हैं। चतरा पुलिस 1085 एकड़ में फैली अफीम की फसल को नष्ट किया है। जबकि 229 लोगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत 80 मामले दर्ज किये गये हैं। अवैध शराब के विरुद्ध भी जोरदार तरीके से अभियान चलाया है। अवैध शराब को लेकर 67 मामले दर्ज किये गये हैं। इसमें 94 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं जिले में आपराधिक घटनाओं से जुड़े 21 मामले दर्ज किये गये हैं। जिसमें 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन गिरफ्तार आरोपियों के पास से 28 हथियार और 56 गोली बरामद किये गये हैं।

# चतरा शहर के लोगों को अब जाम से मिलेगी मुक्ति

### एसपी ने पांच महत्वपूर्ण स्थानों पर चेकपोस्ट का किया उद्‌घाटन

**चतरा।** शहर में अक्सर लगने वाले जाम और बेतरतीब वाहनों की पार्किंग से होने वाली समस्या से शहरवासियों को अब निजात मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए अलग-अलग महत्वपूर्ण स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। एसपी राकेश रंजन ने पहले चरण में शहर के दो स्थानों विकास भवन और केशरी चौक पर चेक पोस्ट का उदघाटन किया है। चतरा में पहली बार स्थापित हुए चेक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक जवान शहर में यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने के साथ-साथ शहर में लगने वाले जाम की समस्याओं से लोगों को निजात दिलाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि शहर में चेक पोस्ट के स्थापित होने से न सिर्फ ट्रैफिक नियमों का अनुपालन हो सकेगा बल्कि नियमों के अनुपालन से बढ़ते क्राइम पर भी कंट्रोल बनाए रखने में पुलिस सफल हो सकेगी। उन्होंने बताया कि शहर के जतराहीबाग, पोस्ट ऑफिस और पेट्रोल पंप के अलावा विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर भी चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे। इतना ही नहीं इन चेक पोस्टों पर प्रशिक्षित ट्रैफिक जवानों और हवलदाराओं के साथ-साथ पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जो 24 घंटे शहर में यातायात पर निगरानी रखने के साथ-साथ परिवहन का माखौल उड़ाने वाले असमाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर कार्रवाई करेंगे। एसपी ने बताया कि चेक पोस्ट के माध्यम से शहर में सक्रिय बाइकर गैंग के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। चतरा में पहली बार ट्रैफिक पोस्ट खुलने से शहरवासियों ने भी राहत की सांस ली है। मौके पर एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीटीओ संतोष कुमार सिंह, प्रभारी सदर थाना प्रभारी सुधीर चौधरी, पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली समेत अधिकारी और जवान उपस्थित थे।




# बूढ़ा पहाड़ के लोगों को योजनाओं का मिला लाभ

**डीसी ने प्रेस कांफ्रेंस में पिछले साल की उपलब्धियों की दी जानकारी**

फोटो 9-प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डीसी



गढ़वा। डीसी रमेश घोलप ने शुक्रवार को परिसदन भवन में प्रेस कान्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से इस वर्ष सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों जानकारी दी।

डीसी ने बताया कि सरकार के निर्देश पर बरगढ़ प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बूढ़ा पहाड़ में स्थित लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। दशकों से नक्सलियों का गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ में 12 अक्टूबर क्षेत्र के टेहरी पंचायत के खपरी महुआ ग्राम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कई लोगों को योजनाओं से आच्छादित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर बूढ़ा पहाड़ स्थित सभी ग्रामों में डोर टू डोर सर्वे कराकर वहां के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत 64, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 220, मनरेगा के तहत 53, राशन कार्ड के तहत 51, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 111, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 08, जेएसएलपीएस के 44, किसान क्रेडिट कार्ड के 13, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं भीमराव अंबेडकर आवास योजना के 11, बिरसा आवास योजना के तहत 06, 15वें एवं 14वें वित्त की योजना में 02, बीज वितरण में 35, कंबल वितरण में 327, ई-कल्याण छात्रवृत्ति के तहत 57, आधार कार्ड का निर्माण 54 लोगों को, गोल्डन कार्ड 8 लोगों को, बैंक खाता है 33 लोगों का एवं श्रम कार्ड का निर्माण 25 लोगों को लाभान्वित किया गया। साथ ही बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि की सुविधा दी गई। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम ने इस वित्तीय वर्ष में सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए काफी मेहनत किया है। विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाले मुसहर परिवारों की स्थिति के उन्नयन के क्षेत्र में जिला प्रशासन ने कई कार्य किया है। वर्षों से उपेक्षित मूसहर परिवारों के द्वार पर जिला प्रशासन पहुंचा। उन्होंने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह सूचना मिली थी कि विभिन्न प्रखंडों में विपरीत परिस्थितियों में मुसहर परिवार निवास करते हैं। इनके पास आधारभूत सुविधा जैसे- आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन, आवास आदि उपलब्ध नहीं है तथा इनके बच्चें शिक्षा से वंचित हैं। फलस्वरूप इन मुसहर परिवारों को विकास के मुख्य धारा में लाने के लिए विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा पहली बार गढ़वा जिला अंतर्गत निवासी सभी मुसहर परिवारों का डोर टू डोर सर्वे कराकर आधार कार्ड, राशन, पेंशन, आवास, बच्चों का स्कूल में नामांकन के साथ सरकार द्वारा संचालित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया।

## एक नजर में

### सीएसआर के तहत कंबल का वितरण



टंडवा। आदिवासी जनजाति हाण्डू टोला में कडक ठंड को देखते हुए विस्थापित नेता उमेश कुमार गंझू, मिश्रौल पंचायत मुखिया सुबेश राम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी,जिला परिषद सदस्य उतरी देवन्ती देवी के अथक प्रयास से कंपनी के मैनेजर मोहम्मद शमीम अंसारी के मौजूदगी में असहाय परिवारों के बीच सैकड़ों कमल का वितरण किया गया जिसमें उपस्थित ग्रामीणों बीच स्थानीय मुखिया सुबेश राम ने कहा कि इसी तरह अच्छे से अच्छा सीएसआर के तहत कार्य किया जाए ताकि गाँव में विकास हो सके इसके लिए हमलोग जनप्रतिनिधि कम्पनी का सहयोग करके रहेंगे उसके बाद विस्थापित नेता व रैयत उमेश कुमार गंझू ने कहा कि कम्पनी खुलने से हजारों युवावों को रोजगार लेने का अवसर प्राप्त होगा जिसे आर्थिक विकास हो सकेगा और इस क्षेत्र का विकास हो सकेगा।

### टर्मिनल की मांग को ले गोलबंद हुए ग्रामीण



**चतरा।** सदर प्रखंड के भोज्या गांव में टर्मिनल बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार को लेम, दरियातु व डमडोईया पंचायत के ग्रामीणों ने भारतमाला के परियोजना निदेशक व जिला भूअर्जन पदाधिकारी को आवेदन सौपा। आवेदन में लिखा है कि भारतमाला सड़क परियोजना में सदर प्रखंड के भोज्या, लेम, पचमहला, सतोर, सिंहपुर, कनौदी, लुपुंगा गोडरा, डहुरी, खरीक, लोवगड़ा, दरियातु घनी आबादी का गांव है। यह सभी गांव के सबसे नजदीकी टर्मिनल जो डाढ़ा में बनाया जा रहा है। जीसकी लगभग दूरी 30 किलोमीटर है। दर्जनों गांव के ग्रामीणों की मांग है कि सदर प्रखंड के भोज्या गांव में टर्मिनल बनाया जाय। क्योंकि सबसे ज्यादा रैयती जमीन इस परियोजना में इन्हीं सभी गांव से जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि मांग पर कोई उचित कार्रवाई नहीं होती है तो सभी ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आवेदन सौपने वालो में अलख सिंह, राजेश सिंह, मंजीत प्रधान, रितेश सिंह, रंजय सिंह, राम सिंह, मनोज सिंह, डब्लू सिंह, जितेंद्र सिंह, संजीत सिंह, रंजीत सिंह आकाश सिंह, चुनु सिंह, नंदलाल सिंह, चुरामन साव, हिरामन साव, आशीष यादव, मुलेश्वर यादव सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### साबिर हुसैन को वार्ड पार्षदों ने दी बधाई



चतरा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता साबिर हुसैन को 15 सूत्री कार्यक्रम समिति का सदस्य बनाए जाने पर वार्ड पार्षद एवम गणमान वयक्तियो ने बुक्के देकर बधाई दी। बधाई देने वालो में आबिद हुसैन वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 12, मो समीम वार्ड नंबर 14, मो नेसार वार्ड नंबर 20,मो इनामुल ऊर्फ गुड्डन वार्ड नंबर 03,अब्दुल गफ्फार वार्ड नंबर 19, मो जाबिर हुसैन,मो शोएब,मो सलाउद्दीन,मो ताहिर हुसैन ने सम्मानित किया । साबिर हुसैन की पहचान पुराने कांग्रेसी नेता के रूप में रही है। वे कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और प्रदेश डेलीगेट के मेंबर भी हैं। साबिर हुसैन राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के जिला प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। रेडक्रॉस सोसायटी से भी जुड़े रहे हैं। 15 सूत्री कार्यक्रम समिति के सदस्य बनाए जाने पर साबिर हुसैन ने कहा कि राज्य सरकार ने उन्हें जो नई जिम्मेवारी सौंपी है, उसपर वे खरे उतरने का प्रयास करेंगे। समिति के माध्यम से अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।

### मुखिया सबिदा खातुन ने पोशाक बांटा



**टंडवा।** गाड़ीलौंग पंचायत क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो के पोषित गाँव में सरकार द्वारा प्रदत्त नन्हे मुन्हें बच्चों को जोड़ा पोशाक वितरण स्थानीय मुखिया सबिदा खातुन ने अपने हाथो से वितरण किया।इस मौके पर पंसस रुकैया खातुन, रीना देवी,सहायिका सावित्री देवी,वार्ड सदस्य दिलीप राम मोदी, मोबिन अंसारी,यशोदा देवी, मुखिया प्रतिनिधि मोइन अंसारी,मासूम रजा समेत अभिभावक समेत कई उपस्तिथ थे।

### बर्थडे में रिवाल्वर लहारने वाले दो गिरफ्तार



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रामनगर में एक युवक के बर्थडे पार्टी के दौरान रिवाल्वर का प्रदर्शन करने के मामले में तिलैया पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर ने बताया कि गुरुवार की रात एसपी कुमार गौरव को बर्थडे पार्टी के दौरान अवैध हथियार का प्रदर्शन करने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद तिलैया थाना के पुलिस अवर निरीक्षक लव कुमार, अवर निरीक्षक राजेश्वर पासवान एवं सशस्त्र बल के द्वारा रामनगर के एक कच्चे मकान के कमरे में छापेमारी किया गया। इस दौरान एक छह चक्रीय रिवाल्वर एवं 0 .38 की दो जिंदा गोली बरामद किया गया। मौके पर पुलिस ने बिहार के नवादा जिला अंतर्गत सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के रसलपुरा निवासी 20 वर्षीय अंकित राज पिता नरेंद्र कुमार यादव एवं 19 वर्षीय अजीत कुमार पिता सुरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं बर्थडे पार्टी में शामिल अन्य लोगों की खोजबीन की जा रही है, हालांकि प्रेस वार्ता के दौरान बर्थडे किस युवक था यह पुलिस नहीं बता पाई है।

### हिसुआ पुलिस प्रेमी जोड़े की खोज में जुटी

कोडरमा। बिहार के नवादा जिला अंतर्गत हिसुआ थाना की पुलिस बीते गुरुवार की रात्रि से ही कोडरमा थाना क्षेत्र में फरार एक प्रेमी जोड़े की तलाश में इधर-उधर भटकते रही। हालांकि शुक्रवार 4 बजे तक के हिसुआ पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी थी। दरअसल पूरा मामला नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के गांव मनवा का है, जहां नारदीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कौहारा निवासी 18 वर्षीय एक युवती अपनी नानी के घर में रह कर पढ़ाई करती थी। वहीं मनवा में ही है कोडरमा जिले के सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत मरचोई निवासी प्रहलाद रजक पिता टनकु रजक भी फर्नीचर की दुकान में काम किया करता था और उक्त दोनों युवक युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। जहां 28 दिसंबर को दोनों फरार हो गए। उक्त प्रेमी जोड़े को फरार होने में प्रेमी की बहन गुड़िया देवी व जीजा बभनौली नारदीगंज निवासी उदय रजक का भरपूर सहयोग किया और दोनों प्रेमियों को कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनानगर अपने रिश्तेदार के घर पहुंच गये, वहीं पीछे पीछे हिसुआ पुलिस भी पहुंच गई। वहीं इस मामले में प्रेमी प्रहलाद रजक के पुरनानगर निवासी रिश्तेदार के द्वारा जानकारी दी गई कि जब मुझे पता चला तो मैंने तीनों व्यक्तियों को घर से बाहर कर दिया। इसके बाद मैं नहीं जानता हूं कि वह तीनों कहां हैं। वहीं इस दौरान प्रेमी प्रह्लाद कुमार की बहन गुड़िया देवी को भी हिसुआ थाना की पुलिस ने कोडरमा बाजार के समीप से हिरासत में ले लिया। परंतु वो भी पुलिस को दिग्भ्रमित करती रही। वहीं हिसुआ थाना पुलिस कोडरमा पुलिस के सहयोग से हिरासत में लिए गए उक्त तीनों व्यक्तियों से शुक्रवार 4 बजे तक पूछताछ करती रही थी, परंतु किसी प्रकार की सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं हिसुआ थाना के एएसआई सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि 28 दिसंबर को हिसुआ थाना में युवती के पिता दिनेश कुमार के द्वारा कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया गया था।

# मनमानी : स्पेशल ट्रेन के नाम पर पैसेंजर्स को लूट रही रेलवे, वसूल रही है अधिक किराया

## मालगाड़ी के चलते निर्धारित समय से एक घंटे विलंब से किया गया गोमो स्पेशल पैसेंजर का परिचालन, कमाऊ रेलमंडल का खराब हाल

### ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री बेहाल, सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले धनबाद रेलमंडल में यात्री है परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने इन दिनों मालगाड़ियों को सवारी ट्रेनों से भी सर्वोपरि बना दिया है। आए दिनों पैसेंजर ट्रेनों को रोककर धड़ल्ले से मालगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। शुक्रवार को धनबाद रेल मंडल अंतर्गत बरवाडीह स्टेशन में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जहां प्रतिदिन सुबह 6.10 में खुलने वाली वाली ट्रेन संख्या 03362 बरवाडीह- गोमो स्पेशल पैसेंजर को 7.20 में गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इससे पहले लांग हॉल खाली मालगाड़ी को खोला गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर सवारी ट्रेन के खुलने का इंतजार कर रहे सैकड़ों यात्री रेल प्रशासन के इस रवैए से आक्रोशित और मायूस नजर आए। यात्रियों का कहना था कि प्रतिदिन यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को धड़ल्ले से पास कराया जाता है। इसके बावजूद सवारी ट्रेनों की गति कछुए के चाल की भांति होने से उन्हें दोहरी परेशानी झेलनी पड़ती है। ट्रेनों के इस अनियमित परिचालन से मजदूर वर्ग से लेकर नौकरी पेशा वाले तक परेशान हैं।



शुक्रवार को 6.10 की जगह 7.20 में खोली गई सवारी ट्रेन

**मालगाड़ियों का धड़ल्ले से हो रहा है परिचालन :** बता दें कि रेलवे को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले धनबाद रेलमंडल में बीते कई वर्षो से यात्री ट्रेनों का परिचालन अक्सर प्रभावित रहता है। लगभग सभी यात्री ट्रेनें कई घंटे विलंब से चलती है। वहीं मरम्मत या अन्य कार्यों के नाम पर पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों को अक्सर रद्द भी कर दिया जाता है। इससे यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ती हैं। हालांकि इस रूट में मालगाड़ियों का परिचालन 24 घंटे धड़ल्ले से जारी है। जब इन ट्रेकों में मालगाड़ियां दौड़ सकती है तो सवारी ट्रेनों को चलाने में रेल प्रशासन को क्या परेशानी होती है यह लोगों के समझ से बाहर हो रहा है।

**रेल प्रशासन की दोहरी मार झेल रहें है यात्री :** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह सहित अन्य सभी स्टेशनों से ट्रेन में सफर करना पैसेंजर्स के लिए काफी महंगा साबित हो रहा है। रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेन के नाम पर पैसेंजर्स से दोगुना किराया वसूला जा रहा है, जबकि ट्रेनों का परिचालन भी सामान्य रूप से नहीं हो रहा है। ऐसे में यात्रियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। वहीं अधिक किराया देने से उनकी जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि कोरोना के समय बंद पड़ी पैसेंजर ट्रेनों को स्पेशल ट्रेन का नाम देकर पैसेंजर्स से अधिक किराया वसूला जा रहा है।

# बलबल ग्राम में हाथियों ने 17 घरों को किया धवस्त

## ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



नारेबाजी करते ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत स्तिथ बलबल ग्राम में गुरुवार की मध्य रात्रि लगभग 15-20 जंगली हाथियों के झुंड ने तबाही मचाते हुए 17 घरों को ध्वस्त कर दिया। एवं घर में रखे अनाज चावल गेहूं मक्का बादाम महुआ को चट कर गये एवं घर मे रखे पंखा टेबल दरवाजा पलंग समेत कई सामग्री को बर्बाद कर दिया। जिससे तकरीबन 60 लाख की क्षति बताई जा रही है। वही घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवहा,ओबीसी मोर्चा दशरथ ठाकुर,अमित कुमार बलबल ग्राम पहुंच पीड़ित परिवार से मिल घटना की जानकारी ली। घटना के 12 घंटे बाद वन विभाग के अधिकारी के पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा विरोध करते हुए कहा वन विभाग होश में आव, पीड़ित परिवार को मुआबजा दो, हाथियों के झुंड को भगाना सुनिश्चित करो, टार्च लाइट दो समेत कई नारा लगाया। ग्रामीणों का आरोप था कि हाथियों का झुंड क्षेत्र में लगातार उत्पात मचा रहा है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। हाथियों द्वारा जिनका घर ध्वस्त किया गया है। उनमें रागेश्वर भगत पिता स्व. बंधु भगत, धनेश्वर भगत पिता स्व बंधु भगत, बिरशु भगत पिता स्व बंधु भगत, सोमरा भगत पिता धनेश्वर भगत भगत, रामेश्वर भगत पिता बोलवा भगत, प्रदीप भगत पिता रामेश्वर भगत, सुंदरदेव लोहरा पिता पिता स्व ननकु लोहरा, रामकिशन लोहरा पिता स्व लोधारी लोहरा, अक्षय लोहारा सभी ग्राम बलबल थाना बालूमाथ शामिल है। मौके पर मुरपा मुखिया अजय टना भगत, ग्रामीण प्रमोद गंझु, बुधराम भगत, सुरेंद्र लोहरा,रामजीत लोहरा समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## बारी जतरा मेला से दो बाइक की हुई चोरी

**चंदवा।** प्रखण्ड के बारी पंचायत में लगे जतरा मेला से गुरुवार की देर शाम दो बाइको की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। चोरी हुआ एक बाइक सुपर स्प्लेंडर जेएच 03टी 5849 सेरक निवासी अजय यादव व दूसरा बाइक जेएच 08जी 7860 बालमुनि कुमारी मानिकपुर की बतायी जा रही है। खबर लिखे जाने तक बाइक चोरी के मामले को लेकर चंदवा थाना को सूचना नहीं दी गई थी।

## ग्रीन फील्ड एकेडमी का 15वां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न

# शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास में बेहतर कार्य कर रही ग्रीन फील्ड एकेडमी : वैद्यनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सरोज नगर स्थित ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर विंग परिसर में गुरुवार की शाम विद्यालय का 15 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् बबन कुमार व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान आजादी के 75 वर्ष गांठ के थीम पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक नित्य, संगीत कविता, भाषण, लघु नाटक प्रस्तुत किए व जमकर लोगों की वाहवाही भी बटोरी। लोगों ने बच्चों के प्रयासों को खूब सराहा की व जमकर प्रशंसा करते देखे गए। वार्षिकोत्सव के मौके पर विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि बच्चों के शिक्षा के साथ कौशल विकास विकास के क्षेत्र में भी विद्यालय परिवार के द्वारा काफी बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसका उदाहरण आज देखने को मिल रहा है। विद्यालय के बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चे हर विद्या में निपुण है, बच्चे भविष्य में भी इसी प्रकार अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करते रहें, आप सभी का भविष्य उज्ज्वल होगा। वहीं विद्यालय के संचालक अरविंद सिंह व चेयरमैन आनन्दी सोरेंग ने कहा कि विद्यार्थियों के बहुमुखी प्रतिभा को आयाम देना को लेकर विद्यालय परिवार सदैव तत्पर है। बच्चो में शिक्षा के साथ संस्कार का भी निर्माण करना विद्यालय परिवार का उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने किया कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा विद्यालय के चेयरमैन आनंद सोरेन ने की। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, राजकुमार साहू, अमित लाल, राजू गुप्ता, मो. सरफराज समेत दर्जनों गणमान्य व सैकड़ों विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे।



विधायक बैद्यनाथ राम का स्वागत करते शिक्षक।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक।

# स्वास्थ्यकर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर शुक्रवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहिया ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर जागरूकता रैली निकाली। रैली बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आरंम्भ होकर थाना चौक, शहीद चौक, ब्लॉक कॉलोनी होते हुए वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जागरूकता रैली में शामिल सहिया ने अपने-अपने हाथों में तख्तियां लेकर जागरुकता नारा लगा रहे थे। मौके पर जानकारी देते हुए चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने कहा की आयुष्मान भारत योजना तहत गोल्डन कार्ड का बनाया जा रहा है। जिसके तहत कार्ड धारियों को 5 लाख तक का बीमा के माध्यम से मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। जिसका सीधा लाभ गरीबों को मिलेगा। अब किसी गरीब की मौत ईलाज के अभाव में नहीं होगा। अब गरीब तबके के लोग भी बड़ी-बड़ी बीमारियों का इलाज अच्छे अस्पताल में करा पाएंगे।



जागरूकता रैली में शामिल लोग।

# मनिका प्रखंड कार्यालय का आदिम जनजाति के लोगों ने किया घेराव, परहिया समाज के लोग ढिबरी युग में जीने को विवश

आवास, पेयजल, सड़क जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं लोग, नहीं मिल रहा है योजनाओं का लाभ
समय से जियो टैग नहीं करने का बीडीओ पर लगाया आरोप
कई किलोमीटर दूर जाकर वर्षों पूर्व बने कुएं से पानी पीने को हैं विवश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड के विशुनबांध पंचायत अंतर्गत स्थित बिचली दाग गांव के आदिम जनजाति के लोगों को सरकार द्वारा संचालित मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके विरोध में दिन शुक्रवार को परहिया समाज के 2 दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया।एक ओर जहां सरकार आदिम जनजाति के लोगों के लिए संवेदनशील है। तो दूसरी ओर कुछ अधिकारियों की कमियों की वजह से इन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिस वजह से परहिया समाज के लोग ढिबरी युग में जीने को विवश है। वहीं विशुनबांध पंचायत के ही टेंगरा पत्थर टोला निवासी राजमोहन परहिया का घर 3 वर्ष पूर्व टूट गया था। लेकिन सरकार द्वारा आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से पूरा परिवार स्कूल में रह कर अपना गुजारा कर रहा है। जिस पर प्रखंड प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रखंड प्रशासन के उदासीन रवैया से परेशान होकर आदिम जनजाति के लोगों ने आज प्रखंड कार्यालय का घेराव कर लिया।

**क्या है पूरा मामला:** मामले से संबंधित जानकारी देते हुए परहिया समाज के 2 दर्जन से अधिक लोगों ने बताया कि बिरसा मुंडा आवास योजना के तहत उनके गांव के 11 लोगों का नाम सिलेक्शन हुआ है। जिसके बाद डीसी लातेहार ने 1 सप्ताह के अंदर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका वीरेंद्र किंडो से जियो टैग करके रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया था। लेकिन बीडीओ के द्वारा 2 सप्ताह बीत जाने के बाद भी जिओ टैग की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। जिसके कारण प्रखंड प्रशासन के प्रति लोगों में काफी नाराजगी है। लोगों ने बताया कि बिचली दाग गांव में टोटल 25 से 30 घर की बस्ती है जहां पर सैकड़ों आदिम जनजाति के लोग निवास करते हैं। लेकिन गांव में कई वर्षों पूर्व से पानी के लिए चापाकल या जल मीनार जैसी कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जिसके कारण गांव के लोग कई किलोमीटर दूर जाकर वर्षों पूर्व बने कुएं से पानी ला कर अपना गुजारा करने को विवश है। दूसरी समस्या गांव में बिजली की कोई सुविधा नहीं है वही सबसे बड़ी समस्या पानी का है क्योंकि गांव में पानी के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जिस वजह से वहां के लोग आज भी सरकार द्वारा दी जाने वाली मूलभूत सुविधा से वंचित है। वहीं दूसरी ओर विशुनबांध पंचायत के ही टेंगरा पत्थर टोला में राजमोहन परहिया का 2019 में कच्चा मकान गिर गया था। जिसके बाद से परिवार के 6 लोग 3 वर्षों से विद्यालय में रहने को विवश हैं। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी कई बार पंचायत के मुखिया और प्रखंड प्रशासन को दी लेकिन आज तक उन लोगों को रहने के लिए आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया। जिससे परिवार के लोगों में प्रखंड प्रशासन के प्रति काफी गुस्सा था। मौके पर उपस्थित लोगों ने जिला प्रशासन व झारखंड सरकार से आदिम जनजातियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाने का गुहार लगाया है।

## एक परिवार 3 वर्षों से घर गिरने के कारण विद्यालय में रहकर कर रहा गुजारा




प्रखंड कार्यालय का घेराव करते आदिम जनजाति के लोग।

**गांव में कई सुविधाओं की है कमी :** विशन बांध पंचायत के बिजली दाग गांव में जाने के लिए सड़क की कोई भी सुविधा नहीं है जिससे वहां के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। वही गांव के लोगों के लिए पानी के लिए भी कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिससे वहां के लोग कई किलोमीटर दूर वर्षों पूर्व बने कुएं से पानी ला कर अपना गुजारा करते हैं वही गांव में बिजली की भी कोई सुविधा नहीं है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**क्या कहते हैं बीडीओ :** इस संबंध में जब प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति के लोगों के लिए सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाए जा रहे हैं सभी लाभुकों के लिए बहुत ही उपयोगी है चाहे व्यक्तिगत हो या सार्वजनिक जहां पर भी कमियां रह गई हैं हम वैसे वैसे जगह पर जाकर देखने का काम करेंगे। ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ लेने से वंचित ना रहे।

**मौके पर उपस्थित लोग :** अपनी मांगों को लेकर सुरेंद्र परहिया, कंदरु परहिया, अशोक परहिया, बायल परहिया, सुकनी परहीन, अनीता परहीन, सुकनी परहिन, सुनीता परहिन, शनिचरी परहिन, अनीता परहिन, समेत 2 दर्जन से अधिक आदिम जनजाति के लोग उपस्थित थे।

## डीसी भोर सिंह यादव ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए ग्रामीणों व आम-जन ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले एवं आवेदन देते हुए समस्याओं को ससमय निराकरण करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गई एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रोजगार आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## एक नजर में

### बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौके पर ही मौत

**चंदवा।** चंदवा माल्हन-मैक्लुस्कीगंज पथ अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के एकमहुआ दोड़का पुल पर गुरुवार की देर शाम एक बाइक ने साईकल को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार युवक भी साइकिल को चपेट में लेने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों एवं चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम की मदद से उससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घायल युवक की पहचान चंदवा के निंद्रा बैल गड़ा निवासी सुधीर मुंडा के रूप में हुई। वहीं घटना के लगभग 12 घंटे बाद मृतक की पहचान चंदवा के गुरी टांड निवासी रामलाल मुंडा पिता भोंदू पाहन के रूप में हुई। मृतक की पहचान उसके पुत्र सहजु मुंडा ने की। उसने बताया कि उसके पिता गुरुवार की देर शाम एक छठी कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदार के घर भदई टांड जा रहे थे। जिसके बाद गुरुवार की रात्रि वे नही लौटे, शुक्रवार की सुबह अपने रिश्तेदारों से फोन कर पता किया तो है रिश्तेदार के घर पहुंचे ही नहीं थे। खोजबीन के दौरान पता चला कि एक व्यक्ति की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई है जिनका शव थाना में है। आकर देखने पर पता चला कि मृतक उनके पिता ही है। इधर अग्रतर कार्रवाई के बाद पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। इधर शुक्रवार को मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए परिजन अस्पताल ले जाने के लिए मोक्ष वाहन की मांग चंदवा सीएचसी से की, लेकिन नियमों का हवाला देकर मृतक के परिजनों को मोक्ष वाहन नही दिया गया। जिसके बाद परिजन शव को ट्रैक्टर में लोड कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले गए। इधर गरीब को मोक्ष वाहन नहीं मिलने से लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है। मामले को लेकर पूछे जाने पर सीएचसी प्रभारी एनके पांडे ने कहा कि मामले को लेकर उन्होंने वरीय अधिकारियों से बात की थी, लेकिन मोक्ष वाहन मुहैया कराने को लेकर जारी गाइडलाइन के कारण वे वाहन नही दे पाए।

### स्वास्थ्यकर्मियों और सहिया ने निकाली आयुष्मान जागरूकता रैली

**चंदवा।** चंदवा सीएचसी के स्वास्थयकर्मियों के साथ सहिया साथीयों ने आयुष्मान जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली चंदवा सीएचसी परिसर से निकलकर मुख्य शहर होते वापस सीएचसी पहुंची। जागरूकता रैली में शामिल स्वास्थयकर्मी योजना से संबंधित बोर्ड लिए हुए थे। रैली के माध्यम से लोगों को आयुष्मान भारत से संबंधित योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्ष 2018 में देश के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई। आयुष्मान योजना का लाभ गरीबों को मिल रहा है। मौके पर सीएचसी प्रभारी डा. एनके पांडेय, विकास रंजन, देवाशीस पंडा, मनोज सिंह, चंद्रमोहन प्रसाद सुमित कुमार समेत सहिया साथी मौजूद थीं।

### बालूमाथ पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाया अभियान

**बालूमाथ।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर बालूमाथ पुलिस ने अवैध शराब विरुद्ध अभियान चलाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की अवैध शराब की रोकथाम को लेकर लातेहार एसपी के निर्देश पर बालूमाथ थाना क्षेत्र मे लगने वाले विभिन्न सप्ताहिक बाजार सहित मुरपा, भगिया, बालू शेरेगड़ा, मासियातू झाबर सहित कई गांवों में अभियान चलाकर करीब एक सौ लीटर अवैध महुआ शराब को नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस के जवानों ने शराब बनाने वाले बर्तन व चूल्हों को तोड़ दिया। आगे उन्होंने बताया कि अवैध शराब बेचने वाले किसी भी सूरत में बख्से नही जाएंगे। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान में मुरपा पिकेट प्रभारी पारसनाथ कुमार सहित पिकेट के जवान शामिल थे।

### पर्यटन स्थलों पर लगातार चलाया जायेगा वाहन चेकिंग अभियान

**बेतला।** बीतते पुराने वर्ष और नए वर्ष के आगमन को लेकर सभी पर्यटन स्थलों पर काफी संख्या में भीड़ देखी जा रही है। ऐसे में बेतला नेशनल पार्क, पलामू किला, केचकी औरंगा कोयल संगम, कमलदह झील, मिर्चिया फॉल, सुगा बांध समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर भी काफी संख्या में भीड़ देखी जा रही है, पर्यटकों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से एवं सड़क दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से बरवाडीह थाना प्रभारी श्री निवास सिंह ने आज कई पर्यटन स्थलों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया एवं लोगों को ट्रैफिक और यातायात नियमों को पालन करने का निर्देश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि ज्यादा उत्साह में अभिभावक अपने छोटे बच्चों को वाहन ना दे, थोड़ी सी लापरवाही के कारण नये साल में खुशी से गम में ना बदल जाए। पर्यटकों से बरवाडीह थाना प्रभारी ने अपिल किया है कि आप नियमित और संयम से सभी पर्यटन स्थलों का दीदार करें। इसके लिए बरवाडीह पुलिस सदैव तत्पर रहेगी किसी भी प्रकार से परेशानी हो तो आप सीधे संपर्क कर सकते हैं। आगे बरौली थाना प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि पर्यटकों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से एवं सड़क दुर्घटना में कमी हो। इसको लेकर के बरवाडीह पुलिस लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाएगी।

### 23 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत के गड़गोमा आंगनबाड़ी केंद्र में प्रखंड उप प्रमुख निशा शाहदेव ने 23 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण शुक्रवार को किया। स्वेटर वितरण के मौके पर प्रखंड उप प्रमुख निशा ने बच्चों से कही की आप सभी ठंठ के मौसम में नियमित रूप से स्वेटर पहनकर केंद्र में आये। आंगनबाड़ी सेविका बबिता देवी ने बताई की बाल विकास परियोजना द्वारा 32 बच्चों का स्वेटर उपलब्ध कराया गया था।जिसका वितरण किया गया। स्वेटर पाकर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के चेहरे पर खुशी छा गई। मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका वार्ड सदस्य कंचन देवी सहित बच्चे उपस्थित थे।

### सेविका चयन में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध, दिया धरना

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में हुए सेविकाओं के चयन के विरोध में लातेहार नगर पंचायत कार्यालय के समीप बालूमाथ के भगिया, बसिया, बालू, पकरी आदि क्षेत्रों से आए ग्रामीण महिलाओं द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना का नेतृत्व पुर्व उप प्रमुख सह भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य संजीव कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि बालूमाथ के चेताग पंचायत अंतर्गत पकरी जो अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र है वहां अनुसूचित जनजाति की बहुलता दिखाते हुए चुनाव करा दिया गया। यह सरासर चयन में अनियमितता दिखता है। वही दूसरी ओर बालूमाथ आंगनबाड़ी केंद्र में बिहार राज्य से निर्गत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सेविका का चयन कर दिया गया है। इन सभी बिंदुओं पर प्रशासन द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार कर चयन रद्द नहीं किया जाता है तो एक सप्ताह बाद हम सभी समाहरणालय परिसर स्थल पर भूख हड़ताल में बैठ जाएंगे। जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। इससे पहले ग्रामीणों ने सदर अस्पताल परिसर से नगर पंचायत परिसर एक रैली निकाल कर विरोध किया। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सीमा देवी, सुकरी देवी, रेखा देवी, संपति देवी, उर्मिला देवी, कविता देवी, गीता देवी, किरण देवी, प्रीति देवी, सुनैना देवी, रेखा देवी, मालती देवी, कांति देवी, रीना देवी, अंजू देवी, कविता देवी, खुशबू देवी, बसंती देवी, पूजा देवी, कांति देवी, शांति देवी ,प्रमिला देवी, देवकी देवी, सीता देवी, शकुंतला देवी सहित दर्जनों महिलाएं शामिल रहीं।

स्पीड न्यूज

## चार अवैध मुहाने को कराया गया बंद, 20 टन कोयला जब्त

**कतरास।** शुक्रवार को बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 3 गोविंदपुर के न्यु आकाश किनार कोलयरी स्थित सीआईएसएफ कैंप के बगल में चल रहे चार अवैध मुहनो की भराई की गई । और वहां रखे लगभग 20 टन कोयला को जप्त किया गया। मौके पर पीओ यूके सिंह ने बताया कि किसी भी कीमत पर क्षेत्र संख्या 3 के अंतर्गत अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। छापामारी में मुख्य रूप से मैनेजर अमित कुमार सेफ्टी ऑफिसर अशोक कुमार सीआईएसएफ इंस्पेक्टर चितरंजन कुमार आदि मौजूद रहे।

## बोकारोः बीओआई में लगा कोविड टीकाकरण शिविर

**बोकारो।** बैंक ऑफ इंडियाए बोकारो अंचल द्वारा एक दिवसीय कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन सेक्टर 4 परिसर में किया गया।बैंक के स्टाफ एवं उनके परिवारजनों के साथ.साथ शहरी जनता को कोविड टीकाकरण की तीसरी खुराक दिलाने हेतु आयोजित शिविर का उद्घाटन आंचलिक प्रबन्धक सी गोपाला कृष्णा ने किया। टीके की महत्ता एवं कोविड से बचाव के उपायों पर उपस्थित जनता को रूबरू कराया गया। मौके पर बैंक के उप आंचलिक प्रबन्धक लक्ष्मी नारायण डगरा एवं अजीत कुमार ठाकुरए सदर अस्पताल बोकारो से मो सबीर अनवरए सुश्री ममता कुमारीए डाटा ऑपरेटर आरती देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में राकेश मिश्राए राज हंसए मनीष चंचलए संजीव सिन्हा ने अग्रणी भूमिका निभाई। बैंक ऑफ इंडिया परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन व बैंक कर्मियों का आभार व्यक्त किया है।

## महुदा पंचायत साक्षरता समिति का गठन

**गोमो।** केन्द्र सरकार प्रायोजित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 30 दिसंबर को महुदा पंचायत सचिवालय के सभागार में पंचायत साक्षरता समिति का गठन माननीय मुखिया बदरुद्दीन अंसारी जी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाघमारा प्रखण्ड कॉर्डिनेटर भगीरथ सिंह जी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम 2022 से 2027 तक चलेगी जिससे पंचायत पूर्ण साक्षर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। यह कार्यक्रम सर्व सम्मति से जमील अख्तर को कॉर्डिनेटर, शिक्षक महबूब आलम को प्रवेक्षक चुना गया। वहीं सदस्य के रूप में अमनजहां खातून, जमीला खातून, बबीता कुमारी, कनीज फातिमा, ममता देवी, हसीबिन खातून, जुबेदा खातून, रेहाना प्रवीण, उमा देवी, जहाना खातून, मो.सरफराज अंसारी, मनीष आनन्द को चुना गया। वही सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उमेश कुमार तुरी जी रहे एवं समिती के सलाहकर श्री राघु राय जी को बनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से पथरगढ़िया पंचायत कॉर्डिनीटर बिनोद महतो, सुबास गोप, सरफुद्दीन अंसारी, मीरा दास, नवल सिंह, रूकसार परवीन, अमित कुमार, रेनू कुमारी उपस्थित रहे।

## मृतक जवान को जीआरपी पोस्ट में दी गई विदाई

**झरिया ।** भागा जीआरपी के प्रभार प्रभारी एएसआई बबलु पाठक की गुरुवार संध्या 6 बजे मालगाड़ी की चपेट में आकर हुई मौत की घटना के बाद उनके परिजन पैतृक गाँव से भागा पहुँचे। मृतक का पुत्र विवेक पाठक एवं आदर्श पाठक ने कहा कि पिता बैरेक में ही रहते थे, जहाँ से हमलोगों ने पिता का सारा सामान लेकर जायेंगे। मृतक बबलू पाठक को बैरेक के सिपाहियों ने नाम आंखों से भावभीनी विदाई दिया। मृतक बबलू का धनबाद में पोस्मार्टम कराकर भी साथ ले गये। मृतक के पिता ललन पाठक, माँ शांति देवी, पत्नी अमिता पाठक मौत की खबर सुन कर रो रो कर बुरा हाल है। बताते है कि मृतक आद्रा डिविजन के भागा जीआरपी पोस्ट में पदासीन थे। इसी दौरान गुरु की देर शाम भागा प्लेटफार्म के समीप ट्रेन के चपेट में आने से सर से धड अलग हो गया।

# नववर्ष पर पिकनिक और पूजा-पाठ के लिए लिलोरी मंदिर पार्क बना आकर्षण का केंद्र

### पार्क में बच्चों के खेलकूद की है पूरी व्यवस्था



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** अगर आप नए वर्ष के पहले दिन में पूजा पाठ के साथ शुरूआत करना चाहते हैं और इसके साथ पिकनिक भी मनाना चाहते हैं तो सबसे बेहतर विकल्प कतरास क्षेत्र में लिलोरी स्थान मंदिर है। जहां नगर निगम के द्वारा अमृत योजना फेज 2 के तहत एक सुंदर पार्क का निर्माण कराया गया है। बच्चों के लिए ड्रैगन ट्रेन मिकी माउस से लेकर झूला एवं जंपिंग की व्यवस्था पार्क में निगम के द्वारा की गई है। धनबाद जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर की दूरी पर स्थित झारखंड के प्रमुख तीर्थ स्थल मे शुमार कतरास का मा नीलकंठवासिनी मंदिर ( लिलौरी मंदिर ) मे नये बर्ष पर सैलानियो का सैलाब उमड़ पड़ता है। पौष मास के आरंभ के साथ ही न सिर्फ आसपास इलाके के बल्कि दूर दराज से पर्यटक यहा पहुंचते है। खासकर पश्चिम बंगाल के आसनसोल, वर्धमान, निरसा, धनबाद, चंदनकियारी से पर्यटक यहा पिकनिक मनाने आते है। यहा आने वाले पर्यटको का पिकनिक मनाने के साथ साथ मा लिलौरी का आशीर्वाद लेना मुख्य मकसद रहता है। जो पर्यटक नन-वेज है। वह बकरा साथ लाते है। यहा पूजा-पाठ के लिए मा को बलि भी दी जाती है। और निकट के रमणीक स्थल पर पिकनिक भी मनाते है। कतरी नदी का कलकल बहता पानी व निकट के जंगल झाड मे पिकनिक का सैलानी भरपूर लुप्त उठाते है।

मंदिर प्रांगण के प्रवेश द्वार पर ही नगर निगम के द्वारा निर्मित पार्क भी है जिसका मात्र शुल्क दस रुपये है। एक जनवरी को को इस पार्क मे पर्यटको का तांता लगा रहता है। इस दिन मंदिर मे पूजा-पाठ के लिए भी हजारो की संख्या मे भक्त पहुंचते है। भक्तो को पूजा-पाठ के लिए लाइन मे खड़ा रहना पड़ता है। यहा दर्जनो की संख्या मे धर्मशालाए भी बनी हुई है। अगर कोई सैलानी पिकनिक के लिए सामान लेकर नही पहुंचते है तो वो धर्मशाला बुक कर आराम से पिकनिक मनाकर घर वापस जाते है।

### कैसे पहुंचें लिलौरी मंदिर

मंदिर जाने के लिए धनबाद-गोमो रेल खंड के निचितपुर रेलवे- हाल्ट पर उतरना पड़ता है। हाल्ट मे उतरने के बाद आसानी से टेम्पो से मंदिर पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा सड़क मार्ग हे मंदिर पहुंचना बेहतर विकल्प है। धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर मंदिर स्थापित है। यहा से हर रूट की बस, टेम्पो व अन्य वाहन आसानी से मिल जाता है। लगभग सभी प्रकार की सुविधाजनक यातायात के मार्ग से जुड़ा हुआ मंदिर है।

# उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिये कई निर्देश

### जनता दरबार



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में लोगों ने भूमि, रोजगार, स्वास्थ्य समेत विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। वहीं कलियासोल प्रखंड से आये एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि बिहार सरकार द्वारा 50 वर्षों पहले बंदोबस्ती कर उसे जमीन दी गई थी। विगत 50 वर्षों से वे उस जमीन पर खेती-बाड़ी कर अपना और अपने परिवार का गुजारा करते हैं। विगत कुछ दिनों से दबंगों द्वारा जमीन पर जबरन बुलडोजर चलाकर उसे तहस-नहस किया जा रहा है। उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेकर अंचल अधिकारी कलियासोल को जांच कर शीघ्र विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। तोपचांची प्रखंड से आये एक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई पर जमीन पर अवैध कब्जा कर भवन निर्माण की शिकायत उपायुक्त से की।

## अपर समाहर्ता ने किया गोविंदपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता ने शुक्रवार को गोविंदपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय में आए लोगों से मिल कर उनकी शिकायतों को सुना। इसके बाद संबंधित पदाधिकारियों को 15 दिनों में समस्या का समाधान करने और प्रगति प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता ने अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस, केशबुक एवं अन्य भूमि से संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर अपर समाहर्ता ने अंचल कार्यालय में पेयजल एवं शौचालय की



समुचित व्यवस्था, साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं समय पर पदाधिकारी एवं कर्मी को कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर चिरकुंडा नीचे बाजार मे छापेमारी कर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस का कहना है कि यह ट्रैक्टर नया है जिसमे नंबर भी लिखा हुआ नही है। इस संबध में चिरकुंडा थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हे सुचना मिल रही थी कि सुन्दरनगर बालू घाट व डुमरकुंडा बालू घाट से कुछ ट्रैक्टर अवैध बालू लोड कर रात्री मे अंधेरा का फायदा उठाकर बालू ढुलाई कर रहे है इसी के तहत चिरकुंडा नीचे बाजार मे अवैध बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया।उन्होने कहा कि माइनिग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।उन्होने कहा कि अवैध बालू लोड पकडे जाने की सूचना माइनिग विभाग के अधिकारी को दे दी गयी है। पुलिस सूत्रो के अनुसार डुमरकुंडा बालू घाट से बालू लोड कर वाहनो को लायकडिह जुनकुदर अर्थात कुमारधूबी ओपी क्षेत्र होते हुए तस्कर बालू विभिन्न क्षेत्रो मे पहुचाते है बालू की बिक्री दो से तीन हजार रू में करते हैं।

## स्व दुलाल सिंह की पुण्यतिथि पर नेत्र जांच शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को स्वर्गीय दुलाल सिंह के पुण्यतिथि के अवसर पर यूथ फोर्स एक सामाजिक जन संगठन के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 200 लोगों का नेत्र जांच किया गया। इस दौरान जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि स्व दुलाल सिंह के पुण्यतिथि को यूथ फोर्स सेवा दिवस के रूप में मना रही है। इस अवसर पर स्व दुलाल सिंह के सामाजिक सरोकार को आगे बढ़ाते हुए यूथ फोर्स द्वारा सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में किया गया। श्री सिंह ने कहा कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में गांव के लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान डॉक्टर सौरभ प्रकाश, एसजी अस्पताल धनबाद के मृत्यंजय कुमार रवि सिन्हा गजेंद्र यादव, गोपाल सिंह, राकेश सिंह, इंदल सिंह गंगा नारायण सिंह मोहम्मद इम्तियाज मोहम्मद साबिर मोहम्मद सोनू नवीन कुमार नवीन सत्येंद्र सिंह प्रकाश मंडल सचिन मंडल राजेश सिंह प्रदीप सिंह सपन दुबे भागवत पांडे मुकेश बर्मन गौतम दास गौतम रजवार पंकज सिन्हा दीपक महतो जितेंद्र पांडे गौतम पांडेय धीरज कुमार बिंदु देवी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



## विद्यालय की चहारदीवारी का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने ग्रामीण विभाग विशेष प्रमंडल बोकारो द्वारा बनने वाली कसमार प्लस टू उच्च विद्यालय की चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया।यह चारदीवारी कुल 6 लाख 74 हजार 160 रुपए की लागत से बनायी जायेगी। विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को ग्रामीणों ने चहारदीवारी निर्माण की मांग की थी जिसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अपने विधायक मद से चहारदीवारी निर्माण करवाने का निर्णय लिया।उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर से शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराजए कसमार मुखिया रईस कौसरए धनलाल कपरदारए राजु कुमार महतोए राजेश कपरदारए शिशुपाल महतोएफनिन्द्र मुण्डाए पंकज जायसवालए अविनाश चौबेए अलटु अंसारी एकपिलेश्वर महतोएमंटु रजवार ए रमेश महाराजए निर्मल करमालीए प्रदीप कुमारए विनोद महतोए सरफराज अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कलश यात्रा की सफलता को लेकर विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को माटिगढ़ा गोवर्धन पहाड़ पर युवा यादव महासभा की एक बैठक संम्पन्न हुई। बैठक में आज अहीर रेजीमेंट हक है हमारा मांग को लेकर आयोजित कलश यात्रा के सफलता हेतु रणनीति बनाई गयी। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने आज धनबाद चलो का आहवान करते हुए कहा कि वीर अहीर शहीद सैनिकों के सम्मान में 31 दिसंबर को धनबाद में निकलेगी भव्य कलश यात्रा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के तहत पहले चरण का यह कार्यक्रम है। उन्होंने समाज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। धनबाद में सुबह 10:00 बजे ललिता भवन, धैया से आरंभ होगी।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे भक्तगण

### भक्तों ने किया रुक्मिणी मंगल कथा का श्रवण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** जरिडीह बाजार के गुजराती स्कूल प्रांगण ये मेहता परिवार के सुबोध भाई मेहता जी के द्वारा आयोजित श्री मद् भागवत कथा महापुराण के शुभ अवसर पर कथा छठवे दिन परम पूज्य श्रद्धेय श्री रूद्र कृष्ण जी महाराज ;श्री ब्रह्मावर्त्त धाम द्व के श्री मुख से भगवान के विवाहों की कथा मे रुक्मिणी मंगल की कथा का रसपान भक्तो को कराया गया । रुक्मिणी मंगल प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर श्री कृष्ण रूकमणी विवाह की सभी रस्में भजनों व झाकियों के माध्यम से दर्शाई गई जिसका सभी भक्तों ने आनंद लिया। महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए और जय जय श्री राधे का पवित्र उद्घोष किया। प्रवचनों में श्रद्धेय रूद्र कृष्ण महाराज ने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी का अवतार थीं। वह मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करना चाहती थीं। उधरए श्री कृष्ण भी जानते थे कि रुक्मिणी में कई गुण है। लेकिन रूकिमणी का भाई रूक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था। अंततरू श्री कृष्ण ने रूक्मी को युद्ध में परास्त करके रुक्मिणी से विवाह किया। आचार्य गण ;श्री कृष्णा तिवारीए देवेंद्र जीए श्याम जीएसक्षमए वैभवएदीपकए ओमांशएविजय जी द्वआदि ने मंगलपाठ किया । भागवत जी कि आरती में आयोजक श्री सुबोध भाई मेहता एश्री अनिल अग्रवाल जीए हितेश जीएहरमेश जी एआदि उपस्थित रहे।

### शहीद श्यामल चक्रवर्ती की प्रतिमा की हुई सफाई

**धनबाद।** शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में 3 जनवरी 2023 को शहीद श्यामल चक्रवर्ती की 32 वाँ शहादत दिवस आई. एस. एम प्रथम गेट, पुलिस लाइन में मनाया जाएगा ' माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि सभा की सफलता को लेकर आज मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को आईआईटी आईएसएम गेट स्थित शहीद श्यामल चक्रवर्ती की आदमकद प्रतिमा एवं श्यामल वाटिका की साफ - सफाई की गई ' इस अवसर पर जिला सचिव राणा चटराज,जयदीप बनर्जी मुख्य रूप से शामिल थे।



## सिजुआ में तीन अधिकारियों को दी गई विदाई

**सिजुआ।** शुक्रवार को सिजुआ अतिथि गृह में 3 अधिकारियों का सीएमओआई के द्वारा विदाई समारोह रखा गया। समारोह के मुख्य अतिथि अनुप राय, महाप्रबंधक, सिजुआ क्षेत्र द्वारा तीनों अधिकारियों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मान दिया गया। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी सुशील कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (उत्खनन), जनेश्वर राम, सर्वे ऑफिसर, टीबी गिरी, सबोर्डिनेट इंजीनियर। इसी बीच सीएमओई द्वारा अध्यक्ष पद के लिए जयसवाल, उपाध्यक्ष पद के लिए एनके मिश्रा, संयुक्त कोषाध्यक्ष के लिए अविनाश कुमार का चयन किया गया।

## बीएसएल में रेल वैगन खाली करने का कीर्तिमान

**बोकारो।** बोकारो स्टील के स्टोर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा आपसी समन्वय व यातायात विभाग के सहयोग से बेहतरीन प्रबंधन कर सेल के चंद्रपुर प्लांट से फेर्रो मैंगनीज और सिलिको मैंगनीज खनिज लाये गए 40 रेल वैगनों को मात्र 42 घंटो में खाली कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया।

## पेज एक का शेष

### कल तक चार...

**रांची का न्यूनतम तापमान 09 डिग्री :** मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक रांची का न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस है। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस, डालटेनगंज का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस, बोकारो का न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस, चाईबासा का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस, देवघर का न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस, गिरिडीह का न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस, खूंटी का न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस, रामगढ़ का न्यूनतम तापमान 7.4डिग्री सेल्सियस और सिमडेगा का न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस है। झारखंड के उत्तर और मध्य भाग में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक रांची का न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस है।

### गंगा की धारा...

नमामि गंगे पहल को संयुक्त राष्ट्र (यूएन)ने पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए चल रही दुनिया की शीर्ष 10 परियोजनाओं के रूप में मान्यता दी है।

श्री मोदी ने कहा, मुझे बताया गया है कि अभी आदि गंगा नदी की स्थिति दुर्भाग्य से बहुत खराब है। इसमें जो कूड़ा-कचरा गिरता है, सीवर का गंदा पानी गिरता है, उसकी सफाई के लिए 600 करोड़ रुपये से अधिक का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। नमामि गंगे मिशन के तहत पश्चि?म बंगाल में सीवरेज के 25 से ज्यादा परियोजनओं को मंजूरी दी गयी है। इनमें से 11 पूरी हो चुकी हैं और 7 परियोजनाएं आज पूरे हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आज डेढ़ हजार करोड़ की लागत से पांच नयी परियोजनाओं पर काम भी शुरू हो रहा है। श्री मोदी ने कहा, आने वाले 10-15 साल बाद की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए देश में आज ही आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगवाये जा रहे हैं।

कई परियोजनाओं का किया उदघाटन : मोदी ने इस बैठक की शुरूआत में बंगाल की सात प्रमुख सीवरेज की इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन किया। इसे नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) के तहत विकसित किया गया है। इस परियोजना पर कुल 990 करोड़ रुपये की लागत आई है।

### बगड़ू जंगल में...

उसने अपना नाम चन्द्रमान पाहन उर्फ सीबीप ाहन तथा दूसरे ने अपना नाम गोविन्द विरिजिया बताया। दोनों माओवादी का सब जोनल कमांडर है। चन्द्रमान पाहन की तो मौत हो गयी थी। शुक्रवार को सर्च अभियान में उग्रवादी गोविन्द विरिजिया की निशानदेही पर छिपाकर रखा हथियारों का ये जखीरा मिला।

**बरामद जखीरा :** पुलिस और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने को लेकर जंगल में लगाये गये 200 आईडी बम बरामद किया गया। यदि एक भी आइइडी बम विस्फोट कर जाता तो सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान होता। इसके साथ ही तीन पिस्टल, तीन लोडेड मैगजीन, 500 से अधिक गोली और कोडेक्स वायर बरामद किया है।

### गंगा में फिर जहाज ...

कई बार इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दी गयी। परिजन ने कहा कि सरफुद्दीन गाड़ी (एमपी 39एच 2658) पर सवार थे। लापता चालक सरफुद्दीन धनबाद के गोविंदपुर के फूफाआडीह का रहने वाला है। परिजन ने कहा कि घटना के बाद तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया गया, जिसमें कई लोग सुरक्षित निकाले गये, पर सरफुद्दीन गायब है। उन्होंने कहा कि एक हाइवा ट्रक का टायर ब्लास्ट होने से घटना नहीं हुई है, बल्कि जहाज के अनियंत्रित होने से हुई है। साहिबगंज बिहार के मनिहारी थाने की पुलिस घटनास्थल पर जुटी हुई है। साहिबगंज सदर एसडीपीओ सहित तमाम पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान में लगे हैं।

### पंचतत्व में विलीन ...

अपनी मां को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया कि शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम... मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। उन्होंने ट्वीट किया कि मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती है कि काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से। हीराबेन के परिवार में उनके पांच बेटे, पीएम मोदी और उनके भाई सोमाभाई, अमृतभाई, प्रह्लादभाई और पंकजभाई और बेटी वसंतीबेन हैं। अंतिम संस्कार परिवार के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में सुबह करीब 9.30 बजे किया गया। पीएम मोदी, मां का अंतिम संस्कार करने जब अहमदाबाद पहुंचे तो मां को अंतिम विदाई देने उनके चरणों में अपना सर रखा, तो भावुक हो उठे। पीएम मोदी बुधवार को दोपहर में दिल्ली से अहमदाबाद पहुंचे थे और यहां अस्पताल में अपनी मां से मुलाकात की थी। वह एक घंटे से अधिक समय तक अस्पताल में रुके थे। शुक्रवार को जैस ही मां के निधन की सूचना मिली वह अमहदाबाद पहुंचे। वह हवाई अड्डे से सीधे गांधीनगर में अपने छोटे भाई पंकज मोदी के घर रायसन पहुंचे। मोदी ने एक आम पुत्र की तरह मां की अर्थी को कंधा दिया। हीराबेन गांधीनगर शहर के पास रायसन गांव में प्रधानमंत्री मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी के साथ रहती थीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हीराबा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शोक जताते हुए कहा, उनका त्यागपूर्ण तपस्वी जीवन सदा हमारी स्मृति में रहेगा। पूरा देश दुःख की इस घड़ी में मोदी व उनके परिवार के साथ खड़ा है। कगांघरेस अध्यक्ष खड़गे समेत सोनिया, राहुल, प्रियंका गांधी ने भी हीरा बा के निधन पर गहरा शोक जताया है।

### अभिनेत्री हत्याकांड मे ...

राज्य पुलिस सूत्रों ने कहा कि प्रकाश कुमार की तरह, उनके छोटे भाई को भी हावड़ा जिले के बगनान पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। प्रकाश और संदीप के अलावा, प्राथमिकी में नामजद तीसरा व्यक्ति प्रकाश की पहली पत्नी शारदा देवी है। पुलिस मामले में उसकी भूमिका की भी जांच कर रही है। पश्चिम बंगाल से एक टीम पहले ही रांची पहुंच चुकी है।

**पैसों की वजह से हत्या का शक :** जांच अधिकारी हत्या के पीछे एक संभावित वित्तीय मकसद भी देख रहे हैं। पुलिस को पता चला है कि कुमार पर बाजार में करीब 30 लाख रुपये का कर्ज है। दूसरी ओर, मृतक अभिनेत्री का अपनी तीन साल की बेटी के साथ संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी थी, जिसमें नामित कुमार हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं रिया की हत्या के पीछे कोई वित्तीय पहलू तो नहीं है।

# मां का वीडियो देख चहक उठे थे प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**मां**, ये सिर्फ एक शब्द नहीं है। जीवन की ये वो भावना होती जिसमें स्नेह, धैर्य, विश्वास, कितना कुछ समाया होता है। दुनिया का कोई भी कोना हो, कोई भी देश हो, हर संतान के मन में सबसे अनमोल स्नेह मां के लिए होता है। मां, सिर्फ हमारा शरीर ही नहीं गढ़ती बल्कि हमारा मन, हमारा व्यक्तित्व, हमारा आत्मविश्वास भी गढ़ती है। और अपनी संतान के लिए ऐसा करते हुए वो खुद को खपा देती है, खुद को भुला देती है। ये लाइनें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मां के 100वें जन्मदिन पर लिखीं थीं। प्रधानमंत्री ने एक लेख के लिए मां से जुड़ी कई रोचक बातों को साझा की थीं। आज उनका निधन हो गया। पीएम की

### हीराबा से जुड़े रोचक किस्से



यादों के पिटारे से किस्से ...

### मां के 100वें जन्मदिन पर भतीजे ने भेजा था वीडियो

हीराबा के 100वें जन्मदिन से ठीक पहले पीएम मोदी को उनके भतीजे ने एक वीडियो भेजा था। इसमें पीएम मोदी की मां हीराबा गांधीनगर स्थित घर पर भजन कीर्तन कर रहीं थीं। पीएम मोदी ने अपने लेख में लिखा, 'पिछले ही हफ्ते मेरे भतीजे ने गांधीनगर से मां के कुछ वीडियो भेजे हैं। घर पर सोसायटी के कुछ नौजवान लड़के आए हैं, पिताजी की तस्वीर कुर्सी पर रखी है, भजन कीर्तन चल रहा है और मां मगन होकर भजन गा रही हैं, मंजीरा बजा रही हैं। मां आज भी वैसी ही हैं। शरीर की ऊर्जा भले कम हो गई है लेकिन मन की ऊर्जा यथावत है।'

### मचान पर बैठकर खाना बनाती थीं

वडनगर के जिस घर में वह अपने परिवार के साथ रहते थे, वो बहुत ही छोटा था। उस घर में कोई खिड़की नहीं थी। उसी में पीएम की मां-पिताजी, सारे भाई-बहन रहा करते थे। मोदी ने इससे जुड़ा एक किस्सा बताया है। उन्होंने लिखा, 'उस छोटे से घर में मां को खाना बनाने में कुछ सहूलियत रहे इसलिए पिताजी ने घर में बांस की फट्टी और लकड़ी के पटरों की मदद से एक मचान जैसी बनवा दी थी। वही मचान हमारे घर की रसोई थी। मां उसी पर चढ़कर खाना बनाया करती थीं और हम लोग उसी पर बैठकर खाना खाया करते थे।'

### घर चलाने के लिए दूसरों के घर बर्तन मांजा करती थीं, चरखा भी चलाया

पीएम मोदी के अनुसार, 'घर चलाने के लिए उनकी मां दूसरों के घर बर्तन भी मांजा करती थीं। इससे दो चार पैसे ज्यादा मिल जाते थे। इसके अलावा समय निकालकर वह चरखा भी चलाया करती थीं, क्योंकि उससे भी कुछ पैसे जुट जाते थे। कपास के छिलके से रूई निकालने का काम, रुई से धागे बनाने का काम, ये सब कुछ मां खुद ही करती थीं।

### सुबह चार बजे उठकर भजन गाती थीं हीराबा, सारे काम खुद करती थीं

पीएम मोदी अपनी यादों को साझा करते हुए बताते हैं कि मां हमेशा सुबह चार बजे उठ जाती थीं। वह लिखते हैं, 'मां समय की उतनी ही पाबंद थीं। उन्हें भी सुबह 4 बजे उठने की आदत थी। सुबह-सुबह ही वो बहुत सारे काम निपटा लिया करती थीं। गेहूं पीसना हो, बाजरा पीसना हो, चावल या दाल बीनना हो, सारे काम वो खुद करती थीं। काम करते हुए मां अपने कुछ पसंदीदा भजन या प्रभातियां गुनगुनाती रहती थीं। मां कभी अपेक्षा नहीं करती थीं कि हम भाई-बहन अपनी पढ़ाई छोड़कर उनकी मदद करें। वो कभी मदद के लिए, उनका हाथ बंटाने के लिए नहीं कहती थीं। मां को लगातार काम करते देखकर हम भाई-बहनों को खुद ही लगता था कि काम में उनका हाथ बंटाएं।


# वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ा भारत का दबदबा : जयशंकर

एजेंसी

**निकोसिया।** साइप्रस की राजधानी निकोसिया में शुक्रवार को एक बिजनेस इवेंट को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का दबदबा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए महत्वपूर्ण स्थान बनाने में मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों और सुधारों ने योगदान दिया। जयशंकर ने कहा, हम अपने इतिहास में सर्वाधिक एफडीआई प्रवाह प्राप्त कर रहे हैं। पिछले साल हमें एफडीआई के रूप में 81 अरब डॉलर मिले। हमारे व्यापार का काफी विस्तार हुआ है। वर्ष 2021-22 के लिए पहली बार हमारा निर्यात 400 अरब डॉलर के पार गया और इस साल हमने 470 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा है। हम दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक का घर बन गए हैं। अब हम करीब 100 यूनिकॉर्न की मेजबानी कर रहे हैं। वर्तमान में हमारे पास यूनिकॉर्न्स की तीसरी सबसे बड़ी संख्या है। विदेश मंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य भारत को एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र (मैन्युफैक्चरिंग हब) बनाना है।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस में वापसी नहीं करेंगे गुलाम नबी आजाद



**श्रीनगर।** कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने पार्टी में अपनी वापसी की सभी अटकलों को खारिज कर दिया है। दरअसल कुछ रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा था वह कांग्रेस में दोबारा शामिल हो सकते हैं। हालांकि शुक्रवार को उन्होंने सभी अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी में मेरे दोबारा शामिल होने की खबर को देखकर मैं स्तब्ध हूं। दुर्भाग्य से इस तरह की कहानियां कांग्रेस पार्टी में नेताओं के एक वर्ग द्वारा अभी गढ़ी जा रही हैं और ऐसा सिर्फ मेरे नेताओं और समर्थकों का मनोबल गिराने के लिए कर रहे हैं।

### मुंबई : माउंट मेरी चर्च को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के माउंट मेरी चर्च को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। लश्कर-ए-तैयबा ने ईमेल के जरिए चर्च को बम से उड़ाने की धमकी दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ई मेल के जरिए चेतावनी दी गई है कि आतंकी संगठन बम के जरिए चर्च पर हमला करेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। माउंट मेरी चर्च भारत के पांच पुराने चर्चों में से एक है। यह ईसा मसीह की मां वर्जिन मैरी को समर्पित है।

### राहुल ही पीएम उम्मीदवार होंगे : कमलनाथ

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। यह एलान खुद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने किया।


## कोरोना पर विशेषज्ञों की राय, दो स्थितियां बढ़ा रही हैं खतरा

# जनवरी में चौथी लहर की आशंका !

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन सहित दुनिया के कई देशों में इन दिनों कोरोना का गंभीर असर देखा जा रहा है। संक्रमण की स्थिति के लिए विशेषज्ञ मुख्यरूप से ओमिक्रॉन के बीएफ-7 वैरिएंट को प्रमुख कारण मान रहे हैं, जिसकी गंभीरता को कम है पर संक्रामकता के लिहाज से यह चिंता बढ़ाने वाला है। भारत में कोरोना की स्थिति की बात करें तो यहां हालात काफी नियंत्रित लग रहे हैं। वैश्विक खतरे को ध्यान में रखते हुए लोगों से लगातार कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करते रहने की अपील की जा रही है। इस बीच हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विशेषज्ञों ने अगले डेढ़ महीने तक लोगों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। सरकारी अधिकारियों ने लोगों को आगाह किया है कि अगले 40 दिनों में देश में कोरोना के मामलों में उछाल देखे जा सकते हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या जनवरी के महीने में देश में कोरोना की चौथी लहर आ सकती है? कुछ स्थितियां इस जोखिम को बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

### पिछली लहरों की स्थिति का आकलन



एक अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा, पिछले तीन साल के जैसे अनुभव रहे हैं उसका आकलन करें तो माना जा सकता है कि अगले डेढ़ महीने हमें विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अतीत में वैश्विक स्तर पर जब भी कोरोना के मामले बढ़े हैं उसके एक से डेढ़ माह के बाद भारत में भी इसका असर देखा गया है। इस आधार पर हमें आशंका है कि जनवरी में देश में संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं।

हालांकि इसकी गंभीरता कम रहने के अनुमान है, इस खतरे को ध्यान में रखते हुए हमें अभी से अलर्ट हो जाने की आवश्यकता है। कोरोना के पिछले पैटर्न को देखें तो निश्चित ही यह डर हो सकता है, इसके अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जो अलर्ट करती हैं।

#### भारत में घबराने की जरूरत नहीं

डॉक्टर नीरज अस्थाना कहते हैं, भारत ने प्राकृतिक संक्रमण और वैक्सीनेशन से जो हर्ड इम्युनिटी विकसित कर ली है, उसके कारण यहां संक्रमण बढ़ने की स्थिति में भी पिछली लहर की तरह गंभीर रोगों का खतरा नहीं है। हम काफी सुरक्षित देशों में से हैं और सुरक्षित होने के लिए योग्य लोगों को जल्द से जल्द बूस्टर खुराक ले लेनी चाहिए। बीएफ-7 वैरिएंट्स की प्रकृति गंभीर रोगकारक नहीं है ऐस में ज्यादा चिंता की आवश्यकता नहीं है।

### सर्दियों में जोखिम

मौसम आधारित कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर नेचर जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में कैलिफोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के माइक्रोबायोलॉजिस्ट डेविड रेलमैन कहते हैं, सर्दी के मौसम में कोरोना के अधिक संक्रामक होने के मामले देखे गए हैं। इन्फ्लूएंजा जैसे श्वसन संक्रमण का कारण बनने वाले वैरिएंट्स की संक्रामकता प्रकृति सर्दियों के मौसम में बदल जाती है। प्रयोगशाला अध्ययनों से पता चलता है कि सार्स-सीओवी-2 वायरस भी ठंड और शुष्क परिस्थितियों में अधिक संक्रामकता का कारण बन सकता है।

### कोरोना के पैटर्न को समझिये

साल 2019 के आखिर में पहली बार कोरोना की शुरूआत से लेकर अब तक के पैटर्न को देखें तो स्पष्ट होता है कि सर्दियों के मौसम में संक्रमण बढ़ा है। डेल्टा वैरिएंट के कारण देश में आई दूसरी लहर फरवरी से शुरू होकर मार्च-अप्रैल 2021 में आई। इसके बाद साल 2022 में संक्रमण की तीसरी लहर देखी गई, जिसका असर जनवरी-फरवरी में अधिक रहा। अध्ययनों में भी इस बात की पुष्टि होती है कि तापमान गिरने की स्थिति वायरस को बढ़ने में मदद करती है।

## पीएम ने बंगाल को दी वंदे भारत की सौगात, बोले माफी चाहूंगा, निजी कारणों से नहीं आ सका

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर उसे देश को समर्पित किया। यह वंदे भारत ट्रेन एक जनवरी से बंगाल के हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी रूट तक का सफर तय करेगी। वहीं वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने के बाद मोदी ने कहा कि बंगाल की पुण्य धरती को आज मेरे लिए नमन करने का असवर है। बंगाल के कण-कण में आजादी का इतिहास समाया हुआ है।

जिस धरती से 'वंदे मात्रम' का जयघोष हुआ वहां से 'वंदे भारत' को हरी झंडी दिखाई गई। पीएम मोदी ने कहा कि आज मुझे आप सब के बीच रूबरू होना था, लेकिन निजी कारणों की वजह से मैं आप सब के बीच नहीं आ पाया हूं। इसके लिए क्षमा चाहता हूं।

## कफ सिरप के आरोपी मैरियन बायोटेक बंद

**नयी दिल्ली।** उज्बेकिस्तान में खांसी की दूषित दवा की आपूर्ति करने की आरोपी कंपनी मैरियन बायोटेक का उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित संयंत्र बंद कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को एक ट्वीट में बताया कि सीडीएससीओ की टीम के निरीक्षण के बाद कल रात मैरियन बायोटेक के संयंत्र में उत्पादन संबंधी गतिविधियां बंद कर दी गयी। मामले की जांच चल रही है।

# सुरक्षा से समझौता नहीं : राजनाथ सिंह

### दुनिया हमारी सैन्य ताकत का लोहा मानती है

**रक्षामंत्री ने कहा कि कई बार भारतीय चिंतनधारा पर यह आरोप लगता है कि यहां समता, समानता और बंधुत्व की अवधारणा पर अपेक्षाकृत विचार नहीं किया गया है। यह अवधारणा यहां अगर पहुंची है, तो वह पश्चिमी पुनर्जागरण अथवा फ्रेंच क्रांति के माध्यम से हमारे यहां पहुंची है, पर यह बात पूरी सही नहीं है। पश्चिम में तो मानव-मानव के बीच समता, समानता और बंधुत्व पर बात की गई है, पर हमारे देश में तो मानव के साथ अन्य प्राणियों, जीव-जंतुओं और जड़-चेतन तक के बीच समानता और उनके कल्याण की बात की गई है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया हमारी सैन्य ताकत का लोहा मानती है।**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखना और इन्हें आगे भी बनाए रखना चाहता है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर नहीं किया जाएगा।

यहां शिवगिरि मठ की 90वीं वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की उस टिप्पणी को याद किया जिसमें उन्होंने कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। रक्षा मंत्री ने कहा, 'हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंधों की आवश्यकता है। लेकिन, हम अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर किसी के साथ अच्छे संबंध नहीं चाहते हैं।' वहीं उन्होंने कहा, ह्यआज हमारे पास गर्व करने के लिए जो-जो भी चीजें हैं, जो-जो भी विरासते हैं, उसमें हमारी सांस्कृतिक विरासत सबसे प्रमुख है। हमारी संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है, और इसने भारत देश के साथ-साथ दुनिया भर को जीवन जीने की राह दिखाई है।

समता, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और विश्वशांति के जिन सिद्धांतों की ओर आज दुनिया आगे बढ़ रही है, इसके सूत्र हमें भारतीय संस्कृति में दिखाई देते हैं।

### भाजपा ने राजीव रंजन को छह साल के लिए पार्टी से निकाला

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में पार्टी उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक राजीव रंजन पर बड़ी कार्रवाई की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जयसवाल ने राजीव रंजन को छह साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि उन पर यह कार्रवाई पार्टी लाइन से इतर बयानबाजी के कारण की गई है। उन्होंने बताया कि पार्टी की छवि धूमिल करने वाले बयानों को लेकर उन्हें पूर्व में भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन लगातार बयानबाजी के कारण उन्हें पार्टी से निलंबित किया गया है।

## बिहार के 17 नगर निगमों को मिले नये मेयर और डिप्टी मेयर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के 17 नगर निगमों को नया मेयर और डिप्टी मेयर मिल गया है। पटना समेत 17 नगर निगमों के अलावा कुल 68 निकायों में मतगणना लगभग पूरी हो चुकी है। बिहार नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण में कई उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर दिखी। पटना में मेयर पद के लिए सीता साहू ने एक बार फिर से जीत हासिल किया। वहीं, दूसरे नंबर पर महजबी रहीं। डिप्टी मेयर पद पर रेशमी चंद्रवंशी ने जीत हासिल की। इन्होंने अंजना गांधी को मात दिया।

**पटना में सीता और रेशमी को मिली जीत :** बिहार के नगर निगमों में कई जगहों पर 'पिंक पावर' दिखा। पटना में मेयर की कुर्सी सीता साहू के पास रही तो डिप्टी मेयर के तौर पर रेशमी चंद्रवंशी को कामयाबी मिली। पटना नगर निगम के मेयर पद पर सीता साहू और मजहबी के बीच में कांटे की टक्कर दिखी। बाद में वोटों का अंतर काफी बढ़ गया। सीता साहू को 51484 तो मजहबी को 32955 वोट मिले। आखिर में सीता साहू ने 18,529 वोटों से जीत दर्ज कीं।



#### 17 नगर निगमों के मेयर और डिप्टी मेयर के नाम

| | मेयर | डिप्टी मेयर |
|---|---|---|
| पटना- | सीता साहू- | रेशमी चंद्रवंशी |
| गया- | गणेश पासवान- | चिंता देवी |
| आरा- | इंदु देवी- | पूनम देवी |
| भागलपुर- | वसुंधरा लाल- | सलाउद्दीन |
| समस्तीपुर- | अनीता राम- | रामबालक |
| दरभंगा- | अंजुम आरा- | नाजिया हसन |
| मुजफ्फरपुर- | अनिता देवी- | डॉ मोनालिसा |
| सासाराम- | काजल कुमारी- | सत्यवंती |
| छपरा- | राखी गुप्ता- | रागिनी |
| पूर्णिया- | विभा कुमारी | पल्लवी |
| बेगूसराय- | पिंकी देवी | अनीता देवी |
| बेतिया- | गरिमा देवी- | गायत्री देवी |
| बिहारशरीफ- | अनीता देवी- | आयशा शाहीन |
| मोतिहारी- | प्रीति गुप्ता- | लालबाबू प्रसाद |
| सीतामढ़ी- | रौनक जहां- | आशुतोष |
| मुंगेर- | कुमकुम देवी- | खालीद हुसैन |
| कटिहार- | उषा देवी अग्रवाल- | मंजूर खान |

## ग्लैमरस लुक में छायीं मौनी



एक्ट्रेस मौनी रॉय काफी दिनों से दुबई में हैं। वे इस दौरान अपने हसबेंड और दोस्तों के साथ हैं। उन्होंने क्रिसमस का त्योहार वहीं पर मनाया और ऐसा माना जा रहा है कि वे दुबई में ही हसबेंड संग नए साल की शुरूआत करेंगी। एक्ट्रेस अपनी इस ट्रिप से फोटोज शेयर कर रही हैं। सोशल मीडिया मौनी रॉय की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। उनकी फिटनेस कमाल की है। ताजा फोटोज में मौनी फैशनेबल लुक में नजर आ रही हैं। वे ग्रे कलर के कटआउट बॉडीशूट में हैं जिन्हें उन्होंने स्कर्ट और बूट्स संग कम्प्लीट किया है। उनका ये आउटफिट काफी एट्रैक्टिव नजर आ रहा है। उन्होंने अपने इस आउटफिट के साथ ब्लैक कलर का राउंड स्लिंग बैग भी कैरी किया है। फोटोज शेयर करने के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'दुबई नाईट एक्स'। नागिन फेम एक्ट्रेस की इन फोटोज पर फैंस कमेंट कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने ब्लैक बिकिनी में भी अपनी एक फोटो शेयर की है। समंदर किनारे वे क्वालिटी टाइम स्पेंड करती नजर आ रही हैं। अन्य कुछ फोटोज में वे अपने फ्रेंड्स संग एंजॉय करती हुई देखी जा सकती हैं। इससे पहले क्रिसमस के मौके पर भी एक्ट्रेस अपनी खास दोस्त मंदिरा बेदी संग नजर आई थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो नागिन फेम एक्ट्रेस के लिए साल 2022 खास रहा। उन्हें साल 2022 की सबसे सक्सेसफुल फिल्म ब्रह्मास्त्र में काम करने का मौका मिला। इसके अलावा एक्ट्रेस वर्जिन ट्री नाम की एक फिल्म का हिस्सा है।

# ऋषभ पंत ने कहा- बस, बच गया मैं तो...



एजेंसी

**देहरादून।** जगह- रुड़की में नारसन चौकी के पास का इलाका। वक्त- शुक्रवार सुबह पांच बजकर 21 मिनट। यहां एक कार तेजी से आती है और डिवाइडर को तोड़कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है। तुरंत ही उसमें से आग की लपटें निकलने लगती हैं। जब खबर सामने आती है तो पता चलता है कि इस कार को टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी ऋषभ पंत चला रहे थे।

**पंत खुद बाहर आए या किसी ने उन्हें निकाला :** सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि किसी और व्यक्ति के पंत को बाहर निकालने और वहां जाने की गुंजाइश ही नहीं है। यह कुछ ही सेकंड का मामला था तो पंत खुद ही बाहर आए होंगे। लपटें इतनी तेज थीं कि उनके बीच किसी और व्यक्ति का वहां जाकर और कार के अंदर घुसकर पंत को बाहर निकलना मुश्किल है।

**पुलिस ने कैसे तत्परता दिखाई**

पुलिस ने इस मामले में पूरी तत्परता दिखाई। चूंकि पंत राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी हैं, इसलिए पूरे पुलिस महकमे को तुरंत अलर्ट कर दिया गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने और परिवार से किसी भी तरह संपर्क साधने के निर्देश दिए गए। हादसे के बाद अस्पताल जाते वक्त पंत ने उनकी मां का नंबर दिया। वे चाहते थे कि मां उनके पास जल्द से जल्द पहुंचें, लेकिन वह नंबर स्विच ऑफ था। रुड़की में सिविल लाइन थाने को पुलिस ने सूचित किया। वहां से चेतक पुलिस को भेजा गया।

सुबह सवा छह बजे पुलिस उनके घर पर पहुंच गई। काफी देर बाद दरवाजा खुला। पुलिस ने उनकी मां को जगाया। ड्राइवर से संपर्क नहीं हो पा रहा था तो थाने की गाड़ी से ही उनकी मां को रुड़की के अस्पताल लाया गया। पंत की मां से पुलिस के अफसर लगातार फोन पर बात कर रहे थे। पंत को ठंड लग रही थी तो उनकी मां से कहा गया कि वे कपड़े भी ले आएं। उनकी मां कार्डिगन लेकर आईं जो आगे से खुला हो ताकि इलाज में दिक्कत न आए।


**हादसे के बाद पंत की प्रतिक्रिया**

पंत को अस्पताल में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकालकर कार के विजुअल दिखाए। इस पर पंत ने कहा- बस, बच गया मैं तो। पंत ने यह भी कहा कि वे मां को सरप्राइज देने जा रहे थे। अस्पताल आने के बाद जब उनकी मां को यह बताया गया तो उन्होंने भी कहा- हां, ऋषभ ऐसे ही करता है। मुझे सरप्राइज देते रहता है।

**बिखरे रुपये समेटकर वीडियो बनाते रहे लोग :** ऋषभ पंत की कार का शुक्रवार सुबह रुड़की के नारसन में भयावह एक्सीडेंट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस दौरान कार के परखच्चे उड़ गए। ऋषभ कार से निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण नहीं निकल पा रहे थे। फिर वे वहां से खुद ही किसी तरह बाहर निकले। बताया जा रहा है कि ऋषभ की गाड़ी में करीब तीन से चार लाख रुपए थे। घटना के बाद सारे रुपये सड़क पर बिखरे पड़े थे। वे वहां तड़पते रहे लेकिन इस दौरान कुछ लोग ऋषभ की मदद करने के बजाय नोट अपनी जेबों में भरने और वीडियो बनाने में मशगूल हो गए। हालांकि पुलिस का कहना है कि अस्पताल में शुरूआती इलाज के दौरान स्वयं ऋषभ ने बताया था कि एक सूटकेस के अलावा सारा सामान गाड़ी के साथ जल गया है। मौके से प्राप्त नकदी, ब्रेसलेट और चेन उनकी माता को अस्पताल में ऋषभ के सामने ही सौंप दी गई।

## स्पोर्ट्स

### जिस स्टेडियम में कभी खेले थे पेले, वहीं होगा अंतिम संस्कार, ब्राजील में तीन दिन का राष्ट्रीय शोक



साओ पाउलो। जिस स्टेडियम में ब्राजील के महान फुटबाल खिलाड़ी पेले ने अपने करियर के कुछ सर्वश्रेष्ठ मैच खेले थे, सोमवार और मंगलवार को वहीं, उनका अंतिम संस्कार भी किया जाएगा। पेले सैंटोस क्लब में ब्राजील के लिए खेले थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ब्राजील की जनता साओ पाउलो में महान फुटबॉलर के अंतिम यात्रा में शामिल होंगे और श्रद्धांजलि देंगे। गौरतलब हो कि एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो यानी पेले का गुरुवार को कैंसर की बीमार से निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। उनके निधन पर ब्राजील सरकार ने तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। सैंटोस ने कहा कि तीन बार के विश्व कप चैंपियन का कॉफिन सोमवार सुबह साओ पाउलो में अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल से निकलेगा और मैदान के बीच में रखा जाएगा।

**घर से सामने से गुजरेगा काफिला**

श्रद्धांजलि सभा सोमवार सुबह 10 बजे शुरू होगी और अगले दिन उसी समय समाप्त होगी। पेले का कास्केट सैंटोस की सड़कों से ले जाया जाएगा और उनकी 100 वर्षीय मां, सेलेस्टे के घर के सामने से गुजरेगा। ब्राजीलियाई मीडिया में हाल की रिपोर्टों में कहा गया है कि पेले की मां भी बीमार हैं। वह चल फिर नहीं सकती हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

**Class - VIII**
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

**Classes VI & VII**
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !